हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● रविवार ● 02.08.2026 ● वर्ष : 17 ● अंक : 12 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### केरल में बाढ़ और भूस्खलन का कहर पांच लोगों की मौत

**तिरुवनंतपुरम :** केरल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसके कारण राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। इडुक्की और कोट्टायम जिलों में अलग-अलग स्थानों पर हुए भूस्खलन में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। प्रशासन ने राहत एवं बचाव अभियान तेज कर दिया है इडुक्की और कोट्टायम जिला प्रशासन ने पांच लोगों के मरने की पुष्टि की है। शनिवार को हुई भारी बारिश का सबसे अधिक असर राज्य के मध्य और उत्तरी जिलों में देखने को मिला। रातभर हुई वर्षा के बाद इडुक्की, कोट्टायम और पथानामथिट्टा के पहाड़ी क्षेत्रों में कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ। कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए या मलबे में दब गए, जबकि नदियों का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। कई सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ।

### वाइस एडमिरल एएन प्रमोद बने नौसेना उप प्रमुख

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना में संचालन महानिदेशक रहे वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने शनिवार को नौसेना के उप प्रमुख का पद संभाल लिया। उन्होंने वाइस एडमिरल तरुण सोबती की जगह ली है, जो 38 साल से ज्यादा की बेहतरीन सेवा के बाद 31 जुलाई को रिटायर हुए हैं। नौसेना के मुताबिक नेवल एकेडमी, गोवा के 38वें इंटीग्रेटेड कैडेट कोर्स के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल एएन प्रमोद 01 जुलाई, 1990 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। वह सीएटी 'ए' सी किंग एयर ऑपरेशन्स ऑफिसर और कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर स्पेशलिस्ट हैं। वे डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन और नेवल वॉर कॉलेज, गोवा में नेवल हायर कमांड कोर्स के पूर्व छात्र हैं। 36 वर्षों से अधिक के शानदार करियर में उन्होंने समुद्र और जमीन दोनों जगहों पर कई तरह के कमांड, ऑपरेशनल, इंस्ट्रक्शनल और स्टाफ पदों पर काम किया है।

### बिहार की पूर्व मंत्री मंजू वर्मा को आर्म्स एक्ट में 7 साल की सजा

**पटना :** बेगूसराय कोर्ट से शनिवार को एक बड़ा फैसला सामने आया है। यह मामला बिहार की पूर्व समाज कल्याण मंत्री मंजू वर्मा से जुड़ा है। एमपी एमएलए कोर्ट ने मंजू वर्मा और उनके पति चंद्रशेखर वर्मा को दोषी ठहराया है। आर्म्स एक्ट के इस आठ साल पुराने केस में दोनों को सात-सात साल की सजा मिली है। स्पेशल जज एडीजे टू ब्रजेश कुमार सिंह ने यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दोनों पर पचास-पचास हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर उन्हें एक साल और जेल में बिताना होगा। फैसला आते ही पुलिस ने दोनों को कोर्ट रूम से ही अरेस्ट कर लिया। इसके बाद उन्हें बेगूसराय की मंडल जेल भेज दिया गया है। यह मामला मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड की जांच के दौरान सामने आया था। साल 2018 में मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड बहुत चर्चा में था। इस केस की जांच सीबीआई कर रही थी।

---

### प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश को दी 17,900 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात

# नया एयरपोर्ट बनेगा उत्तर आंध्र के विकास का रनवे व युवाओं का लॉन्चपैड : मोदी




- कोस्टल कॉरिडोर, बंदरगाह और रेलवे परियोजनाओं से बढ़ेगा औद्योगिक विकास
- परियोजनाओं से सड़क, रेल, हवाई और ऊर्जा क्षेत्र को मिलेगी मजबूती
- विशाखापट्टनम में सेमीकंडक्टर, एआई और डेटा सेंटर परियोजनाओं पर जोर
- 'इन्वेस्टमेंट से एम्प्लॉयमेंट' के जरिए रोजगार बढ़ाने पर सरकार का फोकस

एजेंसी

**भोगापुरम :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के भोगापुरम में 17,900 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए कहा कि नया अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा केवल एक एयरपोर्ट नहीं बल्कि उत्तर आंध्र के विकास का 'रनवे' और राज्य के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का 'लॉन्चपैड' है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन आंध्र प्रदेश के विकास और 'स्वर्ण आंध्र' के विजन को साकार करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि करीब 18 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं राज्य की सड़क, हवाई और ऊर्जा अवसंरचना को नई मजबूती देंगी तथा तेज विकास का आधार बनेंगी। उन्होंने इन परियोजनाओं के लिए राज्य के लोगों को बधाई दी। अपने संबोधन की शुरूआत में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम विकास के साथ-साथ संस्कृति के लिहाज से भी ऐतिहासिक रहा। उन्होंने 13 हजार से अधिक आदिवासी महिलाओं और बेटियों द्वारा प्रस्तुत ढिमसा नृत्य की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं बल्कि भारत की विविधता, अनुशासन और जनजातीय परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन था। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तुति ने दिखाया कि किस प्रकार आदिवासी समाज अपनी विरासत को पीढ़ी दर पीढ़ी संजोकर आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, विशेष रूप से आदिवासी महिलाओं और बेटियों का अभिनंदन किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह धरती महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नेता अल्लूरी सीताराम राजू की कर्मभूमि है, जिन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इसी धरती पर उनके नाम से अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की शुरूआत होना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इस हवाई अड्डे से यात्रा करने वाला प्रत्येक व्यक्ति अल्लूरी सीताराम राजू के जीवन से जनसेवा और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा प्राप्त करेगा।

#### पूरा कर्नाटक आपके साथ खड़ा है : शिवकुमार



मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पीएम मोदी से सहयोग की अपील करते हुए कहा, 'पूरा कर्नाटक आपके साथ खड़ा है। हम मिलकर काम करना चाहते हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि हम सभी साथ मिलकर आगे बढ़ें। यह एक महान राज्य है। भारत की प्रगति में कर्नाटक की अहम भूमिका है और कर्नाटक हमेशा आपके साथ रहेगा। आइए, मिलकर इस देश को और गौरवान्वित बनाएं।' डीके शिवकुमार ने कहा, 'मेरे पास कहने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन मुझे केवल पांच मिनट का समय दिया गया है। मैं आपका समय बर्बाद नहीं करना चाहता। प्रधानमंत्री का संदेश देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि आज मुझे गर्व है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री इस महान आयोजन में शामिल होने के लिए यहां आए हैं। यह देश के युवा आंदोलन के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।

---

## मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद ओमान में फंसी प्रीति कुजूर जल्द लौटेंगी झारखंड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** ओमान (मस्कट) में परेशानियों का सामना कर रही सिमडेगा की प्रवासी श्रमिक प्रीति कुजूर के मामले में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा दिए गए निर्देश पर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के श्रमायुक्त कार्यालय के तहत काम कर रहे राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष ने भारतीय दूतावास (मस्कट) के साथ मिलकर बातचीत की और युवती की सुरक्षित घर वापसी पक्की कर ली है। सुश्री प्रीति 1 अगस्त 2026 को भारत के लिए रवाना हो चुकी हैं और 2 अगस्त 2026 को अपने घर झारखंड पहुंच जाएंगी।

सोशल मीडिया पर मामला सामने आते ही मुख्यमंत्री ने इसे बहुत गंभीरता से लिया और राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष को तुरंत मामले को सुलझाने और पीड़ित युवती की सुरक्षित वापसी कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के इस आदेश के बाद नियंत्रण कक्ष ने 23 जून 2026 को तुरंत यह मामला प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रेंट्स, रांची और भारतीय दूतावास को भेजा, जिसके बाद 24 जून को दूतावास ने सुश्री प्रीति से संपर्क किया।

सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर प्रखंड स्थित मरारोमा गंझूटोली के रहने वाले रंतु कुजूर ने अपनी बहन प्रीति कुजूर के बारे में 19 जून 2026 को मदद की गुहार लगाई थी। मार्च 2026 में भारत के एक एजेंट ने उन्हें दुबई में ₹45,000-₹50,000 हर महीने कमाई का लालच देकर विदेश भेजा, लेकिन धोखा देकर ओमान भेज दिया। वहां उनसे सिर्फ ₹23,000-₹25,000 में काम कराया गया। जब उन्होंने भारत लौटने की बात कही, तो कंपनी मालिक ने बहुत सारे पैसों की मांग की और परिवार वालों से ₹1.92 लाख लेने के बाद भी उन्हें वापस नहीं भेजा गया।

कंपनी मालिक 2 साल का ठेका पूरा होने से पहले वापसी के लिए 950 ओमानी रियाल की मांग कर रहा था। नियंत्रण कक्ष ने भारतीय दूतावास को पत्र लिखकर पीड़ित युवती की कमजोर आर्थिक स्थिति की जानकारी दी और पैसों में छूट दिलाने तथा असली कागजात वापस दिलाने का अनुरोध किया। बातचीत से कंपनी मालिक मांगी गई रकम को घटाकर 600 ओमानी रियाल करने पर मान गया। पैसे जमा कराने के बाद मालिक ने प्रीति कुजूर का पासपोर्ट और बाकी सभी असली कागजात लौटा दिए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार देश-विदेश में काम कर रहे अपने श्रमिकों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है।

---

## कुलगाम आतंकी हमला : दूसरे श्रमिक ने भी तोड़ा दम मृतकों के परिजनों को 16-16 लाख रुपये देगी सरकार



एजेंसी

**श्रीनगर :** कुलगाम जिले में शुक्रवार शाम हुए आतंकी हमले में गंभीर रूप से घायल गैर-स्थानीय श्रमिक ने शनिवार तड़के श्रीनगर के अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस हमले में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। दोनों मृतक छत्तीसगढ़ के निवासी थे और कुलगाम के केलम इलाके में एक ईंट-भट्ठे पर कार्यरत थे।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर शाम आतंकियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे गैर-स्थानीय श्रमिकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी थीं। हमले में दीपक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि भूपेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके पेट में गोली लगी थी और उसे तत्काल श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार तड़के उसने भी अंतिम सांस ली। दीपक के सीने में गोली लगी थी।

इस बीच मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए मृतकों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। यह सहायता जिला प्रशासन की ओर से दी जा रही छह-छह लाख रुपये की तत्काल राहत के अतिरिक्त होगी।

---

## शॉट पुट में भारत के हाथ लगे दो मेडल, कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता 30वां पदक

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** भारतीय पैरा एथलीट सोमन राणा (13.40 मीटर) और शुभम जुयाल (13.28 मीटर) ने गोला फेंक स्पर्धा के एफ57 वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। इससे पहले मुक्केबाज जदुमणि सिंह मांदेंगबाम को शनिवार को पुरुषों के 55 किग्रा फाइनल में रजत पदक से संतोष करना पड़ा है। उन्हें फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जे डिक्सन ने हराया। वहीं भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार और जैस्मिन लंबोरिया ने शनिवार को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रीति ने शनिवार को महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में कनाडा की स्कारलेट सवाना डेलगाडो को हराकर गोल्ड मेडल जीता है। भारत का कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में बॉक्सिंग में ये पहला पदक रहा। महिलाओं के 57 किग्रा फाइनल में भारतीय मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया ने माइकेला वॉल्श को हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत का बॉक्सिंग में ये दूसरा मेडल है। ग्लासगो में पुरुषों की ट्रिपल जंप फाइनल में भारत के प्रवीण चित्रवेल ने 16.58 मीटर की अपनी सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि सेल्वा प्रभु थिरुमारन ने 16.52 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

प्रीति पवार ने शनिवार को भारत के पदकों की संख्या को बढ़ाया। उन्होंने 54 किग्रा फाइनल में कनाडा की स्कारलेट सवाना डेलगाडो को हराकर गोल्ड मेडल जीता है। इसके बाद 57 किग्रा फाइनल में भारतीय मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया ने माइकेला वॉल्श को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ट्रिपल जंप में भारतीय एथलीट प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु ने कॉमनवेल्थ गेम्स में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

जदुमणि सिंह मांदेंगबाम को पुरुषों के 55 किग्रा फाइनल में रजत पदक से संतोष करना पड़ा है। भारतीय पैरा एथलीट सोमन राणा (13.40 मीटर) और शुभम जुयाल (13.28 मीटर) ने गोला फेंक स्पर्धा के एफ57 वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है।

---

### प्रधानमंत्री, उनकी मां के लिए अपशब्द कहने वाली किशोरी ने सोशल मीडिया पर मांगी माफी

**नोएडा :** राजधानी नई दिल्ली में जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा हाल ही में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मां को अपशब्द कहने वाली नोएडा के सेक्टर 168 में रह रही एक किशोरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से आज प्रधानमंत्री और देशवासियों से माफी मांगी। इस बच्ची ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उसने कहा कि जंतर मंतर पर आयोजित धरना प्रदर्शन मे वह गई थी। वहां मौजूद तमाम लोग प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का प्रयोग कर रहे थे। भावावेश में आकर उसने भी कुछ अपशब्द कहे जो अत्यंत खराब थे।

---

## रामकृपाल कंस्ट्रक्शन में आयकर सर्वे में 300 करोड़ की अघोषित आय का लगा पता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रामकृपाल कंस्ट्रक्शन व उससे जुड़ी कंपनियों के ठिकानों पर सर्वे के दौरान अब तक 300 करोड़ रुपये की अघोषित आमदनी का पता लगा है। जांच पड़ताल के दौरान मोबाइल में हवाला से संबंधित चैट भी मिले हैं। आयकर विभाग द्वारा 30 जुलाई को शुरू किया गया सर्वे तीसरे दिन भी जारी है।

आयकर विभाग द्वारा जारी सर्वे के दौरान अब तक 300 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता लगाया जा चुका है। एक से दूसरी कंपनी में पैसा ट्रांसफर कर 50 करोड़ रुपये का कैश जेनरेट किया गया है। साथ ही 200 करोड़ रुपये का नकद खर्च दिखाया गया है।

---

## संसद में साधु बन चंदा चोरी का स्वांग रचना पप्पू यादव को पड़ा भारी, एफआईआर दर्ज



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** संसद परिसर में संत वेशभूषा धारण कर किए गए राजनीतिक प्रदर्शन का विरोध अब काशी तक पहुंच गया है। पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालक दास के नेतृत्व में संत समाज के प्रतिनिधिमंडल की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली थाने में सांसद पप्पू यादव, राहुल गांधी समेत प्रदर्शन में शामिल अन्य नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

शनिवार को संत समाज का प्रतिनिधिमंडल कोतवाली थाने पहुंचा और आरोप लगाया कि संसद में संत का वेश धारण कर राम मंदिर के चढ़ावे को लेकर राजनीतिक प्रदर्शन किया गया, जिससे संत समाज की गरिमा को ठेस पहुंची है। संतों का कहना है कि इस कृत्य से करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं।

महंत बालक दास ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन करना सभी का अधिकार है, लेकिन इसके लिए संतों की वेशभूषा और धार्मिक परंपराओं का राजनीतिक मंच पर उपयोग करना अनुचित और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद जैसे सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच पर संत स्वरूप का इस्तेमाल कर पूरे संत समाज की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

तहरीर में मांग की गई कि सांसद पप्पू यादव, राहुल गांधी, डिंपल यादव, अवधेश प्रसाद समेत प्रदर्शन में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए। संत समाज ने कहा कि धार्मिक प्रतीकों और संत परंपरा का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

---

### गृह मंत्री ने एनएसए अजीत डोभाल को लोकमान्य तिलक पुरस्कार से किया सम्मानित, डोभाल के कार्यों को सराहा

# पीएम मोदी के हर एक फैसले के पीछे अजीत डोभाल की भूमिका : शाह

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भारत की विदेश नीति को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रत्येक फैसले के पीछे डोभाल की भूमिका और सलाह रही है। पुणे में एनएसए डोभाल को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार-2026 प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर आधारित नए राष्ट्रवाद की नींव रखी। आज देश उसी मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। अब इससे पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

अमित शाह ने कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहला चयन अजीत डोभाल को ठरअ के रूप में नियुक्त करके किया था। शाह ने कहा, 'एनएसए अजीत डोभाल ने भारत की विदेश नीति को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री मोदी के हर फैसले की पृष्ठभूमि में डोभाल की भूमिका और सलाह रही है।' उन्होंने इंटेलिजेंस ब्यूरो में डोभाल के लंबे करियर की सराहना करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत और आत्मविश्वासी बना है। इस बदलाव में डोभाल ने एक बड़ी भूमिका निभाई है। शाह ने कहा कि अभियानों के खुफिया होने के कारण डोभाल के अधिकतर कार्यों का पूरी तरह से कभी खुलासा नहीं किया जा सकता।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, '2014 में एनएसए बनने के बाद डोभाल ने जमीनी स्तर पर कई रणनीतिक विचारों को लागू करने में मदद की। भारत के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, प्रौद्योगिकी को मजबूत करने, अभियानगत क्षमता बढ़ाने व देश की रक्षा तैयारियों में सुधार करने में प्रमुख भूमिका निभाई।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में भारत के सशस्त्र बलों की रक्षात्मक और आक्रामक दोनों क्षमताओं में मौलिक रूप से बदलाव किया है, जिसमें डोभाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शाह ने तिलक के अद्वितीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके अमर नारे 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा' ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी और स्वतंत्रता सेनानियों की पीढ़ियों को प्रेरित किया।

अमित शाह ने कहा कि इस नारे ने देशवासियों को यह एहसास कराया कि स्वराज उनका अधिकार है, किसी की कृपा या दया का परिणाम नहीं। शाह ने कहा कि तिलक का जीवन और शिक्षा देश के युवाओं को प्रेरित करते रहते हैं। वह राष्ट्र निर्माण में प्रासंगिक बने हुए हैं। उन्होंने कहा, 'लोकमान्य तिलक ने सार्वजनिक गणेशोत्सव के माध्यम से लोगों को एकजुट किया और उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा।

## एक नजर

### एनएच-19 की दनुआ घाटी में हादसों का कहर, एक रात में 9 वाहन टकराए



**चौपारण** : राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित दनुआ घाटी लगातार सड़क दुर्घटनाओं का केंद्र बनती जा रही है। बीते करीब दस दिनों के दौरान यहां दो दर्जन से अधिक वाहन हादसों का शिकार हो चुके हैं। इन दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने यात्रियों और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार की रात दनुआ घाटी में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं लिया। रात करीब 9 बजे पांच वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें दो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निवासी 35 वर्षीय असलम अली तथा उत्तराखंड निवासी 28 वर्षीय सादब के रूप में हुई है। इसके बाद रात करीब 11 बजे दो और वाहनों की टक्कर हुई। वहीं देर रात फिर दो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस तरह एक ही रात में कुल नौ वाहन हादसों का शिकार हो गए। लगातार हुई दुर्घटनाओं के कारण दनुआ घाटी में कई घंटों तक लंबा जाम लगा रहा। सूचना मिलने पर चौपारण थाना एवं चोरदाहा पिकेट की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी रात राहत एवं बचाव कार्य के साथ यातायात बहाल कराने में जुटी रही। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद धीरे-धीरे वाहनों का परिचालन सामान्य हो सका। दनुआ घाटी में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था और स्थायी समाधान को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि यदि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी और दीर्घकालिक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में यह घाटी और भी गंभीर हादसों का कारण बन सकती है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन तथा आवश्यक सुधार कार्य जल्द शुरू करने की मांग की है।

### विधायक के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर



**बड़कागांव** : शिवाडीह नीचे टोला में विगत कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर खराब था। जिससे पूरा मोहल्ला अंधेरे में था। और किसानों को सिंचाई करने एवं बच्चों की पठन-पाठन , बिजली से संबंधित सामग्री का उपयोग करने में काफी कठिनाई हो रही थी। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना विधायक रोशन लाल चौधरी को दी गई। विधायक ने तत्परता दिखाते हुए ट्रांसफार्मर लगवाया। जिसका उद्घाटन आजसू प्रखंड सचिव मनोज दांगी , अजीत प्रसाद एवं वास्तव प्रसाद दांगी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया।ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने को लेकर ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी का आभार जताया।उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर मुख्य रूप से आजसू प्रखंड सचिव मनोज प्रसाद दांगी, समाज सेवी अजीत प्रसाद एवं वास्तव प्रसाद दांगी, ग्राम अध्यक्ष खिरोधर प्रसाद, सचिव वास्तव प्रसाद दांगी, कोषाध्यक्ष मुकुल देव कुमार , डॉ. पवन कुमार , प्रमोद प्रसाद, धनंजय प्रसाद धीरज, मनी महतो, अभिषेक कुमार , करण कुमार, पंचम कुमार, आशीष कुमार, सोहन कुमार, रोशन कुमार, लखेंद्र कुमार , अनुज कुमार , प्रदुम कुमार , त्रिभुवन महतो , नरसिंह सोनी सहित अन्य कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# उपायुक्त समेत जिला के आईएएस अधिकारियों ने सैकड़ों युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के दिए मूलमंत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : जिला पुस्तकालय, हजारीबाग में शनिवार को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के लिए एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त हेमन्त सती, उप विकास आयुक्त रिया सिंह, भारतीय वन के अधिकारी मौन प्रकाश,भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सुश्री पूर्वा अग्रवाल ने "How to Crack Competitive Exams" विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन देते हुए सैकड़ों अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए आवश्यक रणनीतियों से अवगत कराया।

उपायुक्त हेमन्त सती ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता केवल अधिक समय तक पढ़ने से नहीं, बल्कि सही दिशा, नियमित अभ्यास, अनुशासन और निरंतर आत्ममूल्यांकन से प्राप्त होती है। उन्होंने अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम की गहन समझ विकसित करने, अवधारणाओं को मजबूत करने तथा सीमित एवं प्रमाणिक अध्ययन सामग्री का व्यवस्थित उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कोई भी प्रतियोगिता परीक्षा कठिन नहीं होती बस निरंतर ईमानदार प्रयास अनिवार्य होता है। उन्होंने बच्चों से प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान पूछे जाने वाले विभिन्न प्रश्नों तथा उनके विभिन्न अवयवों से अवगत कराया। उन्होंने सभी बच्चों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी दिया। मौके पर मौजूद उपस्थित उप विकास आयुक्त ने भी बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के दौरान समय प्रबंधन, उत्तर लेखन, प्रश्नों को सही ढंग से समझने, तार्किक एवं संतुलित उत्तर प्रस्तुत करने, नियमित मॉक टेस्ट देने तथा पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्रों का विश्लेषण करने के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ना, उसकी मांग को समझना तथा निर्धारित समय के भीतर सटीक एवं स्पष्ट उत्तर लिखने का अभ्यास सफलता की संभावना को बढ़ाता है।

सुश्री पूर्वा अग्रवाल ने अभ्यर्थियों से कहा कि तैयारी के दौरान असफलताओं से निराश होने के बजाय उन्हें सीखने का अवसर मानना चाहिए। उन्होंने सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतरता को सफलता की सबसे बड़ी कुंजी बताते हुए युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित संवादात्मक सत्र में अभ्यर्थियों ने तैयारी की रणनीति, वैकल्पिक विषयों के चयन, अध्ययन की योजना, उत्तर लेखन, साक्षात्कार तथा परीक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका सुश्री पूर्वा अग्रवाल ने अपने अनुभवों के आधार पर विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। उनके व्यावहारिक सुझावों और प्रेरक अनुभवों से उपस्थित छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं एवं युवा उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने आईएएस अधिकारियों से इस प्रकार के प्रेरक एवं मार्गदर्शनपरक कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए जिला प्रशासन एवं जिला पुस्तकालय की पहल की सराहना की। जिला प्रशासन ने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। गौरतलब है कि 15 अगस्त 2026 को जिला पुस्तकालय पूर्ण रूप से विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए सुलभ हो सकेगा। युवाओं के लिए उच्च स्तरीय भवन,बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं वाई-फाई की व्यवस्था की जा रही है। इस कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी कुमारी नीलम,जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार व अन्य मौजूद थे।

## डीएपी खाद की कालाबाजारी पर तुरंत रोक लगाए सरकार : अशोक साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के हजारीबाग जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक साहू ने क्षेत्र में डीएपी खाद की हो रही कालाबाजारी पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए सरकार और स्थानीय प्रशासन से इस पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। किसानों पर दोहरी मार, को लेकर अशोक साहू ने कहा कि वर्तमान में खाद विक्रेता किसानों का शोषण कर रहे हैं। 1500 रुपये की कीमत वाली डीएपी खाद की बोरी किसानों को 2500 रुपये तक में मनमाने दामों पर बेची जा रही है। एक तरफ कीमतें बढ़ाई जा रही हैं, तो दूसरी तरफ बोरी का वजन 50 किलो से घटाकर 45 किलो कर दिया गया है। खाद के महंगे होने और कालाबजारी के कारण किसानों की खेती में लागत मूल्य काफी बढ़ गया है, जिससे किसान लाचार और विवश होकर खेती करने को मजबूर हैं। अशोक साहू ने बताया कि खाद की इस किल्लत और कालाबाजारी से क्षेत्र के किसानों में हाहाकार मचा हुआ है और उनमें भारी आक्रोश व्याप्त है। किसान हमारे अन्नदाता हैं और इस प्रकार उनका शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार और संबंधित विभाग को इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए खाद की कालाबाजारी करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसानों को उचित दर पर खाद मिल सके और उन्हें राहत पहुंचे।

## जर्जर मकान की छत गिरने से 15 वर्षीय मनीषा की मौत, परिवार ने की डीसी से मुआवजे की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही प्रखंड के ग्राम बराटांड़ में जर्जर मकान की अलबेस्टर की छत गिरने से एक 15 वर्षीय बच्ची की आकस्मिक मौत हो गई। घटना 22 जुलाई 2026 की बताई जा रही है। मृतका की पहचान मनीषा कुमारी उर्फ काबिल, पिता बबलू राम, माता सुनीता देवी के रूप में हुई है।

घटना के बाद परिवार और स्थानीय लोगों ने उपायुक्त हजारीबाग को आवेदन देकर आपदा राहत कोष से मुआवजा राशि देने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि पीड़ित परिवार काफी गरीब है और परिवार में करीब 16 सदस्य हैं। आवास और रहने की बदहाली को लेकर परिवार मुखिया से लेकर सांसद तक गुहार लगा चुका है, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई। लापरवाही का नतीजा यह हुआ कि एक मासूम बच्ची की जान चली गई।

आवेदनकताओं एआईएमआई एम बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास, प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान अली, मनोज रविदास ने डीसी से मांग की है कि इस गरीब लाचार परिवार को आपदा राहत कोष या अन्य सरकारी योजनाओं से तत्काल सहयोग कर न्याय दिलाया जाए। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि प्रखंड क्षेत्र में ऐसे जर्जर मकानों की जांच कराकर जरूरतमंदों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाएं न हों।

## हनुमान सेवा संस्थान के तत्वावधान में 17 दिवसीय धार्मिक यात्रा का शुभारंभ, श्रद्धालुओं से भरी बस रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : हनुमान सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित 17 दिवसीय धार्मिक यात्रा का शुभारंभ शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर से हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से भरी बस को स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, सामाजिक कार्यकर्ता शिवा निषाद, संजय केशरी व रंजीत मालाकार ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु वैष्णो देवी, विंध्याचल, प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, वृंदावन, मथुरा, हरियाणा, पंजाब, खाटू श्याम एवं चित्रकूट सहित देश के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक तीर्थस्थलों के दर्शन करेंगे। बस रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई। सामाजिक कार्यकर्ता शिवा निषाद ने धार्मिक नारों के बीच श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। यात्रा के आयोजक रंजीत मालाकार ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन कराना, भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना तथा लोगों में धार्मिक एवं सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना है। मौके पर शिवा निषाद, संजय केशरी, रंजीत मालाकार, जितेंद्र मालाकार, दीपक मालाकार, राजू राणा, सुनील कुमार, रोहित पासवान, अनिल केशरी, पप्पू केशरी, विजय मालाकार एवं भोला मालाकार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## हजारीबाग प्रमंडलीय आयुक्त ने बरवाडीह मेगालिथ का किया अवलोकन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव हजारीबाग प्रमंडल के आयुक्त विजय कुमार गुप्ता शनिवार को अपने परिवार के साथ बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह स्थित ऐतिहासिक मेगालिथ स्थल पहुंचे। यह उनका निजी दौरा था। इस दौरान उन्होंने मेगालिथ स्थल का भ्रमण कर इसके ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं संस्कृति की महत्व की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मौके पर बड़कागांव के अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने मेगालिथ के संरक्षण एवं विकास से संबंधित कार्यों की जानकारी आयुक्त को दी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान आयुक्त विजय कुमार गुप्ता ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर क्षेत्र की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि यहां के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या है तथा रोजगार के प्रमुख साधन कौन-कौन से हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र के अधिकांश लोग कृषि पर निर्भर हैं। आयुक्त ने क्षेत्र में संचालित कोयला कंपनियों की गतिविधियों की भी जानकारी ली और विकास एवं रोजगार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर मेगालिथ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि बरवाडीह का मेगालिथ स्थल प्राचीन सभ्यता एवं पूर्वजों की संस्कृति की विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यहां स्थापित विशाल पत्थर मानव सभ्यता के प्रारंभिक काल की सामाजिक एवं धार्मिक परंपराओं के साक्ष्य माने जाते हैं। यह स्थल इतिहास, पुरातत्व एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# परीक्षाओं में धांधली एवं अनियमितताओं के विरोध में भाजपा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के लगभग सात वर्षों के कार्यकाल के दौरान आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में सामने आई कथित अनियमितताओं, पेपर लीक, अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में आज भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग के प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त हजारीबाग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य में जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल, उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा सहित अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। बार-बार पेपर लीक, परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव तथा कथित रूप से सीटों की खरीद-फरोख्त जैसी घटनाओं ने लाखों युवाओं का विश्वास तोड़ा है। इससे मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है और राज्य की भर्ती व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हुए हैं।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल से इन सभी मामलों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा भविष्य में भर्ती परीक्षाओं को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। साथ ही राज्य के युवाओं के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें न्याय दिलाने की मांग भी की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुणाल दुबे जी ने किया , मुख्य रूप से कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक यादव, जिला मंत्री इंद्र नारायण कुशवाहा, रेणुका साहू, कार्यालय मंत्री विवेक सिंह, एसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र बिहारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय, जिला मंत्री निरंजन मेहता, अनिल मेहता, मंडल अध्यक्ष कुलदीप कृष्णा तरुण कसेरा, राजेश चंद्रवंशी, राजेश यादव, विकास गुप्ता, राजेश ठाकुर, विनोद ओझा, चंदन सिहं ,कटकमसांडी पश्चिमी विधायक प्रतिनिधि सुमन राय, दारू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि दिलीप साहू , गोविन्द यादव, दीपक मेहता,नरेश साहू, कामेश्वर रविदास, बिरजू रवि , दिलीप कुमार सहित भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय खापिया में शिक्षकों का घोर अभाव, 111 बच्चों को पढ़ाने के लिए सिर्फ 2 पारा शिक्षक



**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड के नजदीकी ग्राम पंचायत बुंडू स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय खापिया में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। यहां पहली से आठवीं तक कुल 111 बच्चे नामांकित हैं, लेकिन उन्हें पढ़ाने के लिए सिर्फ 2 शिक्षक ही उपलब्ध हैं। और वो भी दोनों पारा शिक्षक बताए जा रहे हैं। स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है। अभिभावकों का आरोप है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस विद्यालय में अविलंब सरकारी शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। अभिभावकों ने कहा कि श्हम गरीबों के बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल रही है। एक शिक्षक ऑफिस के काम में व्यस्त रहते हैं और एक शिक्षिका को कक्षा 1 से 8 तक के सभी बच्चों को संभालना पड़ता है। इससे बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। इस संबंध में विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि उन्होंने कई बार विभाग को पत्र लिखकर शिक्षकों की मांग की है, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। शिक्षकों ने जिला शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि इस सुदूरवर्ती क्षेत्र के विद्यालय में जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति की जाए ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार ग्रामीण और गरीब बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीरता दिखाए, ताकि गांव, प्रखंड और देश का नाम रोशन हो सके।

### विद्यालय में इंटर हाउस इंग्लिश स्पीच प्रतियोगिता का सफल हुआ आयोजन




**बरही**: डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस इंग्लिश स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय "Importance of Time" (समय का महत्व) था। विद्यार्थियों ने समय के सदुपयोग, अनुशासन तथा जीवन में समय के महत्व पर प्रभावशाली और आत्मविश्वासपूर्ण भाषण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 5अ के अभिराज सोनी (विवेकानंद हाउस) ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर विजेता का स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3अ की स्वास्तिका प्रजापति (दयानंद हाउस) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम उपविजेता का स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा 5इ की श्रेया राज (हंसराज हाउस) द्वितीय उपविजेता रहीं। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा पर पकड़, आत्मविश्वास, सार्वजनिक वक्तृत्व कला तथा समय के महत्व के प्रति जागरूकता विकसित करती हैं। उन्होंने विजेताओं को शुभकामनाएँ देते हुए सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी उत्साह और लगन के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### चौपारण सीएचसी में तबादले से बदले समीकरण नई व्यवस्था की उम्मीद



**चौपारण** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण में लंबे समय से चर्चा का विषय रहे प्रशासनिक माहौल के बीच बड़ा बदलाव सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग ने सीएचसी में पदस्थापित डॉ. धर्मनाथ ठाकुर और डॉ. फरहाना महफुज का स्थानांतरण कर दिया है। दोनों चिकित्सकों के तबादले के बाद अस्पताल कर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच इस बदलाव को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। जानकारी के अनुसार, सीएचसी में पिछले काफी समय से चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के बीच आपसी मतभेद और समन्वय की कमी की चर्चा होती रही थी। हालांकि इन मतभेदों के कारणों को लेकर अलग-अलग दावे किए जाते रहे हैं और इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में दोनों चिकित्सकों के स्थानांतरण को अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अस्पताल के कई कर्मियों का मानना है कि इस बदलाव के बाद कार्यस्थल का माहौल अधिक सकारात्मक होगा तथा सभी चिकित्सक और कर्मचारी बेहतर तालमेल के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। उनका कहना है कि आपसी समन्वय मजबूत होने से मरीजों को भी स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ मिलेगा। सीएचसी चौपारण आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में अस्पताल की कार्यप्रणाली और चिकित्सकीय व्यवस्था में सुधार का सीधा लाभ मरीजों को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि नए चिकित्सकों की पदस्थापना के बाद अस्पताल में सेवा व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सकेगा। दोनों चिकित्सकों के स्थानांतरण के बाद अब सभी की निगाहें स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाने वाली नई पदस्थापना और अस्पताल की आगामी कार्यप्रणाली पर टिकी हैं।

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर बड़कागांव थाना प्रभारी ने किया जब्त



**बड़कागांव**: बड़कागांव पुलिस ने हजारीबाग पथ के लिखलाही घाटी टीपी-5 के समीप अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध बड़कागांव थाना कांड संख्या 135/26 धारा 317(2) बीएनएस 4/54 जेएमएमसी रूल, 9/ 13 झारखंड खनिज खनन एवं परिवहन पर रोक, 15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत अज्ञात ट्रैक्टर मालिक एवं चालक पर मामला दर्ज की गई है। दर्ज मामले पर ट्रैक्टर मालिक एवं चालक की तलाशी की जा रही है। छापेमारी में जमादार बसंत भगत सहित सशक्त पुलिस बल के जवान शामिल थे। थाना प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि पूरे झारखंड में बालू खनन पर एनजीटी लगा हुआ है बावजूद बिना चालान के बालू परिवहन की जाएगी तो आवश्यक कार्वाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक पुलिस कस्टडी से फरार

**रांची** : चोरी और साजिश के आरोप में गिरफ्तार 21 वर्षीय मो. असफाक अंसारी पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। घटना के बाद खेलगांव थाना में हड़कंप मच गया। पुलिस आरोपित की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, हिरासत में रहने के दौरान मो. असफाक अंसारी ने बाथरूम जाने की अनुमति मांगी। काफी देर तक उसके बाहर नहीं आने पर पुलिसकर्मियों ने बाथरूम का दरवाजा खोला, लेकिन वह वहां नहीं मिला। प्रारंभिक आशंका है कि आरोपित बाथरूम के वेंटिलेटर के रास्ते फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने थाना परिसर और आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस संभावित ठिकानों पर भी छापेमारी कर रही है। खेलगांव थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने शनिवार को बताया कि फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लेगी। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### डोरंडा में बोन थेरेपी एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा सेवा शुरू

**रांची** : श्री राम भरत मिलाप समिति, डोरंडा बाजार स्थित कार्यालय में शनिवार को बोन थेरेपी एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने की। इस अवसर पर रोहित शारदा ने कहा कि भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में बोन थेरेपी और एक्यूप्रेशर का लंबे समय से उपयोग होता आ रहा है। समिति का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को सहज, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि यह सेवा प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार को अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजे तक तथा रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक समिति कार्यालय में उपलब्ध रहेगी। उन्होंने लोगों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। चिकित्सा सेवा का संचालन गौतम राठी की देखरेख में किया जाएगा। इस मौके पर बोन थेरेपी एवं एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ उमेश प्रसाद गुप्ता और गौरीशंकर का स्वागत किया गया। समिति ने बताया कि दोनों विशेषज्ञ आगे भी नियमित रूप से अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम का संचालन समिति की महामंत्री नम्रता सोनी ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम दास ने किया।

### रांची विश्वविद्यालय में मनाया गया 'नेशनल केमिस्ट्री डे'

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शनिवार को 'नेशनल केमिस्ट्री डे' उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने सभी शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को नेशनल केमिस्ट्री डे की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय रसायन विज्ञान के जनक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे (पीसी रे) के योगदान को याद किया। उन्होंने घोषणा की कि रांची विश्वविद्यालय की ओर से प्रत्येक वर्ष आचार्य पीसी रे के नाम पर शोध कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए चार रिसर्च फेलोशिप प्रदान की जाएंगी। भारतीय रसायन विज्ञान के जनक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे के जन्मदिवस 2 अगस्त को प्रतिवर्ष नेशनल केमिस्ट्री डे मनाया जाता है। इस वर्ष दो अगस्त को रविवार होने के कारण विश्वविद्यालय ने एक दिन पूर्व, 1 अगस्त को ही कार्यक्रम का आयोजन किया।

# सावन की पहली सोमवारी को लेकर रांची में हाई अलर्ट, सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था चाक-चौबंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर राजधानी रांची में लाखों श्रद्धालुओं के पहाड़ी मंदिर और अन्य प्रमुख शिवालयों में पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस और जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की तैयारी की है। विशेष रूप से कांवर पथ और प्रमुख मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।



रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने शनिवार को बताया कि शहर में करीब 500 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) से लेकर थाना प्रभारियों तक सभी अधिकारी सुबह से सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पहाड़ी मंदिर सहित प्रमुख शिवालयों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा चुकी है और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

एसएसपी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए भीड़ प्रबंधन को मजबूत किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

श्रावण मास की पहली सोमवारी पर बड़ी संख्या में कांवरियों के नामकुम स्थित स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर पहाड़ी मंदिर पहुंचने की परंपरा को देखते हुए पूरे कांवर मार्ग पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और मंदिर परिसर के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बाइक पेट्रोलिंग टीमों को लगातार गश्त करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से चौबीसों घंटे निगरानी की जाएगी। इसके लिए अलग से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारियों का मानना है कि पहली सोमवारी होने के कारण सामान्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ उमड़ेगी। ऐसे में मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रित रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचाव के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

भीड़ का फायदा उठाकर सक्रिय होने वाले पॉकेटमारों, चेन स्नैचरों और मोबाइल चोरों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने विशेष रणनीति बनाई है। प्रमुख मंदिरों में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों को सादे लिबास में तैनात किया जाएगा, जो भीड़ के बीच रहकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं से अपील की है कि वे जलाभिषेक के दौरान भारी आभूषण पहनकर न आएं तथा मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान साथ लाने से यथासंभव बचें।

श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए पहाड़ी मंदिर के आसपास विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू रहेगी। रविवार रात 12 बजे के बाद हरमू रोड और रातू रोड से भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। हरमू रोड के एक हिस्से तथा रातू रोड पर मीनाक्षी सिनेमा गली से आगे तक यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया जाएगा। भीड़ कम होने तक यह व्यवस्था प्रभावी रहेगी। यातायात प्रबंधन के लिए करीब 20 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है।

उधर, सावन की पहली सोमवारी पर राज्यभर के प्रमुख शिवालयों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों में हाई अलर्ट जारी किया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को प्रमुख मंदिरों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं।

## संजय सिन्हा की माता का निधन नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ के संस्थापक सदस्य एवं उपाध्यक्ष विक्रेता सुशील सिन्हा की माता व संघ के संरक्षक, साकेत नगर (हिंदपीढ़ी) निवासी संजय सिन्हा की पूज्य माता कमला सिन्हा का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। अपने पीछे वह तीन पुत्र, एक पुत्री, तीन पोतियां, नाती-नातिन सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

उनका अंतिम संस्कार ताप्ती घाट पर पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा एवं अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक, मीडिया, मंडल रोड के विक्रेता संघ सदस्य, व्यवसायी मित्र तथा विभिन्न पत्र संस्थानों से जुड़े लोग



शामिल हुए।

सभी ने दिवंगत कमला सिन्हा की सर्वशक्तिमान ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ की ओर से नरेंद्र राय, ओम कुमार साहू, नागेश पांडेय, उदय सिंह, बृजराज, सुदर्शन राय, नीरज कुमार सहित अन्य सदस्य अंतिम संस्कार में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 8 अगस्त को मनाया जाएगा 'सखुआ महोत्सव', लगाए जाएंगे 10 हजार पौधे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची नगर निगम की ओर से आगामी 08 अगस्त को 'सखुआ महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के तहत राजधानी के निगम क्षेत्र में 10 हजार सखुआ सहित महुआ, पलाश, कुसुम और डाहू समेत विभिन्न देशज प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही शहर के सभी वार्डों में एक माह तक चरणबद्ध तरीके से पौधारोपण एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर शनिवार को नगर निगम सभागार में महापौर रोशनी खलखो की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उपमहापौर नीरज कुमार, सभी



वार्ड पार्षद तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान आयोजन की रूपरेखा, पौधारोपण अभियान और अन्य तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के बाद महापौर रोशनी खलखो ने बताया कि इस वर्ष सखुआ महोत्सव को व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों, वार्ड पार्षदों और समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि सामूहिक प्रयास से अधिकाधिक स्थानों पर पौधारोपण किया जा सके। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य झारखंड की जैव विविधता का संरक्षण, हरित आवरण का विस्तार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।

## जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती विवाद : आठवें दिन भी जारी रहा छात्रों का आंदोलन, राजनीतिक दलों से बनाई दूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में अभ्यर्थियों का आंदोलन शनिवार को आठवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को आंदोलन के दौरान राजनीतिक हस्तक्षेप को लेकर हुए विवाद के बाद छात्रों ने धरना स्थल बदलने का फैसला किया और राजनीतिक दलों से स्पष्ट दूरी बना ली।

दरअसल, शुक्रवार को धरना स्थल पर कुछ छात्र नेताओं और विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं ने मंच से संबोधित करने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों और नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद अभ्यर्थियों ने स्पष्ट कर दिया कि यह



आंदोलन पूरी तरह छात्रों का है और किसी भी राजनीतिक दल या नेता को मंच साझा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

घटना के बाद अधिकांश अभ्यर्थियों ने पुराना धरना स्थल छोड़कर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के दूसरे गेट के पास नया धरना स्थल बनाने का निर्णय लिया। हालांकि प्रशासन ने फिलहाल वहां टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी है। प्रशासन का कहना है कि संबंधित स्थान के लिए अभी अनुमति जारी नहीं हुई है, इसलिए वहां अस्थायी ढांचा लगाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

अनुमति नहीं मिलने के कारण अभ्यर्थी फिलहाल जमीन पर दरी बिछाकर तेज धूप में ही धरने पर बैठे हैं। इसके बावजूद उनका प्रदर्शन लगातार जारी है। आंदोलन में शामिल छात्रों का कहना है कि उन्हें किसी भी नेता से आर्थिक या अन्य प्रकार की सहायता की आवश्यकता नहीं है। उनका कहना है कि यदि कोई नैतिक समर्थन देना चाहता है तो उसका स्वागत है, लेकिन आंदोलन का संचालन और मंच पूरी तरह छात्रों के हाथ में ही रहेगा। उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जेपीएससी और जेएसएससी में कथित अनियमितताओं के खिलाफ उठी आवाज को किसी राजनीतिक दल का आंदोलन न कहा जाए।

धरने के दौरान भोजन की व्यवस्था भी अभ्यर्थी स्वयं कर रहे हैं। छात्र आपस में सहयोग राशि एकत्र कर भोजन का प्रबंध कर रहे हैं, जबकि आंदोलन का समर्थन करने वाले कई लोग ऑनलाइन माध्यम से भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर, रिम्स रेफर

**मांडर** : मांडर थाना क्षेत्र के करगे गांव में शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान करगे गांव निवासी 28 वर्षीय गोपाल मुंडा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि गोपाल मुंडा बाइक से मांडर से अपने घर लौट रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी बाइक से टकरा गई। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, हादसे में गोपाल मुंडा के सिर पर गंभीर चोट लगी है।

## रांची में फिर गरजा बुलडोजर, ढहा दिए गए कई घर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची नगर निगम की ओर से करमटोली तालाब के निकट स्थित 51 डिसमिल सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए शुक्रवार को विशेष अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित 15 अस्थायी संरचनाओं को हटाते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया

बता दें कि उक्त भूमि पर निवासरत 12 पात्र परिवारों को पूर्व में ही ईस्ट जेल रोड स्थित बिरसा आवास योजना के अंतर्गत स्थायी आवास आवंटित किया जा चुका था। इसके बावजूद वे आवंटित आवास में स्थानांतरित नहीं हुए और सरकारी भूमि पर ही रह रहे थे। निगम द्वारा उन्हें कई बार नोटिस जारी किए गए। सार्वजनिक उद्घोषणा (अनाउंसमेंट) के माध्यम से भी



निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवास में स्थानांतरित होने की सूचना दी गई थी, किंतु उनके द्वारा सरकारी भूमि खाली नहीं की गई। वहीं, शेष 5 परिवारों को भी बिरसा आवास योजना के तहत आवास आवंटन हेतु लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कई बार नोटिस व सूचना उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन उन्होंने इसमें रुचि नहीं दिखाई और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर निवासरत रहे। इस अभियान के दौरान इन परिवारों को भी बिरसा आवास में स्थानांतरित होने का अवसर देते हुए फ्लैट की चाबी उपलब्ध कराई गई। लेकिन, उन्होंने चाबी लेने से इनकार कर दिया।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अपर नगर आयुक्त संजय कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित परिवारों से बातचीत कर उन्हें उनके आवंटित आवासों में जल्द स्थानांतरित होने का निर्देश दिया। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने और सार्वजनिक परिसंपत्तियों के संरक्षण के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

कांटाटोली बस स्टैंड के पास नगर निगम की जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंची रांची नगर निगम की टीम को शुक्रवार को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। अपर नगर आयुक्त संजय कुमार की अगुवाई में नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम जेसीबी मशीन के साथ एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर के निर्माण के लिए चिन्हित जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी। लेकिन, जैसे ही निगम की टीम पहुंची। वहां स्थानीय लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया और कार्रवाई के विरोध में सड़क पर ही बैठ गए। इस दौरान स्थानीय लोगों का कहना था कि वे पिछले 40-40 वर्षों से वहां रह रहे हैं और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के उन्हें हटाना उचित नहीं है। लोगों ने निगम अधिकारियों से पहले पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की।

इस मामले में नगर निगम के अपर नगर आयुक्त संजय कुमार ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और बताया कि यह सरकारी जमीन है और सार्वजनिक परियोजना के लिए इसे खाली कराना आवश्यक है, लेकिन लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। उन्होंने लोगों से यह भी कहा कि फिलहाल उन्हें ट्रेनिंग सेंटर के पास शिफ्ट किया जाएगा। लेकिन, वे मानने को तैयार नहीं हुए। मौके पर वार्ड संख्या 13 के पार्षद पवन तिर्की भी मौजूद थे। इस दौरान उनकी अपर नगर आयुक्त के साथ हल्की नोक-झोंक भी हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के 12 जिलों में 5 अगस्त को भारी बारिश का येलो अलर्ट




**रांची** : झारखंड के 12 जिलों में पांच अगस्त को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, प्रभावित क्षेत्रों में गर्जन, आकाशीय बिजली और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पूर्वी झारखंड के देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों के साथ-साथ मध्यवर्ती क्षेत्र के हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो और धनबाद में भारी बारिश की संभावना है। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड हुआ। इस अवधि में सबसे अधिक 23.6 मिलीमीटर वर्षा दुमका जिले के महारो में दर्ज की गई। शनिवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए और बीच-बीच में हल्की धूप भी निकली। इससे दिन में हल्की गर्मी और उमस महसूस की गई।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में रिटायरमेंट प्लानिंग पर कार्यशाला आयोजित



**रांची** : रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में शनिवार को रिटायरमेंट प्लानिंग विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन प्रोफेसर (डॉ.) रमण बल्लभ ने शिक्षकों को सेवानिवृत्ति से पूर्व विवेकपूर्ण निवेश और वित्तीय योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। डॉ. रमण बल्लभ ने कहा कि समय के साथ परिस्थितियां बदल रही हैं और जीवन-यापन का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में सही समय पर सही निवेश करना भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर रहने के लिए समय रहते योजनाबद्ध निवेश की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को निवेश के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि आज महिलाएं वित्तीय प्रबंधन और निवेश के प्रति पहले की तुलना में अधिक जागरूक हो रही हैं। विद्यालय की निदेशक-सह-प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि सुखद और सुरक्षित भविष्य के लिए प्रारंभिक दौर से ही बचत की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बचत, सही वित्तीय जानकारी और समय पर लिया गया निवेश संबंधी निर्णय भविष्य में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला में विद्यालय के बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया और रिटायरमेंट प्लानिंग से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की।

### परमहंस सदानंद महाराज के 82वें जन्मोत्सव पर गौ सेवा से सेवा कार्यों का शुभारंभ



**रांची** : परमहंस सदानंद महाराज के 82वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रणामी ट्रस्ट की ओर से शनिवार को पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर परिसर में गौ सेवा के साथ विभिन्न सेवा कार्यों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गौशाला में विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गौ पूजन कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गौमाता को हरी घास, चारा, रोटी और खिचड़ी का भोग अर्पित कर गौ सेवा की। साथ ही प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में रांची निवासी शशि भूषण सिंह और उनकी पत्नी वीणा सिंह यजमान के रूप में शामिल हुए। पूरा कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। प्रणामी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि गुरुजी के सानिध्य में वर्तमान में देशभर में 113 गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है, जहां 80 हजार से अधिक गौवंश का संरक्षण और पालन-पोषण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परमहंस सदानंद महाराज का 82वां भव्य जन्मोत्सव 2 अगस्त को श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग में मनाया जाएगा। इस अवसर पर वस्त्र वितरण, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, भजन-कीर्तन, मेहर सागर पाठ, सत्संग और महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, राम अवतार नारसरिया, प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, ओम प्रकाश गाड़ोदिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### शिव शिष्य परिवार की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न, 550 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**रांची** : शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में शिव शिष्यता की पृष्ठभूमि, व्याप्ति एवं प्रयोजन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अग्रसेन भवन, रांची में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। इसके पश्चात महागुरु महादेव तथा साहब श्री हरीन्द्रानंद जी एवं दीदी नीलम आनंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती बरखा आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि शिव शिष्यता की पृष्ठभूमि स्वानुभूतियों की एक दीर्घ एवं अकथ्य यात्रा है। उन्होंने बताया कि बाल्यकाल से ही साहब श्री हरीन्द्रानंद जी के मन में अपने आसपास घटित होने वाली घटनाओं के पीछे छिपे अज्ञात सूत्रधार को जानने की तीव्र जिज्ञासा थी। इसी जिज्ञासा ने उन्हें आध्यात्मिक सत्य की खोज के मार्ग पर अग्रसर किया। उन्होंने कहा कि लगभग चौदह वर्षों तक विभिन्न शरीरी गुरुओं, तांत्रिकों एवं अघोर साधकों के संपर्क में रहने के बावजूद उनके मन को संतोष नहीं मिला। अंततः वर्ष 1974 में उन्होंने भगवान शिव को अपना गुरु स्वीकार किया। इसके बाद उनके जीवन में घटित आध्यात्मिक अनुभूतियों ने उन्हें प्रत्येक व्यक्ति को अध्यात्म में आई संकीर्णताओं से मुक्त कर शिव का शिष्य बनने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिया। वर्ष 1980 के दशक से शिव शिष्यता का विस्तार निरंतर बढ़ता गया। श्री अर्चित आनंद ने कहा कि भारतीय संस्कृति के कण-कण में भगवान शिव का वास है।

# कोडरमा ओडीएफ प्लस 5-स्टार उपलब्धि में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत अभियान निदेशक एवं संयुक्त सचिव-सह-संयुक्त निदेशक रंजीता हेम्ब्रम ने कोडरमा जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिले की 71 प्रतिशत ओडीएफ प्लस 5-स्टार उपलब्धि की सराहना करते हुए अगस्त माह के भीतर शेष गांवों को भी ओडीएफ प्लस 5-स्टार घोषित कराने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।




### राज्य औसत से बेहतर कोडरमा का प्रदर्शन

बैठक में बताया गया कि राज्य में ओडीएफ प्लस 5-स्टार गांवों की औसत उपलब्धि करीब 33 प्रतिशत है, जबकि कोडरमा जिले ने 71 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर राज्य के अग्रणी जिलों में अपनी पहचान बनाई है।

अभियान निदेशक ने पंचायत राज, ग्रामीण विकास एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) के कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया।

उन्होंने ग्रामीणों को व्यक्तिगत शौचालयों के नियमित उपयोग और रखरखाव के प्रति जागरूक करने तथा शौचालय से वंचित परिवारों को निर्माण के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। साथ ही ओडीएफ प्लस 5-स्टार गांवों के प्रथम एवं द्वितीय स्तर के सत्यापन कार्य में तेजी लाने को कहा।

### स्वच्छता योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश

रंजीता हेम्ब्रम ने एसएलडब्ल्यूएम के तहत निर्मित परिसंपत्तियों को लगातार कार्यशील बनाए रखने तथा आगामी ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

उन्होंने एसडब्ल्यूएम नियम-2026 के अनुरूप ग्राम स्तर पर आवश्यक स्वच्छता सुविधाएं विकसित करने और अधिकारियों को नियमित रूप से गांवों का भ्रमण कर जमीनी स्थिति का आकलन करने पर भी जोर दिया।

समीक्षा बैठक के बाद ग्रामीणों एवं जल सहियाओं के साथ स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान घरों और प्रतिष्ठानों में गीले एवं सूखे कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण, स्वच्छता परिसंपत्तियों के बेहतर उपयोग तथा गांवों को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में जनभागीदारी बढ़ाने की अपील की गई।

## एक नजर

### पत्रकार पर खबर जानलेवा हमला

**कोडरमा :** जिला के नवलशाही थाना क्षेत्र के भीमेडीह निवासी रतन कुमार साव पिता नारायण साव न्यूज स्टार भारत चैनल के कोडरमा ब्यूरो एवं जे जे पए डोमचांच प्रखंड इकाई के कोषाध्यक्ष ने नवलशाही थाना में आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है आवेदन में कहा गया कि मैं सूचना मिलने के दौरान 1 अगस्त 2026 को करीब 8:15 बजे प्रातः खरखार पहुंच उस वक्त दो पक्षों में मारपीट गाली गलौज हो रहा था मैं खबर संकलन के उद्देश्य से अपने मोबाइल के कैमरे से फोटो एवं वीडियो कैद करने लगा इस वक्त विक्की विश्वकर्मा पिता पप्पू विश्वकर्मा एवं राजेश विश्वकर्मा पिता रामेश्वर विश्वकर्मा अचानक मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर दिया तथा पप्पू विश्वकर्मा दीपक विश्वकर्मा दोनों के पिता स्वर्गीय राजेश्वर विश्वकर्मा मेरा मोबाइल छीन कर पटक दिया तथा विक्की विश्वकर्मा फोटो और वीडियो डिलीट कर दिया।

### रोटरी बाल विद्यालय में योग प्रशिक्षिका सोना शर्मा ने बच्चों के बीच बांटी शैक्षणिक सामग्री

**झुमरी तिलैया :** रोटरी क्लब कोडरमा द्वारा संचालित रोटरी बाल विद्यालय में शनिवार को दुमका से आई योग प्रशिक्षिका सोना शर्मा ने विद्यालय के सैकड़ों छोटे-छोटे बच्चों के बीच बिस्किट, टॉफी, स्केच पेन सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब कोडरमा के अध्यक्ष नवीन आर्य एवं पूर्व अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने उनका स्वागत किया। सोना शर्मा अग्रसेन भवन में रोटरी क्लब कोडरमा द्वारा आयोजित चार दिवसीय योग शिविर में प्रशिक्षण देने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आई हैं। विद्यालय पहुंचने पर उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि रोटरी क्लब कोडरमा स्वास्थ्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों से चल रहे योग शिविर का लाभ बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष उठा रहे हैं तथा योग प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। नियमित योग करने से व्यक्ति अनेक बीमारियों से दूर रहता है। विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों के बीच आकर उन्हें बेहद खुशी हुई। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षकों की मेहनत और विद्यालय की व्यवस्था प्रशंसनीय है, जिसके लिए रोटरी क्लब कोडरमा बधाई का पात्र है।

### भाकपा माले के जन संगठन झामस के जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**डोमचांच :** झामस के जिला स्तरीय बैठक महेशपुर चौक डॉ भुनेश्वर ठाकुर के घर पर झामस जिला सचिव राजेंद्र मेहता के अध्यक्षता में संपन्न बैठक में मुख्य रूप से माले कोडरमा जिला प्रभारी सीताराम सिंह व जिला सचिव मोहम्मद इब्राहिम उपस्थित थे बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी ने कहा भाजपा के केंद्र की मोदी सरकार छात्र नौजवानों के आंदोलन से पीछे हटकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा और अभी जो पार्लियामेंट चल का सत्र चल रहा है प्रधानमंत्री और गृहमंत्री उसी आंदोलन से घबरा कर पार्लियामेंट से नदारत है जबकि मानसून सत्र चल रहा है गांव ग्रामीण स्तर पर मजदूरों को बड़े पैमाने पर झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा (झामस) का सदस्य बनना है ।

# कोडरमा की पंचायतों को तम्बाकू मुक्त बनाने की पहल, जनप्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड सभागार, कोडरमा में प्रखंड स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति, छापमार दस्ता तथा सदर प्रखंड के सभी मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों की बैठक-सह-प्रशिक्षण आयोजित की गई। कार्यक्रम में तम्बाकू मुक्त पंचायतों के निर्माण और कोटपा कानून के प्रभावी अनुपालन पर विशेष जोर दिया गया।



प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोडरमा मोनाजिर हसन ने राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रखंड में संचालित गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित कुमार मिश्रा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सदर प्रखंड की सभी ग्राम पंचायतों को तम्बाकू मुक्त बनाना है। इसके लिए सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 तथा कोटपा (झारखंड संशोधन) अधिनियम, 2021 का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तम्बाकू मुक्त बनाने की अपील की।

अंचल अधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपने प्रतिष्ठानों में नो स्मोकिंग एरिया का सूचना-पट्ट अनिवार्य रूप से लगाने को कहा। उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं करने पर संशोधित प्रावधानों के तहत जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही खुली सिगरेट की बिक्री और खाद्य पदार्थों के साथ तम्बाकू उत्पाद बेचने पर भी नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी।

जिला परामर्शी, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम दीपेश कुमार ने कोटपा (झारखंड संशोधन) अधिनियम, 2021 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी कार्यालय, न्यायालय, विद्यालय और अस्पताल के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पादों का सेवन या थूकना प्रतिबंधित है। नियमों के उल्लंघन पर 1,000 रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में प्रखंड प्रमुख सुषमा देवी ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मियों को आजीवन तम्बाकू का सेवन नहीं करने तथा समाज को तम्बाकू मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल की दो छात्राओं ने आईआईटी में पाई सफलता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल की दो मेधावी छात्राओं ने देश की प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।



विद्यालय की छात्रा सार्यातिका मोदी, माता श्रीमती बीना देवी, निवासी झुमरी तिलैया, ने बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही पहले ही प्रयास में जेईई मेन्स एवं जेईई एडवांस्ड परीक्षा उत्कृष्ट रैंक के साथ सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। अपनी शानदार उपलब्धि के बल पर उन्होंने आईआईटी कानपुर में प्रवेश प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता ने विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है।

इसी क्रम में विद्यालय की एक अन्य प्रतिभाशाली छात्रा अंकिता साहा, पिता श्री राजेश साव, निवासी नवलसाही, ने अपने दूसरे प्रयास में जेईई मेन्स एवं जेईई एडवांस्ड दोनों परीक्षाएँ सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर आईआईटी मंडी (हिमाचल प्रदेश) में प्रवेश प्राप्त किया है। उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प ने यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

विद्यालय के निदेशक अनिल कुमार, प्राचार्य राधेश्याम पंडित एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दोनों छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों छात्राएँ भविष्य में भी अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट कार्यों से देश, समाज तथा विद्यालय का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसी का परिणाम है कि विद्यालय के विद्यार्थी लगातार जेईई, मेडिकल एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर उच्च शिक्षण संस्थानों में अपना स्थान बना रहे हैं।

# जीपीडीपी निर्माण को लेकर पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत जयनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) निर्माण को लेकर आयोजित पंचायत सहजकर्ता दल (जीपीएफटी) का प्रशिक्षण शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।




24 जुलाई से शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड के सभी पंचायतों के कुल 138 जीपीएफटी सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायती राज विभाग के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार, लक्ष्मण यादव एवं सीएसओ नुनेश्वर यादव ने प्रतिभागियों को जीपीडीपी निर्माण की प्रक्रिया, योजना चयन, जनभागीदारी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने में पंचायत सहजकर्ता दल की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी सदस्य अपने-अपने पंचायतों में आगामी वित्तीय वर्ष की जीपीडीपी को अधिक प्रभावी, सहभागी एवं विकासोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी प्रशिक्षित सदस्य गांवों में बेहतर योजना निर्माण सुनिश्चित करेंगे।

प्रशिक्षण समापन अवसर पर प्रखंड समन्वयक विवेक कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# मरकच्चो में जीपीडीपी 2026-27 को लेकर जीपीएफटी टीम के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) 2026-27 के प्रभावी और सहभागी निर्माण के उद्देश्य से ग्राम पंचायत फैसिलिटेशन टीम (जीपीएफटी) के द्वितीय बैच का द्वि-दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को प्रखंड सभागार मरकच्चो में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का संचालन ब्लॉक रिसोर्स टीम (बीआरटी) द्वारा किया गया। टीम में शशि कुमार यादव (प्रखंड समन्वयक, मरकच्चो), बादल दास (सहायक अभियंता) और नीता कुमारी (मुखिया एवं मास्टर ट्रेनर) शामिल रहे।




द्वितीय बैच के प्रशिक्षण में मरकच्चो उत्तरी, मरकच्चो दक्षिणी, मरकच्चो मध्य, नावाडीह, डगरनवां, मुर्कमनाय, देवीपुर और कादोडीह ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत फैसिलिटेशन टीम के सदस्यों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की चरणबद्ध प्रक्रिया, 16वें वित्त आयोग के दिशा-निर्देश, ग्राम सभा की भूमिका, सहभागी योजना निर्माण, पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई), विकास स्थिति रिपोर्ट (डीएसआर), संसाधन मानचित्रण, विभिन्न विभागीय योजनाओं के अभिसरण और ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर योजना प्रविष्टि सहित कई महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।

प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो हुलास महतो भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना स्थानीय आवश्यकताओं, जनभागीदारी और पारदर्शिता पर आधारित होनी चाहिए।

उन्होंने सभी जीपीएफटी सदस्यों से ग्राम सभाओं को सक्रिय बनाने, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण जीपीडीपी तैयार करने तथा पंचायतों के समग्र एवं सतत विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक अभ्यास, समूह चर्चा और प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने पंचायतों में प्रशिक्षण का प्रभावी उपयोग करते हुए बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की अपील की गई।

# चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन स्कीम 2024 पर आधारित विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में कोडरमा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, के तत्वावधान में नालसा (चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन स्कीम, 2024) पर आधारित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन पीएम श्री परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, कोडरमा में किया गया। कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष रमाकान्त मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की प्रभारी सचिव प्रज्ञा बाजपेयी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही कल के भविष्य है तथा उन्हें अवसर मिलने पर कभी भी पीछे नहीं रहना चाहिए बल्कि अपनी प्रतिभा को उभारना चाहिए। उन्होंने वहां उपस्थित सभी बच्चो को बाल विवाह नहीं करने की नसीहत देते हुए बच्चो से यह अपील की कि सभी को एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने का संकल्प लेना चाहिए तथा उस लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि सभी बच्चों को कानूनी रूप से जागरूक होकर अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करने में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बच्चो को शिक्षा के साथ साथ चरित्र की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की सलाह दी ताकि स्वच्छ एवं अपराध मुक्त समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने बच्चों को मन लगा कर पढ़ने एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश की सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की नसीहत दी। अपने संबोधन में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि बच्चो के अधिकारों के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा कई कानून बनाये गए है जिसका अनुपालन कर बच्चो का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। शिविर को संबोधित करते हुए एल ए डी सी एस के अधिवक्ता नवल किशोर ने कहा कि अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यो का सामंजस्य स्थापित किया जाना आवश्यक है तभी सभी के अधिकारों का संरक्षण किया जा सकता है। एल ए डी सी एस की अधिवक्ता किरण कुमारी ने कहा कि यदि किसी के साथ कोई घटना घटित होती है तो जहाँ एक ओर दोषी व्यक्ति को न्यायालय द्वारा सजा दी जाती है, वहीं दूसरी ओर पीड़ित व्यक्ति को सरकार द्वारा मुआवजा दिए जाने का प्रावधान पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत किया गया है। इसके अलावा पोक्सो के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य रूपा सामंता ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक एवं कानूनी अपराध है और कानून में इसके लिए कठोर दंड के प्रावधान है। अतिथियों का स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश सिन्हा ने कहा कि समय समय पर इस प्रकार की कानूनी जागरूकता का आयोजन विद्यालय की छात्राओं के लिए काफी लाभकारी साबित होगा।



## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने में जनप्रतिनिधियों और जल सहियाओं की भूमिका अहम : रंजीता हेम्ब्रम



**कोडरमा :** बिरसा सांस्कृतिक भवन में शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत अभियान निदेशक रंजीता हेम्ब्रम की अध्यक्षता में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जल सहियाओं और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ग्रामीण स्वच्छता, व्यवहार परिवर्तन, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। रंजीता हेम्ब्रम ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी से सफल होने वाला जन-आंदोलन है। उन्होंने जल सहियाओं से गांव-गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वयं सहायता समूहों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के माध्यम से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए भस्मक यंत्र (इंसीनरेटर) लगाने, श्रावण माह में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने, सभी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के नियमित उपयोग सुनिश्चित करने और विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। अभियान निदेशक ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) को मजबूत बनाने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का प्रभावी पालन करने और एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने अगस्त माह तक जिले के सभी गांवों को ओडीएफ प्लस 5-स्टार श्रेणी में शामिल करने के लिए मिशन मोड में कार्य करने को कहा। कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जल सहिया, वार्ड सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कोडरमा की शिक्षा व्यवस्था बचाने की मुहिम को मिला कांग्रेस नेताओं का समर्थन



**कोडरमा :** शिक्षा व शैक्षणिक संस्थान बचाओ,छात्रों-नौजवानों का भविष्य बचाओ, कोडरमा बचाओ अभियान के तहत जे.जे. कॉलेज सहित कोडरमा जिले के तमाम डिग्री कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय (इग्व), हजारीबाग से हटाकर गिरिडीह से संबद्ध किए जाने के विरोध में शनिवार को जे जे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति कोडरमा का एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची स्थित कांके आवास पर कांके विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी के कोडरमा जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने समिति के अध्यक्ष महेश भारती एवं सह सचिव मो. अली शाद भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय परिवर्तन से कोडरमा जिले के हजारों छात्र-छात्राओं के समक्ष उच्च शिक्षा, आर्थिक बोझ, आवागमन तथा भविष्य को लेकर गंभीर समस्याएं उत्पन्न होंगी। जिस पर विधायक सुरेश बैठा ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वे झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में शून्यकाल के दौरान इस महत्वपूर्ण जनहित एवं छात्रहित के मुद्दे को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि कोडरमा जिले के डिग्री कॉलेजों की संबद्धता विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में ही बनी रहे। इसी क्रम में प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस पार्टी के राज्य प्रवक्ता एवं कोडरमा निवासी मो. शकील अंसारी से भी मुलाकात की। उन्होंने भी कोडरमा की शिक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए इस छात्र आंदोलन के प्रति अपना पूर्ण समर्थन देने तथा पार्टी स्तर पर इस मुद्दे को विधानसभा में प्रभावी ढंग से उठवाने का आश्वासन दिया। वहीं जे.जे. कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या संगठन का नहीं, बल्कि कोडरमा जिले के लाखों छात्रों, अभिभावकों एवं युवाओं के भविष्य की लड़ाई है। समिति ने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से इस जनहित के अभियान में आगे आकर सहयोग देने की अपील की।

### आंगनबाड़ी में 6 छह माह से उधार लेकर पोषाहार चला रही है सेविकाएं

**झुमरीतिलैया :** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला कमिटी की बैठक मंगलवार को चिल्ड्रेन पार्क में जिलाध्यक्ष संतोषी देवी की अध्यक्षता में हुई। संचालन कोडरमा प्रखंड सचिव सुषमा देवी ने की। बैठक में पिछले छह माह से पोषाहार राशि नहीं मिलने पर सेविकाओं ने रोष व्यक्त किया। मालूम हो कि उधार लेकर सेविकाएं आंगनबाड़ी बच्चों को खाना खिला रही है। अब दुकानदार ने उधार देना बंद कर दिया है। इस परिस्थिति में निर्णय लिया गया कि अगर एक सप्ताह के अंदर पूरे 6 माह का भुगतान नहीं हुआ तो 10 अगस्त से आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का पोषाहार बंद कर दिया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि एक तरफ महंगाई से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। ऐसे में छह महीने से पोषाहार राशि नहीं मिला है। अब दुकानदारों ने उधार देने से मना कर दिया है। आंगनबाड़ी में बच्चों को भोजन बंद करना पड़ सकता है। अंडा का दाम 10 रुपया हो गया है। जबकि सरकारी दर 6 रुपया ही है। वह भी उधार लेकर बच्चों को खिलाना पड़ रहा है। अगर एक सप्ताह के अंदर बकाया पोषाहार और मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो 10 अगस्त से आंगनबाड़ी में बच्चों का पोषाहार बंद करने पर सेविकाएं मजबूर हो जाएंगी। जिसकी सारी जवाबदेही समाज कल्याण विभाग की होगी। केन्द्र सरकार ने लेबर कोड लागू कर मजदूरों के संघर्ष के अधिकार को कमजोर करने की कोशिश किया है, लेकिन मजदूर वर्ग का संघर्ष और तेज होगा। प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि एक तरफ बाजार में सभी चीजों का दाम आसमान छू रहा है। दूसरी तरफ आंगनबाड़ी सेविकाओं को पांच साल पुराना दर पर सामग्री खरीदने के लिए कहा जाता है। केन्द्र सरकार ने पिछले 9 सालों में मानदेय में एक रूपया की भी बढ़ोतरी नहीं किया है। जबकि कई गुना ज्यादा काम का बोझ बढ़ा दिया है। बैठक में संतोषी देवी, सुषमा देवी, रानी कुमारी, संध्या वर्णवाल, रेखा रजक, संध्या कुमारी, बिमला कुमारी, रीना सिन्हा, सुनीता देवी, रीना देवी, संगीता देवी, मंजु देवी, बबीता देवी, पिंकी कुमारी, आशा देवी, कांती देवी, दीपा देवी, शीला देवी, प्रमीला देवी, अनिता देवी, गायत्री देवी, पुष्पा देवी, अंजनी देवी आदि मौजूद थी।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**चांडिल :** तिरुलडीह थाना क्षेत्र के चानो गांव के समीप शनिवार को रेल दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना तिरुलडीह और बकारकुड़ी रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे पोल संख्या 318/15 एवं 319/15 के बीच की बताई जा रही है। मृतक की पहचान चानो गांव निवासी लगभग 50 वर्षीय मंगल सिंह मुंडा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही तिरुलडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षत-विक्षत अवस्था में मिले शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने प्रारंभिक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों के अनुसार मंगल सिंह मुंडा पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। हालांकि, पुलिस मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मौत के कारणों को लेकर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक प्रतिनिधि ने विभिन्न स्कूलों का किया निरीक्षण



**पटमदा :** पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के हर विद्यालय में उपस्थित होकर विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने विद्यालय के समस्याओं से अवगत हो कर समाधान करने का आश्वासन दिया। जैसे विद्यालय भवन, शौचालय, शिक्षकों के कमी, विद्यालय तक पहुंच पथ ।उन्होंने चौरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में उपस्थित निरीक्षण के दौरान जर्जर विद्यालय भवन,शौचालय, विज्ञान शिक्षक के कमी से अवगत होते हुए भवन को तत्काल मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया ।इस दौरान शिक्षकों से भी कई मुद्दे पर चर्चा की।

# कपाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई : मुठभेड़ से पहले हथियारबंद अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में पुलिस को 31 जुलाई की शाम करीब 8बज के आस पास गुप्त सूचना मिली कि पुड़ीसिली के पास दो युवक स्कूटी पर हथियार लेकर घूम रहे हैं और किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल शिव प्रकाश कुमार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने पुड़ीसिली स्थित महतो होटल के समीप घेराबंदी की। पुलिस वाहन को देखते ही दोनों संदिग्ध भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुड्डू उर्फ राकेश गोस्वामी, निवासी निर्मलनगर दोमुहानी विलासबस्ती, थाना सोनारी, जमशेदपुर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद की गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कपाली ओपी कांड संख्या 105/26 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ सोनारी, घोड़ाबांधा और कपाली थाना क्षेत्रों में हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और मारपीट जैसे कई गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। इस सफल अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव प्रकाश कुमार ने किया। अभियान में कपाली ओपी प्रभारी अविनाश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक हसनैन अंसारी तथा कपाली ओपी के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## जेपीएससी-जेएसएससी पेपर लीक की उच्चस्तरीय जांच हो : आदिवासी छात्र संघ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** जेपीएससी,जेएससीसी पेपर लीक का मामला है तो झारखण्ड राज्य एकमात्र उदाहरण नहीं है ।देश के अनेक राज्यों में अनेक बार पेपर लीक हुई है लेकिन भाजपा विद्यार्थी परिषद के छात्र कोई विरोध नहीं किये। बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास के समय भी गड़बड़ी हुई है लेकिन कोई विरोध नहीं हुआ। भाजपा शासित राज्यों में कोई विरोध नहीं। आदिवासी छात्र संघ संस्थापित सदस्यों की माँग है कि उच्चस्तरीय जाँच हो और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

राज्य गठन के 26 वर्ष बाद भी राज्य की डोमिसाइल नीति नहीं बन पाई, इसकी जिम्मेवारी केन्द्र सरकार है। माँग है कि 1932 का खतियान लागू हो और नियुक्ति में पारदर्शिता हो। राज्य में छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति की राशि दो वर्षों से केन्द्र सरकार अपने पास ही रोककर रखा है ताकि हेमन्त सरकार बदनाम हो। राँची विश्वविद्यालय राँची में एक षड्यंत्र के तहत जनजातीय भाषा को हटाया जा रहा है। नामांकन के पोर्टल को बन्द कर दिया गया ।अनुसूचित क्षेत्रों में कलस्टर प्रणाली बन्द किया जाय और पूर्व की भाँति भाषा की पढ़ाई हो। आगामी दिनांक 9 अगस्त को आदिवासी छात्र संघ के तत्वाधान में विशाल विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा। राँची कॉलेज राँची के फुटबॉल मैदान में समारोह का आयोजन होगा। मुख्यअतिथि माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी होंगे तथा विशिष्ट अतिथि आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा जी होंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी भव्यरूप आयोजन होगा। आज की संवाददाता सम्मेलन में मुख्यरूप से डॉक्टर सुशील कुमार मिंज, जतरू उराँव, सुरेश टोप्पो, दया राम, अमृत मुण्डा, अखिलेश पाहन, सुजीत भगत,सुभाष मुण्डा, सुनील सोरेन, महावीर उराँव एवं प्यारू उरांव मौजूद थे।

## 41 वर्षों की शैक्षणिक सेवा पर डॉ. अमर कुमार चौधरी का नागरिक अभिनंदन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** रांची विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अमर कुमार चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को गोंदलीपोखर में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके 41 वर्षों के लंबे शैक्षणिक योगदान पर चर्चा की गई। बताया गया कि रांची विश्वविद्यालय और जेटीयू में 8 वर्षों तक रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत रहे। समारोह में पूर्व भाजपा के जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद एक नए अध्याय की शुरूआत होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमालय चौधरी ने की तथा मंच संचालन अजय महतो व राजू महतो ने किया। इस अवसर पर डॉ. रीझू नायक, मनोज कुमार चौधरी, बीरेंद्र भोगता, मंटू चौधरी, रामकृष्ण चौधरी, सुरेंद्र महतो, सुनील महतो, साहेबराम महतो, अजय भोगता, रामेश्वर महतो, कारीनाथ महतो, शिव दास गोस्वामी, ब्रजेश महतो, शिवशंकर केसरी, सुरेश महतो, अजित महतो, राजू महतो, राजेन्द्र महतो, रूपलाल साहू, धनेनाथ महतो, सिकंदर अंसारी, धनेश्वर महतो और गयासुद्दीन अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बोड़ाम के धोबनी टोला बोडदोहों में मलेरिया का प्रकोप एक की मौत के बाद विभाग ने लगाया शिविर



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के कुइयानी पंचायत के धोबनी टोला बोडदोहों में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आर के सिंह, डॉ सौरभ मल्लिक की उपस्थिति में मलेरिया जांच कैंप लगाया गया। इस दौरान कुल 178 ग्रामीणों की जांच की गई। जिसमें 8 पीएफ,एक पीभी कुल नौ पूजेटिभ पाया गया। इस दौरान लगातार रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण क्षेत्र ने जल जमाव की स्थिति बन रही हैं। ग्रामीणों क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कई साल से मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण बंद है। जिस कारण मलेरिया प्रभावित क्षेत्र में लोग बिना मच्छदानी के सोने को बाध्य हैं। विभाग के द्वारा मच्छर नाशक, ब्लीचिंग का छिड़काव भी बंद है। वही पहाड़ी और जंगली क्षेत्र होने के कारण मच्छर के प्रभाव से मलेरिया का प्रकोप बढ़ता दिख रहा हैं। बता दे कि पांच वर्षीय एक बच्ची की मौत और चार मरीजों को एमजीएम अस्पताल में शुक्रवार भर्ती करवाया गया था ।अभियान में डॉ आर के सिंह, डॉ सौरभ मल्लिक, किरण, पूर्णिमा, कुमारी, जनमेजय महतो, निर्मल महतो, उत्तम मल्लिक, सहिया साथी आदि उपस्थित थे।

### रथ यात्रा भव्य रूप से संपन्न होने पर हरि साधना आश्रम दगड़ीगोडा में समीक्षा बैठक संपन्न



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के दोगड़ीगोड़ा स्थित हरि साधना आश्रम में जगन्नाथ मंदिर कमेटी का समीक्षा बैठक गिरजा प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में पहली बार भव्य रूप से निकाली गई रथ यात्रा पूरी तरह सफल होने पर कमेटी ने स्थानीय प्रशासन, बिजली विभाग, समाजसेवी, ग्रामीण व कमेटी के वोलेंटियर के प्रति आभार व्यक्त किया है। कमेटी के अध्यक्ष गिरजा प्रसाद मिश्रा ने कहा कि रथ यात्रा को भव्य रूप से सफल बनाने में इन सभी लोगों का सराहनीय योगदान रहा है। ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो ने कहा कि सभी लोगों का इस तरह सहयोग मिलने से अगले साल और भी बेहतर ढंग से रथ यात्रा निकाला जाएगा। कमेटी के महिला वोलेंटियर सोनाली मिश्रा ने कहा कि इस साल कम उम्र के लड़के को भी वॉलेंटियर बनाया गया था। जिसमें रथ को खींचने में परेशानी हुई। रथ खींचने के दौरान कुछ महिला वॉलेंटियर के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया था। इसके लिए उन्होंने अफसोस जताया है। उन्होंने अगले साल 25 वर्ष से अधिक आयु वाले लड़कों को ही वोलेंटियर बनाने की आग्रह किया। बैठक में अगले साल रथ यात्रा निकालने से पहले तक जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कार्य को पूरा करने , पेयजल के लिए मौसीबाड़ी में एक चापाकल लगवाने आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में गिरजा प्रसाद मिश्रा, मृत्युंजय महतो, प्रदीप कुमार महतो, संदीप मिश्रा, कृपासिंधु महतो, भीष्मनाथ महतो, श्रीमंत मिश्रा,जामिनी प्रमाणिक, बासुदेव मिश्रा, हाराधन घोषाल, पंचानन मिश्रा, प्रेमचांद महतो, खांदु सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### पटमदा में खाद-बीज दुकानों पर छापा, अनियमितता पर चार प्रतिष्ठानों को नोटिस

**पटमदा :** जिला उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम के आदेशानुसार, जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर पटमदा प्रखंड के बाजार अंतर्गत आने वाले विभिन्न खाद बीज दुकानों, लैम्पस में गठित टीम द्वारा अनुज्ञप्ति प्राप्त उर्वरक एवं बीज दुकानों का सघन जांच किया गया। पटमदा लैम्पस, गोबरघुशी लैम्पस, मां पार्वती बीज भंडार बेल्टांड बिरसा चौक और हरेकृष्ण बीज भंडार बेल्टांड का जाँच कर कारण बताओ नोटिस दी गई। गोबरघुशी लैम्पस, मां पार्वती बीज भंडार को छोड़कर बाकी दुकानों में अनियमिताएं पाई गई। इन दुकानों को अंचल कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस दिया गया। सघन जाँच आगे भी जारी रहेगी। गौरतलब हो कि सरकार द्वारा यूरिया की कीमत 266 .5 और डीएपी की कीमत 1350 प्रति बैग सरकार द्वारा की गई है। गठित टीम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास, प्रखंड कृषि पदाधिकारी देव कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक अभय कुमार, बीटीएम सालगे सोरेन,एटीएम जितेंद्र रुहिदास आदि उपास्थि थे।

## जाति, आय और निवास प्रमाणपत्र में पारदर्शिता पर जोर, वीएलई को दिए सख्त निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के उधवा प्रखंड सभागार कक्ष में शनिवार को अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने मुखिया एवं सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बीडीओ जयंत कुमार तिवारी भी मौजूद रहें। बैठक का मुख्य उद्देश्य जाति,आय और आवासीय प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल,पारदर्शी और समयबद्ध बनाने को लेकर हुआ। बैठक में अंचलाधिकारी ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों को सख्त निर्देश दिया कि आम जनता से प्रमाण पत्र बनवाने के दौरान पारदर्शी करने की बात कही। ऑनलाइन आवेदन में गलत या अधूरी जानकारी भरने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने कहा कि सरकार की मंशा है कि योग्य लाभुकों को समय पर प्रमाण पत्र मिलें। उन्होंने निर्देश दिया कि दस्तावेज नहीं होने की स्थिति में वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची आवेदकों को बताई जाए। ताकि उन्हें बार-बार अंचल का चक्कर न लगाना पड़े। मौके पर अंचल निरीक्षक हैदर अली, राजस्व कर्मचारी लक्ष्मी कुमार साहा, मुखिया प्रतिनिधि यासिन शेख, उदय मंडल,तमाल मंडल, वीएलई ताजेरूल हक, अब्दुल, महबूब आलम, जमीरुल हक सहित अन्य मौजूद थे।

## आत्मबोध से जुड़ी है जीवन की अर्थपूर्णता : डॉ मयंक मुरारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** लेखक एवं चिंतक डॉ. मयंक मुरारी ने अमिटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव से शिष्टाचार भेंट कर अपनी चर्चित पुस्तक 'जीवन के अर्थ की खोज' भेंट की। इस अवसर पर पुस्तक में उठाए गए जीवन, शिक्षा, व्यक्तित्व निर्माण और मानवीय मूल्यों से जुड़े विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का वास्तविक व्यक्तित्व उसके व्यवहार और आचरण से निर्मित होता है। समाज में हमारी पहचान हमारे व्यवहार से बनती है। उन्होंने कहा कि जीवन में आत्मनिरीक्षण का विशेष महत्व है। जब व्यक्ति अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का प्रयास करता है, तभी उसका व्यक्तित्व परिपक्व होता है। चर्चा के दौरान डॉ. मयंक मुरारी ने अपनी पुस्तक के मूल विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के भौतिकतावादी समय में जीवन के अर्थ की खोज केवल दार्शनिक विमर्श नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मबोध की यात्रा है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण होना चाहिए जो समाज के प्रति उत्तरदायी और नैतिक मूल्यों से संपन्न हो। बैठक में अमिटी विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं, उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, शोध तथा समाजोपयोगी गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श हुआ। प्रो. श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के अपने संकल्प और समाज के साथ अकादमिक संस्थानों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। इस अवसर पर मिनी टूल के प्राचार्य एम. के. गुप्ता भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आज लोग आलोचना को नकारात्मक दृष्टि से देखते हैं, जबकि रचनात्मक आलोचना व्यक्ति के आत्ममूल्यांकन का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह हमारी कमियों को उजागर कर उन्हें दूर करने की दिशा दिखाती है और निरंतर आत्मविकास की प्रेरणा देती है। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# जितपुर खनन परियोजना में रोजगार की नई राह 15 प्रतिभागियों का एलएमवी ड्राइविंग प्रशिक्षण शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गोड्डा :** जितपुर खनन परियोजना क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए टेरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड और अदाणी फाउंडेशन ने 15 स्थानीय युवाओं को एक माह के एलएमवी (लाइट मोटर व्हीकल) ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए गोड्डा स्थित दीक्षित ऑटो ड्राइविंग सेंटर भेजा है। प्रशिक्षण में 13 युवक एवं 2 युवतियां शामिल हैं, जिन्हें व्यावसायिक ड्राइविंग का प्रशिक्षण देकर भविष्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत पहाड़पुर की पंचायत प्रधान मेरी मार्गरेट ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कौशल विकास युवाओं के भविष्य को संवारने का सबसे प्रभावी माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके आर्थिक सशक्तिकरण में भी अहम भूमिका निभाएंगे। एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सुरक्षित एवं व्यावसायिक ड्राइविंग, सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों तथा व्यवहारिक प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी जाएगी ।प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रतिभागियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना प्रमुख रितेश कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कंपनी का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और क्षेत्र में स्थायी आजीविका के अवसर विकसित करना है। जितपुर खनन परियोजना के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं आजीविका संवर्धन से जुड़े अनेक कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। एलएमवी ड्राइविंग प्रशिक्षण की यह पहल भी उसी श्रृंखला का हिस्सा है, जो स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के साथ-साथ क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,लोहरदगा।**

पुनः अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –04/2026–27(तृतीय प्रकाशन)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या–03/2026–27 दिनांक– 15.07.2026 में पर्याप्त निविदाएँ प्राप्त नहीं होने के कारण लोहरदगा जिला में मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट उपलब्ध कराने हेतु जाल के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा।

1. निविदादाता का नाम – जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह – मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
2. अग्रधन राशि – मो0 **11000/-** (मो0 ग्यारह हजार रू0 मात्र)। (क्र0 – 01 में वर्णित नाम से बोकारो में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट)
3. मत्स्य बीज उत्पादको को फ्राई कैचिंग नेट – अधिकतम मो0 **2000/-**.(दो हजार) रू0 का फ्राई कैचिंग नेट परिवहन व्यय सहित।
4. परिमाण विपत्र का मूल्य – मो0 **5100/-** (मो0 पॉच हजार एक सौ रू0) मात्र।
5. परिमाण विपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि – विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से **11-08-2026** के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक।
6. निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय – दिनांक **11-08-2026** को समय **11:30** बजे पूर्वाह्न तक।
7. निविदा खोलने का स्थान – उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में।
8. निविदा खोलने की तिथि एंव समय – दिनांक **11-08-2026** को समय **12:15** बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें https://lohardaga.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 386462 Lohardaga(26-27)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/26/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC Road from Sirasita Chouk to Chandandih Anganbari Centre (Chalatoka Chouk) at ward no-14 Nagar Panchayat Area, Block Latehar. | 5,66,100 | 11500 | 1250 | 2 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 01.08.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.08.2026 से दिनांक 15.08.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –17.08.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
12. कार्य हेतु आवश्यक लघु खनिजों का क्रय खनन विभाग द्वारा अनुज्ञा प्राप्त पट्टेदारों से ई–परिवहन चालान के माध्यम से करना होगा तथा संबंधित खनन पदाधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरान्त ही विपत्रों का भुगतान किया जायेगा। अन्यथा चालान के बिना संवेदको को भुगतान नहीं किया जायेगा।
13. विभाग द्वारा आवंटन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में भी संवेदको द्वारा निर्माण कार्य को अवरूद्ध नही किया जायेगा, आवंटन प्राप्त होने पर ही संवेदको को भुगतान किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 386407 Rural Development (26-27)_D

## हाई कोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी के व्यापक अर्थ

पत्रकारिता का संबंध जन सरोकारों से है। पत्रकारिता लोकहित का माध्यम है। पत्रकारिता राष्ट्र के तीनों आयामों कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका को सत्य, न्याय और पारदर्शी बनाने की प्रमुख भूमिका में होती है। तभी इसे राष्ट्र का चौथा स्तम्भ माना गया है। निरंकुश राजनीति पर प्रहार करती है। मानवीय मूल्यों की तरफदारी करती है पत्रकारिता। समाज मेँ पत्रकारिता से नया वातावरण सृजित होता है। हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। पत्रकारिता जगत को आत्ममंथन करना चाहिए। जुलाई माह में दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गिरीश कठपालिया की टिप्पणी के गहन और व्यापक अर्थ हैं। न्यायाधीश ने कहा कि मोबाइल और माइक लेकर घूमने वाला प्रत्येक व्यक्ति खुद को पत्रकार बताने लगा है। प्रेस की स्वतंत्रता जरूरी है लेकिन गैरजिम्मेदार पत्रकारिता से डराना-धमकाना बर्दाश्त नहीं होगा। न्यायाधीश की यह चिंता सही है। मोबाइल के आने के बाद अच्छी-बुरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार बढ़ा है। अच्छी वे खबरें जो जन सरोकारों से जुड़ी हों। राष्ट्र समाज के संवर्धन की हों। राष्ट्र समाज प्रथम की कार्रवाई से जुड़ी हर खबर अच्छी मानी जाएगी। बुरी खबरें वे हैं जिससे समाज टूटता हो। समाज विघटित होता हो। राष्ट्र की कानून-व्यवस्था को खतरा हो। डेढ़-दो दशक से करोड़ों सूचनाएं हैं। यह सूचनाएं व्यक्ति के मस्तिष्क को मथती हैं। व्यक्ति को तनाव में ले जाती हैं। हिंसक बनातीं हैं। हिंसा की ओर प्रेरित करने वाली होती हैं। कई बार लोग आत्महत्या तक कर लेते हैं। शुभता वाली सूचनाओं का अभाव है। सनसनी फैलाती खबरें समाज के लिए लाभदायक नहीं होती। अशुभ सूचनाओं की लोकप्रियता है। समाचार माध्यमों और पत्रिकाओं को व्यक्ति के लिए परामर्श वाले लेख लिखने पड़ रहे हैं कि तनाव में न रहें लोग। हरियाली वाले क्षेत्रों में पार्कों में घूमने जाएं। संगीत का आनंद लें। स्वस्थ रहें, मस्त रहें। करें योग रहे निरोग का स्मरण भी कराना पड़ रहा है। वीडियो जारी करने पड़ते हैं कि अमुक कार्य करने से तनाव हटता-घटता है। इसकी मुख्य वजह है बुरी सूचनाओं का आग की तरह भारी फैलाव। प्रत्यक्ष अपराध के मामलों की तरह अप्रत्यक्ष अपराध बढ़े हैं। हिंसा बढ़ी है। बैंकों में जमा धन खाताधारकों की बिना जानकारी के निकल जाता है। इसे साइबर क्राइम कहा गया है। इसको लेकर सरकार ने मोबाइल फोन के रिंगटोन में भी सतर्क रहने के संदेश डाले हैं। अज्ञात व्यक्तियों और मोबाइल नंबरों से दूरी बनाए रखने के भी संदेश हैं। मोबाइल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाएं आती हैं। समझना जरूरी है कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई घटना नहीं होती। दोनों पक्ष दूर होते हैं। अज्ञात होते हैं। स्त्री या किसी काल्पनिक अपराध में संलिप्त बताकर व्यक्ति को डरा-धमका कर बैंक खातों में धन हस्तांतरित करा लिया जाता है। अश्लीलता का सहारा लेकर अपराध बढ़े हैं। स्त्रियों के विरुद्ध और स्त्रियों के द्वारा भी अपराधों को किया जा रहा है। इस पूरे सिस्टम में वीडियो, ऑडियो, रिकार्डिंग को लेकर चित्रों तक से ब्लैकमेलिंग का जोरदार खेल चल रहा है। जब तक पीड़ितों की शिकायतें पुलिस तक जाती हैं तब तक देर हो चुकी होती है। तथाकथित पत्रकारों द्वारा खबर चलाने की धमकी दी जाती है, आंशिक खबरें डालकर बुलाया जाता है, पीछा किया जाता है। तथाकथित पत्रकारों द्वारा किसी अच्छे काम को पल भर में मिथ्या आरोपी अपराधी करार दिया जाता है। इस तरह पत्रकारिता का चेहरा वीभत्स बनाए जाने में बड़ी संख्या में तथाकथित मोबाइल, माइकधारी जुटे हैं। हमें यह स्मरण रखना होगा कि भारत और भारत के बाहर भी हमारे पूर्वजों ने पत्रकारिता को गुलामी, शोषण, अत्याचार के विरुद्ध हथियार बनाया। सबसे बड़े पत्रकार महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध इंडियन ओपिनियन नामक समाचार पत्र निकाला था। बाद में यंग इंडिया, हरिजन, हरिजन सेवक, नवजीवन समाचार पत्रों ने गांधीजी को आकाश जैसी ऊंचाई दी। भारत में डॉ आंबेडकर ने मूकनायक, तिलक ने केसरी समाचार पत्र का संपादन किया था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने 30 मई 1826 को कलकत्ता (कोलकाता) से हिंदी का पहला समाचार पत्र 'उदंत मार्तण्ड' शुरू किया था।प्रताप नारायण मिश्र ने ब्राह्मण 1883 कानपुर और गणेश शंकर विद्यार्थी ने प्रताप 1913 कानपुर समाचार पत्र निकाला था।

### सूडोकु नवताल- 7874

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7873 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

# बहनः संस्कृति, संवेदना और सशक्त भारत की आधारशिला

**ललित गर्ग**

रिश्तों की दुनिया में यदि कोई संबंध निस्वार्थ प्रेम, आत्मीयता, विश्वास, त्याग और आजीवन साथ का सबसे सुंदर उदाहरण है, तो वह बहन का रिश्ता है। बहन केवल परिवार की सदस्य नहीं होती, वह घर की संवेदना, संस्कारों की संरक्षिका, परिवार की आत्मा और समाज की मानवीय चेतना की वाहक होती है। राष्ट्रीय बहन दिवस इसी अनुपम रिश्ते के सम्मान, उसकी गरिमा और उसके जीवनदायी योगदान को स्मरण करने का अवसर है। प्रत्येक वर्ष अगस्त के प्रथम रविवार को मनाया जाने वाला यह दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि यदि परिवारों में बहनों का स्नेह और संस्कार जीवित रहेंगे, तभी समाज में समरसता और राष्ट्र में मानवीय मूल्यों की धारा प्रवाहित होती रहेगी।

आज जब भौतिकता, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित जीवनशैली रिश्तों की ऊष्मा को चुनौती दे रही है, तब राष्ट्रीय बहन दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस अमूल्य परंपरा का पुनर्स्मरण है, जहाँ नारी को परिवार की धुरी, संस्कृति की संवाहिका और भविष्य की निमार्ता माना गया है। बहन का व्यक्तित्व केवल अपने भाई या परिवार तक सीमित नहीं रहता, वह आने वाली पीढ़ियों के संस्कारों का निर्माण करती है। उसके व्यक्तित्व में करुणा, सहनशीलता, सेवा, संयम और समर्पण जैसे गुण समाज को मानवीय बनाते हैं। इसी व्यापक दृष्टि को साकार करने की दिशा में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा 1 अगस्त 2026 को जैन विश्व भारती, लाडनूं में राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाश्रमणजी की मंगल सन्निधि में आयोजित 'बेटी तेरापंथ की' चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी अध्याय बनकर उभरा। राष्ट्रीय बहन दिवस की भावना के अनुरूप आयोजित यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि नारी चेतना, बहन संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों के पुनर्जागरण का सशक्त अभियान था।

देश के विभिन्न राज्यों से हजारों बेटियों और बहनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय नारी केवल परिवर्तन की साक्षी नहीं, बल्कि परिवर्तन की सबसे बड़ी वाहक है। सम्मेलन में उपस्थित प्रत्येक बेटी और बहन अपने साथ केवल उत्साह नहीं लाई थी, बल्कि संस्कार, सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक नया संकल्प लेकर आई थी। यह दृश्य भारतीय संस्कृति के उस उज्ज्वल भविष्य का संकेत था, जिसमें नारी केवल सम्मान की पात्र नहीं, बल्कि समाज-निर्माण की सक्रिय भागीदार है। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहाँ नारी सशक्तिकरण को केवल अधिकारों की भाषा में नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व, संस्कार, नेतृत्व और आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ा गया। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वास्तविक सशक्तिकरण वही है जो व्यक्ति को आत्मविश्वासी बनाए, परिवार को सुदृढ़ करे, समाज को संगठित करे और राष्ट्र को ऊँचाइयों तक ले जाए।

राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाश्रमणजी के प्रेरणादायी सान्निध्य ने इस सम्मेलन को आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की। आचार्यश्री का संपूर्ण जीवन नारी गरिमा, नैतिक मूल्यों, शिक्षा, आत्मानुशासन और मानवीय चेतना के विकास के लिए समर्पित रहा है। उनके मार्गदर्शन में चल रहे अनेक कार्यक्रमों ने समाज में यह विश्वास जगाया है कि नारी केवल घर की शक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के चरित्र निर्माण की आधारशिला है। उनके संदेशों में बार-बार यह भाव उभरता है कि यदि नारी शिक्षित, संस्कारित, आत्मविश्वासी और मूल्यनिष्ठ होगी तो परिवार, समाज और राष्ट्र स्वयं सुदृढ़ बन जाएगा। इस अवसर पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष श्री महेंद्र नाहटा ने अत्यंत सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी के बिना राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। जिस समाज ने अपनी बेटियों और बहनों को अवसर, सम्मान और संस्कार दिए हैं, वही समाज स्थायी विकास की दिशा में आगे बढ़ा है। आचार्य श्री महाश्रमणजी के मार्गदर्शन में चल रहे नारी उत्थान के विविध कार्यक्रम केवल महिलाओं को सशक्त नहीं बना रहे, बल्कि पूरे समाज में नैतिक जागरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आधार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'बेटी तेरापंथ की' केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि ऐसी वैचारिक यात्रा है जो बेटियों और बहनों को आत्मगौरव, नेतृत्व, सेवा और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ रही है।

वास्तव में भारत की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है और भारतीय संस्कृति का सबसे सुंदर स्वरूप उसके पारिवारिक संबंधों में दिखाई देता है। बहन का रिश्ता केवल राखी के धागे तक सीमित नहीं है, वह विश्वास, सहयोग, प्रेरणा और नैतिक शक्ति का ऐसा सूत्र है जो परिवारों को टूटने नहीं देता। यदि हर बेटी अपने संस्कारों से एक परिवार को प्रकाशित करती है, तो हर बहन अपने व्यवहार से समाज में संवेदनाओं का विस्तार करती है। आज आवश्यकता केवल महिलाओं को अवसर देने की नहीं, बल्कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया, सामाजिक नेतृत्व, सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्रीय विकास के केंद्र में स्थापित करने की है। जब बेटियां शिक्षा, संस्कार, आत्मनिर्भरता और आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध होंगी, तभी भारत विश्वगुरु बनने की अपनी कल्पना को वास्तविकता में बदल सकेगा। आर्थिक विकास महत्वपूर्ण है, परंतु नैतिक विकास उसके बिना अधूरा है। और इस नैतिक विकास की सबसे बड़ी वाहक हमारी बेटियां और बहनें ही हैं।

राष्ट्रीय बहन दिवस का वास्तविक संदेश भी यही है कि हम बहनों को केवल शुभकामनाएँ देकर अपने दायित्व की इतिश्री न समझें, बल्कि उन्हें शिक्षा, सम्मान, समान अवसर, सुरक्षा और नेतृत्व के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करें। परिवारों में बेटियों को निर्णय लेने का अवसर मिले, समाज में उनकी प्रतिभा को मंच मिले और राष्ट्र उन्हें विकास की साझेदार बनाएक्रुयही इस दिवस की सार्थकता है। 'बेटी तेरापंथ की' सम्मेलन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब धार्मिक संस्कार, सामाजिक चेतना और आधुनिक नेतृत्व एक साथ चलते हैं, तब परिवर्तन केवल विचारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह जीवन का आंदोलन बन जाता है। यह सम्मेलन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा और यह संदेश देता रहेगा कि बहन केवल रिश्ते का नाम नहीं, बल्कि संस्कृति की सबसे सशक्त प्रतिनिधि है।

भारतीय संस्कृति में बहन केवल एक पारिवारिक संबंध नहीं, बल्कि स्नेह, त्याग, मयार्दा, ममता और मंगलकामना की सजीव प्रतिमूर्ति मानी गई है। उसे घर की लक्ष्मी, कुल की गरिमा, संस्कारों की वाहक, प्रेम की पावन धारा और परिवार की आत्मीय शक्ति के रूप में सम्मानित किया गया है। बहन का स्नेह निःस्वार्थ होता है, उसका आशीर्वाद अमूल्य होता है और उसका विश्वास जीवन के कठिनतम क्षणों में भी संबल प्रदान करता है। वह भाई के जीवन में प्रेरणा, संवेदना, करुणा और आत्मीयता का ऐसा स्रोत है, जो रिश्तों को केवल रक्त से नहीं, बल्कि हृदय के अटूट बंधन से जोड़ता है। भारतीय परंपरा में बहन को शुभता, सौभाग्य, वात्सल्य और संरक्षण का प्रतीक माना गया है। रक्षाबंधन एवसं भाईदूज जैसे पावन पर्व इस पवित्र संबंध की गरिमा को और अधिक ऊँचा उठाते हैं, जहाँ बहन केवल रक्षा का सूत्र नहीं बाँधती, बल्कि अपने प्रेम, विश्वास और मंगलकामनाओं से भाई के जीवन को आलोकित करती है। बहन परिवार की संस्कृति की संवाहिका, मूल्यों की संरक्षिका और स्नेह की अविरल सरिता है। उसके सम्मान में जितने भी विशेषण कहे जाएँ, वे कम हैं, क्योंकि बहन वास्तव में ईश्वर की वह अनुपम देन है, जो जीवन को प्रेम, अपनत्व, संवेदना और पवित्रता से समृद्ध कर देती है।

# सावन विशेष : भगवान शिव का अद्भुत स्वरूप और उसमें छिपा जीवन-दर्शन

**उदय कुमार सिंह**

गले सर्पों का हार है, वस्त्र व्याघ्र की खाल है। त्रिशूल-डमरूधारी, बाबा भोले भंडारी की महिमा अपरंपार है मानव जीवन के समस्त पापों, कष्टों और संतापों का शमन करने वाला पावन सावन मास आरंभ हो चुका है। देशभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ रही है। हर ओर "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोल" के जयघोष गूंज रहे हैं। शिवभक्त भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि, आरोग्य और मोक्ष का आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना कर रहे हैं।

सावन का महीना केवल जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और व्रत-उपवास तक सीमित नहीं है। यह आत्मशुद्धि, संयम, तप और शिवत्व को अपने जीवन में उतारने का भी अवसर है। इस पूरे महीने आप भी किसी न किसी शिवालय में जाकर भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं लेकिन क्या आपने कभी यह जानने का प्रयास किया है कि भगवान शिव का स्वरूप ऐसा क्यों है? उन्होंने अपने शरीर पर जो कुछ धारण किया है, उसका क्या महत्व है? क्या यह केवल पौराणिक अलंकरण है या फिर हर प्रतीक के पीछे कोई गहन आध्यात्मिक संदेश छिपा है?

वास्तव में भगवान शिव का स्वरूप जितना अलौकिक दिखाई देता है, उतना ही गूढ़ और दार्शनिक भी है। उनकी विशाल जटाओं से लेकर मस्तक पर सुशोभित चंद्रमा, तीसरे नेत्र, नीलकंठ, गले में लिपटे सर्प, मुंडमाला, त्रिशूल, डमरू, व्याघ्रचर्म, भस्म और नंदी इन सभी का अपना विशिष्ट महत्व है। शिव का प्रत्येक अंग और प्रत्येक आभूषण जीवन को सही दिशा देने वाली शिक्षा प्रदान करता है।

क्या वास्तव में भगवान शिव का स्वरूप ऐसा ही था?सनातन परंपरा में शिव को साकार और निराकार दोनों रूपों में स्वीकार किया गया है। वे कण-कण में विद्यमान हैं इसलिए उन्हें किसी एक स्वरूप में सीमित नहीं किया जा सकता।

फिर भी आज जो शिव स्वरूप प्रचलित है, वह निराधार नहीं है। पुराणों, वेदों, उपनिषदों और विभिन्न धार्मिक आख्यानों में भगवान शिव के गुण, कर्म और लीलाओं का जो वर्णन मिलता है, उसी के आधार पर कलाकारों और मूर्तिकारों ने उनके स्वरूप की कल्पना की। इसलिए शिव का प्रत्येक प्रतीक उनके व्यक्तित्व और उनके दिव्य संदेश का प्रतिनिधित्व करता है।

आइए जानते हैं भगवान शिव के स्वरूप में निहित आध्यात्मिक रहस्यों को।

**जटाएं :** अनंत ब्रह्मांड और तप का प्रतीकभगवान शिव की विशाल जटाएं केवल उनके योगी स्वरूप का परिचय नहीं देतीं, बल्कि वे संपूर्ण ब्रह्मांड का भी प्रतीक हैं। जिस प्रकार अंतरिक्ष में असंख्य ग्रह, नक्षत्र, आकाशगंगाएं और तारामंडल विद्यमान हैं, उसी प्रकार शिव की जटाएं अनंत सृष्टि का बोध कराती हैं। इन्हीं जटाओं में मां गंगा का अवतरण हुआ और मस्तक पर चंद्रमा सुशोभित हैं। जटाएं यह भी दर्शाती हैं कि शिव पूर्ण योगी हैं, जिन्होंने सांसारिक आकर्षणों पर विजय प्राप्त कर तप और आत्मसंयम को अपनाया।

**मां गंगा :** करुणा और जीवन का प्रवाहपौराणिक कथा के अनुसार जब मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुईं, तब उनके तीव्र वेग को संभालने के लिए भगवान शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में धारण किया। यह प्रसंग केवल कथा नहीं बल्कि यह संदेश देता है कि शक्ति तभी कल्याणकारी बनती है जब उस पर संयम का नियंत्रण हो। शिव की जटाओं से प्रवाहित होती गंगा जीवन, पवित्रता, करुणा और लोककल्याण की प्रतीक हैं।

**चंद्रमा :** शांत और निर्मल मन का प्रतीकसमुद्र मंथन से निकले चौदह रत्नों में चंद्रमा भी एक थे। भगवान शिव ने उन्हें अपने मस्तक पर स्थान दिया। ज्योतिष शास्त्र में चंद्रमा मन का कारक माना जाता है। शिव के मस्तक पर विराजमान चंद्रमा यह संदेश देता है कि मन सदैव शांत, संतुलित और निर्मल होना चाहिए। परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, स्थिर मन वाला व्यक्ति ही सही निर्णय ले सकता है।

**त्रिनेत्र :** ज्ञान और चेतना का प्रतीकभगवान शिव त्रिनेत्रधारी हैं। उनके तीन नेत्र केवल तीन आंखें नहीं, बल्कि तीन प्रकार की चेतना का प्रतीक हैं। ये तीनों नेत्र भूत, वर्तमान और भविष्य के ज्ञान, सत्त्व, रज और तम तीनों गुणों की समझ तथा स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल तीनों लोकों पर दृष्टि का संकेत देते हैं। शिव का तीसरा नेत्र दिव्य ज्ञान का प्रतीक है। जब यह खुलता है तो अज्ञान, अधर्म और अहंकार का अंत हो जाता है।

**नीलकंठ :** विष को भी स्वीकार करने का साहससमुद्र मंथन के समय निकले कालकूट विष से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई थी। तब भगवान शिव ने संसार की रक्षा के लिए उस विष का पान कर लिया। माता पार्वती ने उसे उनके कंठ से नीचे नहीं उतरने दिया, जिससे उनका कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठ कहलाए। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि महान व्यक्ति समाज की पीड़ा स्वयं सह लेते हैं लेकिन उसे दूसरों तक नहीं पहुंचने देते।

**सर्पों का हार :** नकारात्मक प्रवृत्तियों पर नियंत्रणसर्प सामान्यतः भय, मृत्यु और तमोगुण का प्रतीक माना जाता है। भगवान शिव ने उसे अपने गले का आभूषण बना लिया। इसका अर्थ है कि जिसने अपने भय, क्रोध, मोह और नकारात्मक प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त कर ली, वही सच्चा योगी है। शिव यह संदेश देते हैं कि मनुष्य को अपनी दुर्बलताओं का दास नहीं बल्कि स्वामी बनना चाहिए।

**मुंडमाला :** मृत्यु के शाश्वत सत्य का बोधभगवान शिव के गले में सुशोभित मुंडमाला जीवन और मृत्यु के सनातन चक्र का प्रतीक है। एक पौराणिक मान्यता के अनुसार यह देवी शक्ति के अनेक जन्मों का प्रतीक है, जबकि दार्शनिक दृष्टि से यह बताती है कि जन्म और मृत्यु प्रकृति का अटल नियम हैं। शिव मृत्यु के भी स्वामी हैं। इसलिए वे हमें मृत्यु से भयभीत होने के बजाय उसे जीवन का स्वाभाविक सत्य स्वीकार करने की प्रेरणा देते हैं।

**त्रिशूल :** तीन प्रकार के तापों का नाशभगवान शिव का प्रमुख आयुध त्रिशूल है। इसके तीन फलक दैहिक, दैविक और भौतिक इन तीन प्रकार के तापों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दैहिक अर्थात शरीर और मन के कष्ट, दैविक अर्थात प्राकृतिक अथवा दैवी संकट तथा भौतिक अर्थात सांसारिक दुख। शिव का त्रिशूल इन सभी कष्टों के विनाश का प्रतीक है।

**डमरू :** सृष्टि के प्रथम नाद का प्रतीकभगवान शिव के हाथ में स्थित डमरू सृष्टि की आदिम ध्वनि का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि डमरू के नाद से महेश्वर सूत्र प्रकट हुए, जिनसे संस्कृत व्याकरण की आधारशिला रखी गई। शिव का तांडव केवल विनाश नहीं बल्कि नवसृजन की भूमिका भी है। जब पुराना समाप्त होता है, तभी नए युग का आरंभ होता है। इसलिए डमरू परिवर्तन, सृजन और जीवन की निरंतरता का प्रतीक है।

**व्याघ्रचर्म :** शक्ति पर संयम का संदेशभगवान शिव अपने शरीर पर व्याघ्रचर्म धारण करते हैं। बाघ शक्ति, हिंसा और अहंकार का प्रतीक माना जाता है। शिव यह संदेश देते हैं कि शक्ति आवश्यक है, लेकिन उसका उपयोग केवल धर्म और न्याय की रक्षा के लिए होना चाहिए। स्वाभिमान मनुष्य का आभूषण है, परंतु अहंकार उसका सबसे बड़ा शत्रु।

**भस्म :** संसार की नश्वरता का संदेशभगवान शिव अपने शरीर पर भस्म धारण करते हैं। यह भस्म हमें याद दिलाती है कि शरीर, धन, वैभव और संसार की प्रत्येक वस्तु नश्वर है। एक दिन सब कुछ मिट्टी में मिल जाएगा। इसलिए मनुष्य को अहंकार त्यागकर सत्य, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए।

**नंदी :** धर्म, निष्ठा और समर्पण का प्रतीकभगवान शिव के वाहन नंदी केवल एक बैल नहीं हैं। धर्मशास्त्रों में वृषभ को धर्म का प्रतीक माना गया है। नंदी के चार पैर धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चार पुरुषार्थों का प्रतिनिधित्व करते हैं। शिव मंदिरों में नंदी सदैव शिवलिंग की ओर एकटक देखते हुए दिखाई देते हैं, जो अटूट श्रद्धा, समर्पण और एकाग्रता का सर्वोच्च उदाहरण है।

शिव का संपूर्ण स्वरूप क्या सिखाता है? भगवान शिव का पूरा स्वरूप संतुलन का संदेश देता है। वे योगी भी हैं और आदर्श गृहस्थ भी। वे संहारक भी हैं और कल्याणकारी भी। वे वैराग्य के प्रतीक भी हैं और परिवार के संरक्षक भी। उनकी जटाएं संयम सिखाती हैं, चंद्रमा मन की शीतलता का संदेश देता है, तीसरा नेत्र विवेक का प्रतीक है, सर्प भय पर विजय का, त्रिशूल कष्टों के विनाश का, डमरू सृजन का, व्याघ्रचर्म अहंकार पर नियंत्रण का, भस्म नश्वरता का और नंदी धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है।

जिसने परमात्मा का साक्षात अनुभव कर लिया, वह उस दिव्य अनुभूति को शब्दों में व्यक्त करने में स्वयं को असमर्थ पाता है। इसलिए ऋषि-मुनियों ने ईश्वर के स्वरूप को प्रतीकों के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। भगवान शिव का प्रत्येक प्रतीक जीवन-दर्शन का एक अध्याय है।

# परिवार में महिलाओं को भी अपने सपने पूरे करने के पर्याप्त अवसर मिलें

**कृष्णमोहन झा**

विगत दिनों विश्व मांगल्य सभा के तत्वावधान में आयोजित "युगानुकूल मातृत्व" कार्यक्रम के समापन सत्र में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जो सारगर्भित व्याख्यान दिया वह पूरी तरह मातृत्व विमर्श पर केंद्रित था। संघ प्रमुख ने अपने व्याख्यान में इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया कि आदिकाल से मातृत्व ही सृष्टि का आधार रहा है और मातृत्व के बिना सृष्टि का सृजन,संवर्धन और पोषण संभव नहीं है।मनुष्य की प्रथम गुरु माता होती है जो संस्कारित करने के साथ ही उसके विचारों को सही दिशा प्रदान करती है। माता जीवन भर उसे भावनात्मक संबल भी प्रदान करती है। मोहन भागवत ने कहा कि भारतीय परंपरा में मातृत्व और परिवार लंबे समय से चिंतन का विषय रहा है। स्वामी विवेकानंद, महात्मा गॉंधी और रवींद्र नाथ टैगोर ने इस विषय पर महत्वपूर्ण विचार रखे हैं।

संघ प्रमुख ने आगे कहा कि परिवार में समय देना और संवाद बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान करना माता पिता का दायित्व है इसलिए उन्हें निरंतर अपना स्वयं का ज्ञान भी बढाते रहना चाहिए। माता पिता को बच्चों के सामने खुद आदर्श आचरण प्रस्तुत करना होगा क्यों बच्चों में बडों. का अनुकरण करने की प्रवृत्ति होती है।

भागवत ने कहा कि समाज में अनेक विमर्श भ्रम के कारण चलते हैं। भारतीय संस्कृति के बारे में यह भ्रम फैलाया गया कि हमारी परंपराएं गलत हैं जबकि वास्तविकता यह है कि हमारा सांस्कृतिक आधार अत्यंत प्रबल और प्रत्यक्ष है। भागवत ने कहा कि हमें अपने इतिहास, ज्ञान और परंपराओं पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

संघ प्रमुख ने विविधता में एकात्म भाव को भारतीय संस्कृति का मूल संदेश बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि भारत में रहते हुए भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनुरूप जीवन जीना चाहिए। भागवत ने अपने भाषण में अन्य देशों के जीवन मूल्यों का अंधानुकरण करने के बजाय भारतीय दृष्टिकोण के आधार पर समाज और परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

गौरतलब है कि संघ प्रमुख भागवत मोहन भागवत अपने व्याख्यानों में हमेशा ही राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए इस बात पर विशेष जोर देते हैं कि राष्ट्र की उन्नति के लिए महिला सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। विगत दिनों नई दिल्ली में विश्व मांगल्य सभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम "युगानुकूल मातृत्व" के समापन समारोह में दिए गए अपने उदबोधन में उन्होंने अपने इसी मंतव्य को दोहराते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए पुरुषों में भी जागरूकता लाना आवश्यक है और इसकी शुरूआत परिवार से होना चाहिए। भागवत ने कहा कि केवल इसलिए कि महिलाएं सक्षम हैं, उन पर परिवार की सारी जिम्मेदारी नहीं डाली जाना चाहिए बल्कि परिवार को एक टीम की तरह काम करना चाहिए जिसमें परिवार के हर सदस्य की जिम्मेदारी तय होना चाहिए।

भागवत ने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए आगे कहा कि परिवार को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परिवार की जिम्मेदारियों के निर्वहन करते महिलाओं को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने का पर्याप्त अवसर मिले।परिवार को स्वयं से यह पूछना चाहिए वह महिलाओं को ऐसे कौन से अवसर प्रदान कर सकता है जिसमें वह अपने सपनों को साकार कर सके यह तभी संभव हो सकता है इसके परिवार के सभी सदस्यों की प्राथमिकताएं तय होना चाहिए।


संघ प्रमुख का कहना था कि व्यक्ति को शांति और संतोष की अनुभूति तभी हो सकती है जब उसे अपनी पसंद का कार्य करने का अवसर मिले। संघ प्रमुख ने समाज में ऐसा वातावरण बनाने का आह्वान किया जिसमें महिलाओं वह सम्मान और सहयोग जिसकी वे हकदार हैं। भागवत ने कहा जिस तरह पहले के समय में घर की वित्तीय व्यवस्था और महत्वपूर्ण फैसलों में महिलाओं की भूमिका प्रमुख होती थी और परिवार आपसी सलाह मशवरा से चलते थे वही साझेदारी की भावना विकसित करने की आज आवश्यकता है। विश्व मांगल्य सभा के एक अन्य कार्यक्रम में संघ प्रमुख ने कहा कि कहा कि विवाह जीवन में अनुशासन लाता है और धर्म व जिम्मेदारी का भाव पैदा करता है। इसके विपरीत लिव इन रिलेशनशिप में लोग जिम्मेदारी से बचकर केवल सुख चाहते हैं। जब तक मन करे, साथ रहो और जब मन न करे अलग हो जाओ। इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होती भागवत ने लिव इन रिलेशनशिप के परिणाम सारी दुनिया देख रही है। आधुनिकता का विरोध नहीं किया जा सकता लेकिन परंपराओं को पूरी तरह छोड़ देना भी उचित नहीं है।भागवत ने कहा इस बात पर जोर दिया कि समय के साथ बदलाव जरूरी है लेकिन वह परिवार और समाज को मजबूत करने वाला होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि मातृ शक्ति के सशक्तिकरण, परिवार व सामाजिक जागरण के लिए समर्पित संगठन विश्व मांगल्य सभा की स्थापना 2010 में स्वामी जितेंद्र नाथ महाराज ने की थी। यह संगठन आज देश के प्रांतों में सामाजिक सांस्कृतिक एवं वैचारिक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन के लिए अपनी गतिविधियां संचालित कर रहा है।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

## दैनिक पंचांग

**2 अगस्त 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.40 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कन्या | 08.52 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 11.03 बजे से |
| बुध | मिथुन में | वृश्चिक | 13.17 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 15.33 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मकर | 17.38 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.25 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.58 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.28 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | वृष | 00.08 बजे से |
| | | मिथुन | 02.07 बजे से |
| | | कर्क | 04.20 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 214 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 23.16 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 21.37 बजे को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 22.30 बजे को समाप्त। **करण** बव 11.15 बजे तदनन्तर बालव 23.16 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 49' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872789 **जूलियन दिन** 2461254.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1448 **महीना** सफर **तारीख** 18 **विशेष** गणेश चतुर्थी व्रत, प्राणनाथ परमधाम वास दिवस, मित्रता दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# आतंकी संगठन से जुड़े हमीम मंडल की प्रेमिका को बंगाल एसटीएफ ने साहिबगंज से किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** पश्चिम बंगाल में कथित आतंकी नेटवर्क की चल रही जांच के बीच स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने शुक्रवार रात झारखंड राज्य के साहिबगंज जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार युवती की पहचान अर्पिता सरकार बरहरवा थाना क्षेत्र के करेला गांव निवासी सुजीत सरकार की पुत्री के रूप में हुई है। सुजीत सरकार की स्टेशनरी की दुकान है। मां आंगनबाड़ी कर्मी थी जिसकी मृत्यु हो चुकी है। अर्पिता दो बहनों में छोटी है और बीएसके कॉलेज बरहरवा में सत्र 2022-26 में अंग्रेजी आनर्स की छात्रा है। बताया जाता है कि इंटरनेट मीडिया के माध्यम से वह करीब चार साल पहले हमीम के संपर्क में आयी। वह हमिम द्वारा दिए गए निदेशों का पालन करती थी। इसमें हनी ट्रैप में किसी को फंसाना, मोबाइल नंबर एकत्र करना, घर या व्यक्ति की तस्वीर एकत्र करना, रेकी करना आदि काम शामिल था।पिछले दिनों पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुबेंदु अधिकारी की हत्या की साजिश का खुलासा वहां की एसटीएफ ने किया था। इस क्रम में कई लोगों को गिरफ्तारी हुई।इसी क्रम में अर्पिता सरकार का नाम सामने आया। बताया जा रहा है कि अर्पिता सरकार से बंगाल एसटीएफ के साथ-साथ केंद्रीय खुफिया एजेंसी के अधिकारियों ने भी बरहड़वा थाने में कड़ी पूछताछ की। जांच एजेंसी का दावा है कि अर्पिता का सीधा संबंध बर्धमान से पकड़े गए हमीम मंडल से था और वह कथित हनीट्रैप नेटवर्क में अहम भूमिका निभा रही थी।

**कैसे हुई गिरफ्तारी**

एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को बर्धमान से हमीम मंडल को गिरफ्तार किया गया था। पूछ-ताछ के दौरान हमीम ने अर्पिता सरकार का नाम लिया और बताया कि वह नेटवर्क के लिए काम करती है। इसी सूचना के आधार पर एसटीएफ की एक विशेष टीम देर रात साहिबगंज पहुंची और छापेमारी कर अर्पिता को हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे तुरंत पश्चिम बंगाल लाया गया। अब उसे अदालत में पेश किया जाएगा, जहां एसटीएफ आगे की पूछ-ताछ के लिए रिमांड मांगेगी।

**हनीट्रैप के जरिए बड़े लोगों को करती थी टारगेट**

एसटीएफ का दावा है कि अर्पिता सरकार को नेटवर्क में खास तौर पर हनीट्रैप के लिए इस्तेमाल किया जाता था। एजेंसी के मुताबिक, वह सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों और राजनीतिक रूप से प्रभाव रखने वाले लोगों से दोस्ती करती थी। इसके बाद उन्हें भावनात्मक और व्यक्तिगत संबंधों के जाल में फंसाकर संवेदनशील सरकारी और सुरक्षा संबंधी जानकारी निकालने का प्रयास करती थी। एसटीएफ का कहना है कि अर्पिता से मिली जानकारी को आगे नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचाया जाता था ताकि उसका इस्तेमाल गलत गतिविधियों में किया जा सके। फिलहाल इन सभी आरोपों की पुष्टि जांच और अदालत में होनी बाकी है।

**पूछ-ताछ में खुल सकते हैं और नाम**

एसटीएफ का कहना है कि हमीम मंडल ने पूछ-ताछ में नेटवर्क की कार्यशैली और उससे जुड़े लोगों के बारे में कई अहम जानकारियां दी हैं। उसी के आधार पर अर्पिता तक पहुंचा गया। अब अर्पिता से गहन पूछ-ताछ कर यह पता लगाने की कोशिश होगी कि इस नेटवर्क में और कितने लोग शामिल हैं। इसका संचालन कहां से हो रहा है और अब तक कितनी जानकारी लीक की गई है? जांच एजेंसी अर्पिता के मोबाइल फोन, लैपटॉप, बैंक ट्रांजेक्शन और सोशल मीडिया चैट की भी जांच करेगी, ताकि नेटवर्क के अन्य कड़ियों को जोड़ा जा सके। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे नेटवर्क की असल तस्वीर सामने आएगी।

**आईएसआई कनेक्शन पर भी नजर**

इस पूरे मामले में एक और अहम पहलू पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संभावित संबंध का है। एसटीएफ पहले ही कह चुकी है कि वह इस एंगल से भी जांच कर रही है। हमीम मंडल इस समय 14 दिन की एसटीएफ की रिमांड पर है और उससे लगातार पूछ-ताछ की जा रही है।

अधिकारियों ने कहा कि अभी जांच प्रारंभिक चरण में है अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने के बाद ही पूरे नेटवर्क की साजिश और मकसद साफ हो पाएगा। इस गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं और झारखंड-पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल, एक रेफर

**साहिबगंज:** बोरियो से मंडरो जाने के क्रम में रंगमटिया गांव के समीप बाइक के आगे कुत्ता आ जाने से संतुलन खो देने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मंझोना भुरकुंडा निवासी हरदास मराडी (50) सॉझली सोरेन (40) एवं दामाद मझडाई निवासी गुरु बास्की (26) एक ही बाइक पर सवार होकर भुरकुंडा से मंडरो जा रहे थे। रंगमटिया के पास बाईक के आगे कुत्ता आ जाने से बाईक दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। बाइक पर सवार तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। सांझली सोरेन के सर पर गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए हाई सेंटर रेफर कर दिया। सीएसची के डॉ. कुलदीप कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### फुट ओवरब्रिज पर बाइक दौड़ाना पड़ा महंगा आरपीएफ ने काटा चालान

**साहिबगंज:** मालदा मंडल के तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन के पश्चमी छोर पर बने फुट ओवर ब्रीज पर बाइक चलाने वाले चालकों के विरुद्ध आरपीएफ टीम ने बीते शुक्रवार की रात्रि जांच अभियान चलाकर तीन बाइक को पकड़ चालको पर प्रति बाइक 500 रुपए जुर्माना लगाकर छोड़ा। वहीं आरपीएफ के आशुतोष कुमार पांडेय ने बताया यह पुल वाहन चालकों के लिए नही बल्कि आम लोगों व यात्रियों के पैदल आवागमन के लिए है इसमें वाहन चलाने पर कभी भी कोई बढ़ी घटना घट सकती है और पैदल पुल पर वाहन चलाना अपराध है। इस दौरान आरपीएफ के बीएन टुड्डू, एमके मौर्य, अजय कुमार, रमेश कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**पाकुड़ :** जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को युवा कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ. तनवीर आलम शामिल हुए। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. आलम ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ-बूथ तक संगठन को मजबूत करने तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया।

## ऑपरेशन मुस्कानः पाकुड़ पुलिस ने 28 लोगों को लौटाए गुम हुए मोबाइल, चेहरों पर लौटी खुशी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में पाकुड़ पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत सीईआईआर पोर्टल की मदद से बरामद 28 गुमशुदा मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। बरामद मोबाइल जिले के नगर थाना, मुफस्सिल, महेशपुर, अमड़ापाड़ा, पाकुड़िया, लिट्टीपाड़ा, रद्दीपुर ओपी एवं मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के लोगों के हैं। मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों के नाम इस प्रकार हैंः- पाकुड़ नगर थानाः दिवेश कुमार मिश्रा (श्याम नगर), शुभम कुमार चर (तुलमी डांगा)। पाकुड़ मुफस्सिल थानाः अब्दुल आलम शेख (हरिहरा), एनदादुल हक (नोपाड़ा, गाजोल, मालदा), सबान शेख (चंद्रपाड़ा)। अमड़ापाड़ा थानाः अनिल मुर्मू (आलूबेड़ा)। महेशपुर थानाः भरत कुमार साहा (शहरी), सोखू शेख (डांगापाड़ा), वरना टुड्डू (शिवरामपुर), मोतीबुल शेख (खाँपुर), फ्रांसिस हेम्ब्रम (मुगार्डांगा), बबलू कुमार साह (रघुनाथपुर) तथा नरेश पहाड़िया (खेरीबाड़ी)। पाकुड़िया थानाः निकोलस मरांडी (चुनपाड़ा), असरफ शेख (पलियादाहा), राजेश हेम्ब्रम (पलियादाहा), सगेन मुर्मू (जटांग खक्सा), खोकन कुमार पाल (गणपुरा), बाबेर शेख (बसंतपुर), अंजली कुमारी (फुलझिंझरी), जयमाला देवी (गणपुर), अमर कुमार साहा (मोंगलाबांध) तथा दीप्ति मनीषा बेसरा (दुमगी बरमसिया)। लिट्टीपाड़ा थानाः मनीष कुमार (कुटुंब कॉलोनी, लखनऊ)। रद्दीपुर ओपीः मासूम इकबाल (गंगड़ा) एवं जीरने माला (बोढ़ा)। मालपहाड़ी ओपीः फारहान शेख (नवीनगर) एवं पुरो देवी (तीलपहाड़ी)।

## मुफस्सिल पुलिस ने चार वारंटियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना पुलिस ने लंबित वारंटों के निष्पादन के क्रम में कार्रवाई करते हुए चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडे ने बताया कि ओसीआर संख्या 31/2001 के स्थायी वारंटी मोहम्मद मुर्शिद उर्फ मोहम्मद नियाज (पिता- स्वर्गीय शेख मुस्लिम) को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा जीआर संख्या 169/13 के गैर-जमानती वारंट के वारंटी शेख नसीम (पिता- स्वर्गीय मोहम्मद अब्दुल गफ्फार), शेख खुर्शीद (पिता- स्वर्गीय शेख हमजा) तथा शेख सोबिन (पिता- स्वर्गीय शेख समसुल) को भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी ग्राम छोटी कोदरजन्ना, थाना मुफस्सिल, जिला साहिबगंज के निवासी हैं। गिरफ्तारी के बाद सभी चारों वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उचित सुरक्षा व्यवस्था के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि लंबित वारंटों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा तथा फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए नियमित कार्रवाई की जा रही है।

## जेपीएससी, सीजीएल परीक्षा घोटाले के विरोध में बीजेपी का धरना-प्रदर्शन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के दौरान बीते सात साल में जेपीएससी, जेएसएससी, सीजीएल, उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा सहित अन्य भर्ती परीक्षा में हुई धांधली व घोटाले के विरोध में भाजयुमो ने शनिवार को धरना प्रदर्शन किया। स्थानीय स्टेशन चौक पर मोर्चा जिलाध्यक्ष धमेन्द्र मंडल के नेतृत्व में यह धरना प्रदर्शन करते हेमंत सोरेन सरकार में जमकर हमला बोला गया। धरना के बाद राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन भेजा गया। मौके पर गणेश प्रसाद तिवारी, रामानंद साह, प्रेमलाल मंडल, धनंजय मंडल, विनोद चौधरी, गरिमा साह, संजीव पासवान, अनुराग राहुल, अरविन्द सिन्हा, चन्द्रभान शर्मा, करण यादव, जयकांत वर्मा, मुकेश राज, देवाशीष सरकार, चंदन श्रीवास्तव, मुन्ना भगत, चंकी पांडेय, दीपक चन्द्रवंशी, कुणाल किशोर मंडल, राजकुमार भगत, अनुपलाल रजक सहित कई थे।

## हिरणपुर में अवैध गांजा कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई, 120 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में अवैध मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 ग्राम गांजा और एक इलेक्ट्रॉनिक माप-तौल मशीन बरामद की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल (एसआईटी) का गठन किया गया। दंडाधिकारी की मौजूदगी में टीम ने रानीपुर स्थित भोला साहा के घर पर छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही वहां मौजूद कुछ लोग भागने लगे। पुलिस ने खदेड़कर भोला साहा (पिता-स्व. रामप्रसाद साहा, निवासी रानीपुर, थाना हिरणपुर, स्थायी निवासी बीचामहल, थाना लिट्टीपाड़ा) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके घर एवं दुकान से 120 ग्राम गांजा और एक इलेक्ट्रॉनिक माप-तौल मशीन बरामद की गई। इस संबंध में हिरणपुर थाना कांड संख्या 51/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख)(ii)(ए)/22(ए) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं, मामले में फरार आरोपी मदन भगत की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव, हिरणपुर थाना प्रभारी विनय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक गौतम कुमार दास, अमरजीत कुमार मिश्रा, सहायक अवर निरीक्षक ज्योतिष चौधरी, सोहराब खान तथा हिरणपुर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# 15 दिन बाद बहाल हुई पाकुड़ की शहरी जलापूर्ति, सैकड़ों परिवारों को मिली राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** लगभग 15 दिनों से ठप पड़ी पाकुड़ शहरी जलापूर्ति योजना शनिवार को पुनः शुरू हो गई। जलापूर्ति बहाल होने से नगर परिषद क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को पेयजल संकट से राहत मिली है। पिछले दो सप्ताह से जलापूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को पीने और दैनिक उपयोग के पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही थी। जल संकट को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष राणा ओझा के नेतृत्व में वार्ड पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मुलाकात कर शीघ्र जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की थी। प्रतिनिधिमंडल में वार्ड पार्षद निभा देवी, तनु दास, रेखा सरदारनी, पूनम देवी, अनिकेत गोस्वामी, राजा अंसारी, रियाज अंसारी, कमल राउत एवं गुड्डू भगत शामिल थे। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को तत्काल तकनीकी खराबी दूर कर जलापूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। इसके बाद विभागीय अधिकारियों और तकनीकी टीम ने लगातार अभियान चलाकर पाइपलाइन की सफाई और आवश्यक मरम्मत पूरी की, जिसके बाद जलापूर्ति व्यवस्था फिर से सुचारु हो सकी। इस बीच नगर परिषद उपाध्यक्ष ने चांदपुर स्थित पुठीमारी इंटकवेल पहुंचकर मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने चार मोटरों में से खुली हुई मोटर को शीघ्र लगाने तथा नगर परिषद के कनीय अभियंता सुमन कुमार को गंगा नदी के भीतर बिछी पाइपलाइन की नियमित वाशिंग की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि भविष्य में बालू और कचरे के कारण जलापूर्ति बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद निभा देवी, पूनम देवी, तनु दास, बिमल चंद्र राउत, अनिकेत गोस्वामी एवं रियाज अंसारी मौजूद रहे। वहीं, ऑपरेटर मिस्टारूल शेख और सुजन दास ने बताया कि गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से पाइपलाइन में बालू और कचरा भर गया था, जिससे जलापूर्ति प्रभावित हुई थी। तकनीकी टीम की लगातार मेहनत से पाइपलाइन की सफाई और मरम्मत पूरी होने के बाद आपूर्ति सामान्य हो गई। जलापूर्ति बहाल होने पर नगरवासियों ने राहत की सांस ली। नगर परिषद उपाध्यक्ष राणा ओझा ने उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों तथा तकनीकी कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की तत्परता और विभागीय टीम के प्रयास से पेयजल संकट का समाधान संभव हो सका।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम जनमन स्वास्थ्य शिविर में 27 लोगों की जांच फीवर सर्वे के तहत मलेरिया-कालाजार की स्क्रीनिंग



**साहिबगंज:** जिले के तालझारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कड़कडम अंतर्गत इच्छापाडा गांव में पीएम जनमन फास्ट शिविर के साथ फीवर सर्वे किया गया, जहां 27 योग्य लाभार्थियों का स्क्रीनिंग जांच करते हुए उचित परामर्श के साथ दवाई वितरित किया गया। साथ ही बुखार एवं बाहर से आए 10 व्यक्तियों का आर डी का भी जांच किया गया। मौके पर मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी राहुल राज, एएनएम प्रियंका कुमारी, विद्या कुमारी, केटिएस अभिषेक कुमार, सहिया, सेविका दीदी एवं ग्रामीण के साथ सहिया पर्यवेक्षक अवधेश कुमार मौजूद थे। इस फीवर सर्वे का मुख्य उद्देश्य तत्काल मलेरिया एवं कालाजार से ग्रस्त लाभार्थियों का पता लगाकर सुदूर भारती गांव में जहां से कि व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवा तक पहुंचने में कठिनाई होती है का पता लगाकर उसी जगह पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करते हुए पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

### झामुमो कार्यकर्ता आयनेश सोरेन के निधन पर शोक प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद ने परिजनों को बंधाया ढांढस



**पाकुड़ :** जिले के महेशपुर प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सक्रिय एवं जुझारू कार्यकर्ता तथा जयपुर पंचायत की मुखिया रोजमेरी मुर्मू के पति आयनेश सोरेन के निधन पर पार्टी में शोक की लहर है। निधन की सूचना मिलते ही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद महेशपुर प्रखंड के पत्थरघाटा गांव स्थित उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान अब्दुल वदूद ने कहा कि आयनेश सोरेन लंबे समय से झामुमो से जुड़े थे और संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम में पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ भाग लेते थे। उन्होंने कहा कि आयनेश सोरेन एक मेहनती, सरल, मिलनसार एवं समर्पित कार्यकर्ता थे, जिनकी पहचान क्षेत्र में एक लोकप्रिय सामाजिक व्यक्ति के रूप में थी। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा झामुमो परिवार उनके साथ मजबूती से खड़ा है। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर छात्र मोर्चा के जिला सचिव तौसीफ इकबाल, टाइगर शेख, मोहरम शेख, डार्फी शेख, रेहान शेख, इकबाल हुसैन, अमित माल, सान्तो घोष सहित झामुमो के कई कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पाकुड़ के 29वें सिविल सर्जन के रूप में डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने संभाला कार्यभार



**पाकुड़ :** जिले के स्वास्थ्य प्रशासन को नया नेतृत्व मिला है। शनिवार को डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने जिले के 29वें सिविल सर्जन के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र कुमार मिश्रा से पदभार ग्रहण कर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली। पदभार ग्रहण के उपरांत डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, संस्थागत प्रसव, पोषण, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही, संवेदनशीलता एवं टीमवर्क को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। सभी चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं विभागीय अधिकारियों के समन्वित प्रयास से आमजन को बेहतर, सहज एवं भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनका लक्ष्य होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं सभी सहयोगी संस्थाओं के सामूहिक प्रयास से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकेगा। इस अवसर पर निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने डॉ. संथालिया को कार्यभार सौंपते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं तथा जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी साझा की। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ के.के. सिंह, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ एस.के. झा, दंत चिकित्सक डॉ. आर.के. सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सभी प्रबंधक, सलाहकार एवं समन्वयक, स्थापना शाखा के प्रधान लिपिक सहित सिविल सर्जन कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त सिविल सर्जन का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के और अधिक सशक्त, प्रभावी एवं जनहितकारी बनने की आशा व्यक्त की।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि कार्यक्रम की तैयारियों का झामुमो जिलाध्यक्ष ने लिया जायजा

**पाकुड़ :** जिले में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 4 अगस्त को आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रम की तैयारियों का शनिवार को झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल, भोजनालय, साफ-सफाई तथा आगंतुकों और कार्यकर्ताओं के लिए की जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं पार्टी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का संघर्ष, त्याग और योगदान झारखंड की पहचान है। उनकी स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने तथा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह अवसर दिशोम गुरु के संघर्षों और आदर्शों को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का है। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मुर्मू, कार्यपालक दंडाधिकारी अमरेंद्र चौधरी, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य उमर फारूक, सचिव नूर आलम, सबूर अंसारी, अकबर अंसारी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्रेमचंद की जयंती पर परिचर्चा आयोजित

**बोकारो** : भाकपा माले केवट टोला ब्रांच ने हिंदी साहित्य के देशज लेखक मुंशी प्रेमचंद और महिला नेत्री सह झारखंड आंदोलनकारी मणि देवी की याद में एक परिचर्चा आयोजित किया गया। मुंशी प्रेमचंद की जयंती और महिला नेत्री और मनी देवी की पुण्यतिथि पर सर्व प्रथम उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। परिचर्चा दोनों के जीवन संघर्ष और रचना पर परिचर्चा करते हुए माले राज्य स्थाई कमिटी सदस्य भूवनेश्वर केवट ने कहा कि प्रेमचंद की रचना काल्पनिक और यथास्थितिवादी नहीं बल्कि जन विक्षोभ और प्रतिरोध की अभिव्यक्ति है। ग्रामीण समाज में जमींदारी सामंती शोषण, और कर्मकाण्डों के माध्यम से मोक्ष की आड़ में गरीबों के शोषण को अपनी लेखनी में बेहतरीन तरीके से अभिव्यक्त किया है। मुंशी प्रेमचंद की कृति भारतीय समाज का आईना है। जिला कमिटी सदस्य राज केवट ने कहा कि बेरमो कोयलांचल में आईपीएफ के नेतृत्व बढ़े महिला आंदोलन की मजबूत स्तम्भ थी मनी देवी। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में भी इनकी भूमिका अविस्मरणीय है एक नहीं दर्जनों बार पुलिस दमन के खिलाफ सीधे आंदोलन का नेतृत्व मनी देवी ने किया। 10 अगस्त को मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जेल भरो आंदोलन में शामिल होने की अपील किया गया।। परिचर्चा और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में चुनीलाल केवट, रूपलाल केवट, राजेश केवट भूषण केवट, नारायण केवट, मकसूद आलम, जियारत हुसैन अशोक महली, टेक लाल केवट, गुजर सिंह जीतन केवट, संजय केवट,रंजीत केवट, आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

### तालाब में डूबने से किसान की मौत

**गोमिया (बोकारो)**: गोमिया प्रखंड के करीं खुर्द पंचायत अंतर्गत पैसरा गांव में शनिवार को तालाब में डूबने से किसान जयराम मांझी (42) की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि जयराम मांझी धान की बुआई के बाद अपने पालतू जानवरों को धोने के लिए गांव के तालाब में उतरे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में डूब गए। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर तालाब में नहा रहे साहेबराम टुडू ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों ने झागर और जाल की मदद से घंटों खोजबीन के बाद उनका शव तालाब से बाहर निकाला। सूचना पर चतरोचट्टी थाना के एसआई कुंदन प्रसाद यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया। मृतक परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके निधन से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इधर, करीं खुर्द पंचायत के मुखिया सोनाराम मुर्मू ने प्रशासन से आपदा राहत कोष के तहत मुआवजा एवं अन्य सरकारी सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की है।

### भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन, गांधी चौक से समाहरणालय तक निकाली रैली

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देशानुसार भाजपा कोडरमा जिला इकाई के नेतृत्व में जेपीएससी एवं जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितता एवं धांधली के विरोध में गांधी चौक से जिला मुख्यालय (समाहरणालय) तक आक्रोश रैली निकाली गई। इसके बाद समाहरणालय परिसर के समीप धरना-प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष संगीता सिन्हा ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री विजय यादव एवं संयोजक सूरज प्रताप मेहता ने किया। धरना-प्रदर्शन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. नरेश पंडित एवं रामनाथ सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सीआईएसएफ तथा सीसीएल की संयुक्त छापेमारी में 100 टन से अधिक अवैध कोयला बरामद, सैकड़ों बाइक जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बेरमो** : बेरमो स्थित कारो के पास चलाए गए एक बड़े अभियान में शनिवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और कोल इंडिया लिमिटेड (सीसीएल) बीएंडके सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने 100.80 टन अवैध कोयला बरामद किया। कार्रवाई के दौरान सैकड़ों मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। बरामद कोयला आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया है।

सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक एस. के. झा के मार्गदर्शन में एमएमडीआर एक्ट के तहत संचालित छापेमारी कारो स्थित नई खुली खदान के समीप की गई। अधिकारियों के अनुसार यह क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। सीआईएसएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर लक्ष्य स्थान पर छापेमारी की थी, जहां बड़ी संख्या में अवैध रूप से संग्रहित कोयला और कई वाहनों का पता चला।

कार्रवाई के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने कहा कि अवैध कोयला उत्खनन और चोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि कब्जे में लिए गए कोयले पर आगे की कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे कोयला चोरों में हड़कंप मच गया है और क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर बढ़ा दी गई है।

सीसीएल के महाप्रबंधक ने कहा कि केंद्रीय कोयला मंत्री और सीआईएसएफ स्तर पर इस मुद्दे पर गंभीर पहल की गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही क्षेत्र में अवैध कोयला चोरी पर समुचित अंकुश लगाया जाएगा और वैध माइनिंग व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन और स्थानीय रैयतों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अवैध माइनिंग के खिलाफ प्रशासन और सुरक्षा बल मिलकर कड़ा रुख अपनाएंगे।

पुलिस व सीसीएल सूत्रों का कहना है कि आगामी दिनों में ऐसी ही और छापेमारी चलाकर अवैध कोयला सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जाएगा तथा जब्त वाहन और अन्य साक्ष्य भी जांच के दायरे में रखे जाएंगे।

### बोकारो में अपहरण की सूचना का ड्रामा खत्म

## पति को बरामद करने के बाद पत्नी ने बदला बयान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : चिरा चास थाना क्षेत्र में जूनियर इंजीनियर के कथित अपहरण मामले का गुरुवार देर रात पटाक्षेप हो गया। करीब छह घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने जब जूनियर इंजीनियर राम सुंदर दास को बरामद किया तो उनकी पत्नी ने अपने ही शुरूआती आरोपों से पलटते हुए कथित अपहरणकर्ता को पति का दोस्त बता दिया।

जानकारी के अनुसार, राम सुंदर दास की पत्नी ने चिरा चास थाना पहुंचकर पुलिस को सूचना दी थी कि उनके पति का अपहरण कर लिया गया है। उन्होंने सेक्टर तीन निवासी अनिल सिंह पर पति को घर से ले जाने और बंधक बनाने का आरोप लगाया था।

सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न्यायालय परिसर से राम सुंदर दास और अनिल सिंह को बरामद कर दोनों को चिरा चास थाना लाया।

पुलिस के अनुसार, राम सुंदर दास और अनिल सिंह न्यायालय परिसर में साथ मिले थे। दोनों को थाना लाने के बाद करीब तीन घंटे तक पूछताछ चली। इसके बाद थाना से बाहर निकलने पर राम सुंदर दास की पत्नी ने अपने पहले दिए गए बयान से अलग बात कही।

उन्होंने कहा कि अनिल सिंह उनके पति के मित्र हैं और दोनों के बीच दोस्ती का संबंध है। उन्होंने अपहरण के आरोप को सही नहीं बताया।

मामले को लेकर चिरा चास थाना प्रभारी ने कहा कि अभी जांच जारी है। प्रारंभिक तथ्यों के आधार पर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वहीं, अनिल सिंह से बातचीत करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने इस मामले पर कुछ भी कहने से परहेज किया।

## संत जेवियर्स में सीआईएससीई बिहार-झारखंड क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता सम्पन्न




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : संत जेवियर्स विद्यालय, बोकारो स्टील सिटी में सीआईएससीई बिहार एवं झारखंड क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 31 जुलाई एवं 1 अगस्त तक आयोजित की गई, जिसमें रांची, जमशेदपुर, देवघर, भागलपुर, पटना एवं धनबाद जोन की टीमें भाग ले रही हैं। जिसमें अंडर-14 बालक व बालिका वर्ग , अंडर -17 बालक व बालिका वर्ग तथा अंडर -19 बालक व बालिका वर्ग ने हिस्सा लिया।

परिणामस्वरूप अंडर 14 बालक वर्ग में विजेता भागलपुर व उप-विजेता राँची, अंडर 14 बालिका वर्ग में विजेता धनबाद व उप-विजेता राँची, अंडर 17 बालक वर्ग में विजेता भागलपुर व उप-विजेता देवघर, अंडर 17 बालिका वर्ग में विजेता राँची व उप-विजेता धनबाद, अंडर 19 बालक वर्ग में विजेता भागलपुर व उप-विजेता जमशेदपुर अंडर 19 बालिका वर्ग विजेता धनबाद व उप-विजेता भागलपुर रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सीआईएससीई बिहार-झारखंड के जोनल सेक्रेटरी तथा विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह, कौशल और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता की सफलता की कामना की। राष्ट्रगान के साथ पुरस्कार वितरित कर कार्यक्रम की सफल समाप्ति हुई।

## विस्थापित महाविद्यालय में एक सप्ताहीय कार्यशाला का सफल समापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बालीडीह मोड़ स्थित विस्थापित महाविद्यालय में विगत एक सप्ताह से चल रहा संगोष्ठी कार्यशाला का शनिवार को विधिवत समापन हो गया। समापन समारोह के कार्उयक्रम का द्धाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ प्रिया कुमारी ने किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में भौतिकी विभाग के प्रो एन के पांडेय एवं रसायन विज्ञान विभाग के प्रो व्रजेश कुमार ने पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। द्वितीय सत्र में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ। पूजा पांडे ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर आज के दौर में अंग्रेजी भाषा की महत्ता के बारे विस्तार से बताया। कहा कि विश्व एक देश व एक शासन की ओर अग्रसर है, ऐसे में मल्टीपल भाषा और कल्चर की जानकारी बहुत अहम हो जाती है। ऐसे सिचुएशन में स्वत ही अंग्रेजी का महत्व बढ़ जाता है।

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर जे एन राम ने किया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रिया कुमारी ने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार का आयोजन कॉलेज में किया जाता रहेगा। ऐसे कार्यक्रम में विद्यार्थियों की बोली में अशद्धता के साथ मन की हिचकिचाहट को नियंत्रित करने का अवसर मिलता है।

## बीएसएल के बोकारो जनरल अस्पताल में 'विश्व स्तनपान सप्ताह' का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : इस्पात संयंत्र के बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में 01 अगस्त 2026 से 'विश्व स्तनपान सप्ताह' का शुभारंभ किया गया। शिशु रोग विभाग तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस सप्ताहव्यापी जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजनों को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना है, ताकि आने वाली पीढ़ी का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा अस्पताल के अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

इस पहल के दौरान नर्सिंग स्कूल की छात्राओं द्वारा आकर्षक पोस्टरों, स्लोगन एवं मॉडलों के माध्यम से स्तनपान के विभिन्न वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती महिलाओं, माताओं एवं अभिभावकों को नवजात शिशु के लिए स्तनपान के लाभों से अवगत कराया गया तथा हेल्प डेस्क के माध्यम से उनकी शंकाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया गया। जीवन की स्थायी शुरूआत के लिए स्तनपान की थीम पर आधारित इस विशेष अभियान के तहत सप्ताह भर पीडियाट्रिक एवं गायनी ओपीडी परिसर में मरीजों व उनके परिजनों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। इस आयोजन में शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष एवं उनकी टीम तथा नर्सिंग स्कूल की छात्राओं व शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान है।

यह आयोजन बोकारो जनरल अस्पताल द्वारा निवारक स्वास्थ्य देखभाल, मातृ-शिशु कल्याण तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। नवजात शिशुओं के पोषण और पोषण संबंधी नीतियों को मजबूत करने की यह पहल एक स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### बोकारो में मो रफी की पुण्यतिथि पर एक शाम मो रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन

## तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे... चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे....

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : सिने संगीत के महान पार्श्वगायक मो रफी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार की देर शाम सेक्टर 12 में एक शाम मो रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन कर कलाकारों ने उन्हें सुरमयी श्रद्धांजलि दी। स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में रमण चौधरी व रागिनी सिन्हा अंबष्ठ के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत में प्रसिद्ध गायक अरुण पाठक, रमण चौधरी, सोमेश मिश्रा, रिद्धिमा, श्वेता प्रियदर्शिनी, वरिष्ठ रंगकर्मी व संगीत प्रेमी शंभु झा, गंगेश कुमार पाठक, प्रवीण कुमार सिंह ने मो रफी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर उनको नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि मो रफी फिल्म संगीत के महान पार्श्वगायक थे। उन्होंने हर तरह के गीतों को बहुत ही खूबसूरती से गाकर अमर कर दिया। फिल्म संगीत को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी गायकी का प्रशंसनीय योगदान रहा। जब तक संगीत है और संगीत के चाहने वाले रहेंगे रफी साहब सदैव आदर के साथ याद किए जाते रहेंगे।

इस अवसर पर अरुण पाठक ने तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे..., चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे..., मैं एक राजा हूं, तू एक रानी है..., हुस्न वाले तेरा जवाब नहीं..., पूछे जो कोई मुझसे बहार कैसी होती है..., जिस रात के ख्वाब आए.., हुई शाम उनका ख्याल आ गया.. व रिद्धिमा रीया के साथ युगल गीत छुप गए सारे नजारे ओए क्या बात हो गई... की सुमधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया। रमण चौधरी ने कैसे कटेगी जिंदगी तेरे बगैर..., यहां मैं अजनबी हूं..., दिन ढल जाए..., छू लेने दो नाजुक होठों को.., सोमेश मिश्रा ने ना किसी के आंख का नूर हूं..., कभी रात दिन हम दूर थे..., तुम जो मिल गए हो... की भावपूर्ण प्रस्तुति से रफी साहब को श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त खबरें

### उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास विधायक ने गिनाई विकास योजनाएं



**चास** : झारखंड सरकार की 15वें वित्त आयोग मद से चास प्रखंड अंतर्गत कोलबेंदी उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक ने विधिवत किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विधायक का स्वागत किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि स्वस्थ समाज ही समृद्ध समाज की पहचान है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कोलबेंदी उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण स्थानीय लोगों के लिए महत्वपूर्ण सौगात है। इसके बनने से माताओं, बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को गांव के समीप ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों पर निर्भरता भी कम होगी। विधायक ने कहा कि चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी विश्वास के साथ विकास की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। विधायक ने झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा, ताकि प्रत्येक गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। कार्यक्रम में जयंत सिंह देव, अरुण सिंह देव, शंकर सिंह देव, शहाबुद्दीन अंसारी, प्रकाश शर्मा, दामोदर महतो, सजल गुई, उमेश चौधरी, सोमनाथ पाठक, विकास दास, अजय दास, अशोक सिंह देव, संवेदक मधुसूदन पाठक, राजेश सिंह, मिहिर बाउरी, बिंदेश्वर बाउरी, अमर देवघरिया, खलील अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### जेपीएससी अनियमितता के विरोध में भाजयुमो ने बोकारो डीसी कार्यालय का किया घेराव




**बोकारो** : भाजपा झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) बोकारो जिला इकाई ने जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में शनिवार को उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि पेपर लीक और भर्ती घोटालों के लिए जिम्मेदार लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं के साथ हुए अन्याय की भरपाई के लिए सरकार से जल्द और ठोस कदम उठाने की मांग की। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि झारखंड के लाखों युवा लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता, पेपर लीक, भर्ती प्रक्रिया में देरी और भ्रष्टाचार के कारण मानसिक, आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजयुमो के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्ष 2019 के बाद आयोजित सभी जेपीएससी, जेएसएससी, सीजीएल और अन्य भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा भविष्य में पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस अवसर पर भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह, जयदेव राय, कुमार अमित, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, पूर्व उपमहापौर अविनाश कुमार, जिला महामंत्री रामलाल सोरेन, जिला उपाध्यक्ष विनोद गोराई, अनिल स्वर्णकार, संजय त्यागी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लीला जानकी स्कूल में इन हाउस ट्रेनिंग का हुआ आयोजन



**बोकारो** : लीला जानकी पब्लिक स्कूल, पेटरवार में इन हाउस ट्रेनिंग का आयोजन हुआ। इसमें जीजीपीएस, सेक्टर 4 की शिक्षिका क्रांति श्रीवास्तव और स्निग्धा सिन्हा ने भी वैल्यू एजुकेशन पर सीबीएसई इन-हाउस ट्रेनिंग में भाग ली। इस इंटरैक्शन में इस बात पर तवज्जो दी गई कि एजुकेशन टेक्स्टबुक्स और एग्जाम से कहीं आगे की चीज है—यह असल में कैरेक्टर बिल्डिंग, एंपैथी और इंसानी मूल्यों को बढ़ाने के बारे में है। इस इंटरैक्टिव सेशन के दौरान रोजाना की क्लासरूम में वैल्यू-बेस्ड लर्निंग को आसानी से शामिल करने, स्टूडेंट्स में एथिकल सोच को बढ़ावा देने और एक अच्छा सीखने का माहौल बनाने के लिए डायनामिक स्ट्रेटेजी कि जानकारी साझा की गई।

### डाक बम सेवा समिति के संस्थापक अजय राय का निधन



**बोकारो** : जोधाडीह मोड़, डाक बम सेवा समिति के संस्थापक एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय राय के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ ।शनिवार दोपहर भोजन करने के क्रम में उन्हें हार्ट अटैक आया ।उन्हें मुस्कान होस्पीटल के जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपने सरल स्वभाव, बेबाक व्यक्तित्व और समाज सेवा के प्रति समर्पण के लिए वे सदैव याद किए जाएंगे। उनका अंतिम संस्कार देर शाम गरगा घाट में कर दिया गया। उनको श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक श्वेता सिंह, आर एन ओझा, हरे राम मिश्रा,अर्चना सिंह, मुकेश राय, विक्की राय,अमित सिंह, कुंज बिहारी पाठक, शशि सिंह, सी पी सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

## एक नजर

### सर्पदंश से 17 वर्षीय युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**कुंदा :** कुंदा थाना क्षेत्र के काशीलौग गांव निवासी राजेश पासवान के 17 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार की सर्पदंश से मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, करीब तीन दिन पूर्व चंदन कुमार को एक विषैले सांप ने डस लिया था। सर्पदंश के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चतरा सदर अस्पताल में भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर चंदन को हजारीबाग रेफर किया गया। वहां से भी बेहतर इलाज के लिए उसे रांची स्थित रिम्स भेजा गया। रिम्स में इलाज के दौरान शनिवार को चंदन ने दम तोड़ दिया। चंदन की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों और ग्रामीणों ने घटना पर गहरा दुख जताया है। बरसात के मौसम में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से जागरूकता अभियान चलाने तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर सर्पदंश रोधी इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है।

### 10 साल पुराने एनडीपीएस मामले में फरार वारंटी गिरफ्तार

**प्रतापपुर :** प्रतापपुर पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2016 से लंबित एनडीपीएस (मादक पदार्थ) मामले के एक गैरजमानती वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त मुरारी साव 56 वर्ष, पिता महावीर साव, थाना क्षेत्र के ग्राम हारा, जोगियारा का निवासी है। पुलिस के अनुसार, प्रतापपुर थाना कांड संख्या 20/2016 में अभियुक्त के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी था। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे 30 जुलाई 2026 को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल महावीर मंडल के सक्रिय सदस्य कपिल साव का निधन

**बरही:** बरही धनबाद रोड निवासी एवं नव निमार्णाधीन महावीर मंदिर के सक्रिय सदस्य, महावीर मंडल के सदस्य कपिल साव का शुक्रवार को रांची के देवनीका हॉस्पिटल, टीपूदाना में निधन हो गया। उनकी उम्र लगभग 45 वर्ष थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले माह सेंट्रल बैंक बरही, धनबाद रोड के सामने एक ट्रेलर दुर्घटना में कपिल साव बुरी तरह घायल हो गए थे। रांची के पैनेशिया हॉस्पिटल, बरियातू में इलाज के दौरान उनका दाहिना पैर काटना पड़ा था। इसके बाद उन्हें देवनीका हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। घटना की सूचना मिलते ही बरही के लोग और परिवार के सदस्य इलाज में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे थे। कपिल साव के निधन से बरही क्षेत्र में शोक की लहर है।

### तीन अवैध कोयला खदानों पर चला बुलडोजर, कार्रवाई जारी

**बड़कागांव:** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देशन एवं बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के बादम स्थित राउतपारा में तीन अवैध कोयला खदानों का जेसीबी मशीन से डोजरिंग किया गया। डोजरिंग अभियान में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के अलावा एसआइ राकेश खवास, अभिषेक कुमार सहित पुलिस बल के जवान एवं कई वन कर्मी शामिल थे। इस संबंध में थाना प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि अवैध कोयला खदान संचालन मालिकों का नाम पता की खोजबीन की जा रही है संबंधित संलिप्तता पाए जाने वाले सभी के विरुद्ध बड़कागांव थाना में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

# उपायुक्त ने मुरहू व कर्रा का किया दौरा, पेयजल योजनाओं और कृषक पाठशालाओं का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने शनिवार को मुरहू एवं कर्रा प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, कृषक पाठशाला तथा जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों की आजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
मुरहू स्थित बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने इंटेक वेल, फिल्ट्रेशन प्लांट और पेयजल आपूर्ति की पूरी प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने योजना के नियमित संचालन, समय पर मरम्मत एवं रखरखाव सुनिश्चित करने, स्टॉक एवं अभिलेख अद्यतन रखने तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिए। दौरे के क्रम में उपायुक्त ने गनालोया क्षेत्र में जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों से मुलाकात की। उन्होंने प्रज्ञा केंद्र, राशन दुकान और इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर जैसी गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही महिलाओं की सराहना की तथा अन्य महिलाओं से भी समूहों से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने की अपील की। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को समूहों के साथ नियमित बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। इसके बाद उपायुक्त ने मुरहू कृषक पाठशाला का निरीक्षण कर इसके संचालन में आ रही चुनौतियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कृषक पाठशाला और एफपीओ के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने तथा वर्षभर रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने ग्रामसभा आयोजित कर ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया। कर्रा कृषक पाठशाला में उपायुक्त ने खेती, डेयरी, बत्तख, मुर्गी, बकरी एवं मत्स्य पालन, मशरूम उत्पादन तथा ड्रैगन फ्रूट, अमरूद, नींबू, सेब और चीकू की खेती का अवलोकन किया। उन्होंने परिसर की नियमित साफ-सफाई और योजनाबद्ध खेती सुनिश्चित करते हुए इसे मॉडल कृषक पाठशाला के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 5 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार, आरोपी भेजा गया जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**इटखोरी :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-इटखोरी मुख्य सड़क स्थित भुरकुंडा जंगल के दारीदाग मोड़ के पास पुल के समीप से 5 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इटखोरी थाना क्षेत्र के पीतीज गांव निवासी राजू कुशवाहा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि चतरा-इटखोरी मुख्य मार्ग पर कुछ लोग अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने दारीदाग मोड़ के समीप इलाके की घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से काले प्लास्टिक में रखी कागज की पुड़िया में 5 ग्राम ब्राउन शुगर तथा तस्करी में प्रयुक्त सैमसंग कंपनी का एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ इटखोरी थाना में पहले से भी दो मामले दर्ज हैं। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। तस्करी और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा तथा इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कोयला ढुलाई से बढ़ा सड़क हादसों का खतरा, 9 अगस्त से चक्का जाम का ऐलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** चतरा जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न कोल परियोजनाओं के साथ-साथ हजारीबाग जिले के केरेडारी क्षेत्र से प्रतिदिन हजारों टन कोयले का परिवहन टंडवा, सिमरिया, चतरा और गिद्धौर की ग्रामीण सड़कों से भारी वाहनों के माध्यम से किया जा रहा है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से जिले की कई प्रमुख एवं ग्रामीण सड़कें अत्यधिक दबाव में हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और भारी वाहनों के लगातार परिचालन के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कोयला परिवहन वाले मार्गों पर पैदल चलना, साइकिल या मोटरसाइकिल से आवागमन करना भी जोखिम भरा हो गया है। भारी वाहनों से उड़ने वाली धूल, ध्वनि प्रदूषण और सड़कों के तेजी से जर्जर होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर दुर्घटनाओं के बाद भी स्थायी समाधान नहीं निकलने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि कोयला परिवहन में लगे वाहनों की गति पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो। इसके अलावा दुर्घटना संभावित स्थानों पर चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर और पर्याप्त सड़क सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि औद्योगिक विकास और कोयला परिवहन आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसके साथ आम नागरिकों की सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। सड़क सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। बताया जा रहा है कि सांसद और विधायक की ओर से संबंधित विभाग को कोयला परिवहन पर रोक लगाने को लेकर पत्राचार किया गया है। वहीं, इस मुद्दे को लोकसभा में भी उठाए जाने का दावा किया गया है। दूसरी ओर, जेएमएम नेता मनोज कुमार चंद्रा ने कोयला वाहनों के परिचालन को बंद कराने की मांग को लेकर 9 अगस्त से चक्का जाम करने का ऐलान किया है। अब देखना होगा कि प्रशासन और संबंधित विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर क्या कदम उठाते हैं और भारी वाहनों के परिचालन को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस व्यवस्था लागू होती है या नहीं।

## मन्नत ने शूटिंग में रचा इतिहास, चार स्वर्ण पदक जीतकर बनीं स्टेट रैंक-1

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चतरा :** जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी की पुत्री मन्नत ने अपनी शानदार निशानेबाजी प्रतिभा का परिचय देते हुए झारखंड राज्य शूटिंग प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर उन्होंने स्टेट रैंक-1 हासिल कर पूरे चतरा जिले का नाम रोशन किया है। पश्चिम बंगाल में आयोजित प्रतियोगिता में मन्नत ने विभिन्न स्पधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार स्वर्ण पदक हासिल किए। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ जिले के खेल प्रेमियों और युवाओं में भी खुशी का माहौल है। मन्नत की सफलता पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, खेल प्रेमियों और जिलेवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। लोगों ने उम्मीद जताई कि मन्नत आगे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड और देश का गौरव बढ़ाएंगी। पुत्री की सफलता पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने खुशी जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को यदि उचित अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। मन्नत की इस शानदार उपलब्धि ने जिले की उभरती खेल प्रतिभाओं को भी नई प्रेरणा दी है।

## जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ भाजपा का मशाल जुलूस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गिद्धौर :** जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक से मशाल जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जुलूस मुख्य चौक से निकलकर ब्लॉक मोड़ के समीप पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार होश में आओ, जेपीएससी-एसएससी परीक्षा में पेपर लीक करना बंद करो, युवाओं को छलना बंद करो, कांग्रेस पार्टी मुदार्बाद और हेमंत सोरेन हाय-हायह्ल समेत कई नारे लगाए। मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद यादव के नेतृत्व में निकाले गए मशाल जुलूस में कार्यकर्ताओं ने कहा कि युवाओं के भविष्य और हितों की रक्षा के लिए भाजपा सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। कार्यकर्ताओं ने परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। मशाल जुलूस में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, महामंत्री प्रीतम यादव, मंडल उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंहा, सुरेश प्रसाद राणा, बिनोद दांगी, राकेश साव, नोमन साव समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आरोग्यम अस्पताल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर,130 से अधिक लोगों ने कराई आंखों की जांच

# स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उद्देश्य : हर्ष अजमेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** आरोग्यम अस्पताल परिसर में शनिवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले शिविर में 130 से अधिक लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर का उद्देश्य लोगों को नेत्र संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान और उचित उपचार के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार ने मरीजों की विस्तृत जांच की। इस दौरान मोतियाबिंद, नजर कमजोर होना, आंखों में जलन एवं दर्द, पानी आना, खुजली, लालपन, धुंधला दिखाई देना तथा चश्मे के नंबर में बदलाव जैसी समस्याओं की जांच की गई। मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और आगे के उपचार की जानकारी भी दी गई। आज की बदलती जीवनशैली में मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों के बढ़ते इस्तेमाल के कारण आंखों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर विशेषज्ञ लगातार जागरूकता की आवश्यकता पर जोर देते हैं। वहीं उम्र बढ़ने के साथ आंखों से जुड़ी समस्याओं की संभावना भी बढ़ती है। ऐसे में नियमित अंतराल पर नेत्र जांच कराना जरूरी है, ताकि किसी भी समस्या की पहचान शुरूआती स्तर पर की जा सके। आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवा केवल उपचार तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि लोगों को बीमारी से बचाव और समय पर जांच के प्रति जागरूक करना भी जरूरी है। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े ऐसे स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अस्पताल के प्रशासक जया सिंह ने कहा कि आंखों से संबंधित छोटी-सी परेशानी को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। नियमित जांच से नेत्र संबंधी बीमारी की समय रहते पहचान की जा सकती है और उचित उपचार शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिविर में लोगों की उत्साहजनक भागीदारी से अस्पताल प्रबंधन का उद्देश्य सफल हुआ है। आरोग्यम अस्पताल आगे भी जरूरत के अनुसार इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 38 साल की बेदाग पुलिस सेवा के बाद अशोक कुमार पांडेय को भावभीनी विदाई



**गिद्धौर :** गिद्धौर थाना परिसर में शुक्रवार देर रात अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, ग्रामीणों एवं थाना के सशस्त्र बल के जवानों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नागरगोजे शुभम भाऊसाहेब एवं अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने अशोक कुमार पांडेय को साल, गुलदस्ता एवं अन्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान अधिकारियों एवं उपस्थित लोगों ने उनके दीर्घ पुलिस सेवा कार्यकाल की सराहना की। बताया गया कि अशोक कुमार पांडेय ने पुलिस सेवा में करीब 38 वर्षों तक बेदाग सेवा दी। गिद्धौर थाना में उन्होंने दो वर्षों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दीं। 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने के बाद थाना परिसर में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने किया, जबकि संचालन विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, समाजसेवी, मुखिया प्रतिनिधि रंजन कुमार दांगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अशोक कुमार पांडेय के लंबे और निष्कलंक सेवाकाल की सराहना करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल जीवन की कामना की।

### बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ कांवरियों का जत्था




**गिद्धौर :** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक के समीप से शनिवार को करीब एक दर्जन कांवरियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए रवाना हुआ। कांवरियों का जत्था सांसद प्रतिनिधि बबलू कुमार साव एवं वार्ड सदस्य ममता कुमारी के नेतृत्व में रवाना हुआ। रवानगी से पूर्व कांवरियों ने गिद्धौर स्थित सूर्यमंदिर, ठाकुरवाड़ी मंदिर एवं कौलेश्वरी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद बाबा धाम की यात्रा के लिए प्रस्थान किया। सांसद प्रतिनिधि बबलू कुमार साव ने बताया कि कांवरिया जत्था राजगीर और पावापुरी होते हुए सुल्तानगंज पहुंचेगा, जहां गंगाजल भरने के बाद पैदल यात्रा कर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचेगा। यहां सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। जलाभिषेक के बाद कांवरिया बासुकिनाथ, त्रिकूट पहाड़ एवं तपोवन का भ्रमण करते हुए वापस गिद्धौर लौटेंगे। रवानगी के दौरान कांवरियों ने बोल बम, बोल बम, बाबा नगरिया दूर है, जाना जरूर है समेत अन्य जयकारे लगाए। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवरिया जत्थे में दामोदर गुप्ता, सविता कुमारी, कृष्णा कुमार, हीरामन कुमार, संगीता देवी, सरिता देवी समेत अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

### 60 लाख की ज्वेलरी चोरी का त्वरित खुलासा करने पर थाना प्रभारी सम्मानित




**इटखोरी :** इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह द्वारा अपराधियों की लगातार गिरफ्तारी, त्वरित अनुसंधान एवं प्रभावी अपराध नियंत्रण को लेकर की जा रही सक्रिय पुलिसिंग से आम लोगों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है। हाल ही में इटखोरी बाजार में बाइक की डिक्की तोड़कर 60 लाख रुपये से अधिक मूल्य के आभूषणों की चोरी के मामले का महज कुछ ही दिनों में खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। इसी उपलब्धि के लिए संकट मोचन सेवा समिति के सदस्यों ने थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान समिति के देवकुमार सिंह, सतीश सिंह, दिलीप साव, लखन राम एवं सूरज प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने थाना प्रभारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय कार्यशैली से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है तथा अपराधियों में पुलिस का भय बढ़ा है। उन्होंने भविष्य में भी पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखते हुए इसी तरह निष्पक्ष एवं प्रभावी पुलिसिंग की उम्मीद जताई।

### जिला स्तरीय मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**हजारीबाग :** जिला प्रशासन, हजारीबाग के तत्वावधान में शनिवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सदर अस्पताल) स्थित ब्लड बैंक में जिला स्तरीय मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रात: 10 :00 बजे से अपराह्न 5 :00 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में रेड क्रॉस सोसायटी, यूथ विंग जैसे सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवाओं तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों, आपातकालीन सर्जरी, थैलेसीमिया, कैंसर एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर के दौरान लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व की जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की गई। जिला प्रशासन ने रक्तदान करने वाले सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



# ईरी मॉथ : यह है दुनिया का सबसे बड़ा पतंगा

**ब्राजील में पाए जाने वाले इस पतंगे को दुनिया में सबसे बड़े कीट का दर्जा प्राप्त है। इसे ईरी मॉथ, ग्रेट ऑवलेट माथ, घोस्ट मॉथ, वाइट व्हिच, ग्रेट ग्रे विच जैसे विभिन्न नामों से जाना जाता है। पतंगों की दुनिया में इसके पंख सबसे लंबे होते हैं, जिनक आकार 30 सेंटीमीटर तक होता है। हालांकि हरक्यूलिस माथ और एटलस माथ के पंखों का क्षेत्रफल ज्यादा होता है।**

## जीवन सिर्फ दो हफ्तों का

इसके पंखों पर बने विशिष्ट आकार के पैटर्न इसे ट्रॉपिकल जंगलों में पेड़ों के बीच छिपने में मदद करते हैं। यह इतना बड़ा पतंगा भी शिकारियों की नजर से बचा रहता है। इसके इसी छद्मावरण के कारण इसे देखना बड़ा मुश्किल होता है। पंखों का रंग क्रीमी वाइट या हल्का भूरा होता है, जिन पर कई बादामी और काली धारियां जिगजैग पैटर्न बनाती हैं। नर में ये पैटर्न ज्यादा स्पष्ट होते हैं। उनका जीवन काल एक-दो सप्ताह तक ही होता है।

## पेड़ों की पत्तियों पर देती है अंडे

इनकी मादाएं रबर के पेड़ और केसिया जैसे पेड़ों की पत्तियों पर अपने अंडे देती हैं, जिनसे निकलने वाले लार्वा इन्हीं की पत्तियों को खाकर बड़े होते हैं। ये युवा बन प्यूपा बनाते हैं। ये पतंगे ऊरग्वे से लेकर मेक्सिको और कभी-कभी टैक्सास तक पहुंच जाते हैं।

## सांस्कृतिक मान्यताएं

दक्षिण अमेरिका की कई संस्कृतियों में यह मान्यता है कि यह पतंगे छिपी हुई अदृश्य दुनिया के संदेशवाहक हैं। वहां के लोगों का मानना है कि मृत लोगों की आत्माओं को ये अपने विशाल पंखों पर धारण करती है।



# रोमांच का दूसरा नाम मसाई मारा

**केन्या का मसाई मारा राष्ट्रीय उद्यान जैव विविधता तथा तरह-तरह के जीव-जंतुओं के लिए दुनिया भर में मशहूर है। रोमांचक अनुभवों का शौक रखने वाले पर्यटक यहां तम्बुओं में रात बिताते हैं। रात में करीब ही लक्कड़बग्घों के गुर्राने की आवाजें सुनाई पड़ती हैं तो दरियाई घोड़े तम्बुओं को सूंघ कर आगे बढ़ जाते हैं। कहीं न कहीं से रह-रह कर शेर की दहाड़ भी कानों में पड़ती रहती है। इस जंगल में हाथियों, जंगली भैंसों तथा चीतों की भी कोई कमी नहीं है।**

रोमांच के शौकीनों के लिए मसाई मारा किसी स्वर्ग से कम नहीं है। सुबह सूरज की पहली किरणों के साथ अफ्रीका के कुछ सर्वाधिक खूबसूरत नजारे मसाई मारा में नजर आने लगते हैं। पर्यटन केन्या की आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है जिसके बाद फूलों, कॉफी तथा चाय के निर्यात से होने वाली आय है। इकेन्या में पर्यटन उद्योग हाल के दिनों में एक बार फिर अपने पैरों पर खड़ा होने लगा है, जब 2008 में केन्या में मची उथल-पुथल तथा खून-खराबे ने यहां सफारी पर्यटन को भारी नुक्सान पहुंचाया था।

पहली बार मसाई मारा आने वाले लोग इसके अनोखेपन से अभिभूत हुए बिना नहीं रह पाते हैं। करीब स्थित तंजानिया के सैरेंगेटी से बेशक ग्नू (हिरण की प्रजाति के जानवर) के झुंड इन दिनों यहां नहीं पहुंच रहे हों, फिर भी यह राष्ट्रीय उद्यान अनेक जानवरों की तस्वीरों से भरी किसी सुंदर पुस्तक जैसा प्रतीत होता है। जो लोग यहां करीब 30 साल पहले आ चुके हैं, वे याद कर सकते हैं कि तब यहां पहुंचने के लिए राजधानी नैरोबी से कार में 250 किलोमीटर का सफर तय करके पहुंचना पड़ता था परंतु अब सीधे हवाई जहाज में यहां पहुंचा जा सकता है।

पहले की तुलना में वे यहां कई अंतर देख सकते हैं। मसाई मारा तक जाने वाले रास्ते के दोनों तरफ अब बाड़ों में घिरे गेहूं के खेत तथा पालतु पशुओं के झुंड दिखाई देते हैं। अब यहां पहले की तुलना में जानवर भी कहीं कम हैं। केन्या में बढ़ती जनसंख्या का दबाव अब जंगलों तक पहुंच चुका है। 1980 से अब तक केन्या की जनसंख्या 150 प्रतिशत बढ़ कर 4 करोड़ 10 लाख तक पहुंच चुकी है। लोगों को रहने के लिए स्थान भी चाहिए और भोजन भी, जिसका विपरीत असर जंगलों और उनमें रहने वाले जीवों पर साफ नजर आता है। केन्या के जंगलों में खूब सारे जानवर हैं तो कुछ शिकारी भी हैं परंतु अभी यहां जानवरों का शिकार नियंत्रण में है। वैसे भी मसाई लड़ाके (मूल निवासी या यहां रहने वाले आदिवासी) प्राचीन काल से भाले से शेर का शिकार करके अपनी मर्दानगी साबित करते आए हैं। केन्या की जैव विविधता पर नजर रखने वाले कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि मसाई मारा राष्ट्रीय उद्यान में गैर-कानूनी रूप से चरने वाले पशुओं की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। 1977 से अब तक यह संख्या 10 गुणा बढ़ चुकी है। दूसरी तरफ वन्य जीवों की संख्या में दो-



तिहाई कमी आई है। इस संबंध में जारी पहले दीर्घकालीन अध्ययन के नतीजों पर कई लोगों ने आपत्ति भी जाहिर की है परंतु जानकारों का कहना है कि नतीजों में दिख रहे नकारात्मक रुझानों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है और पिछले 35 सालों के दौरान सम्पूर्ण मसाई क्षेत्र में जंगली जानवरों की संख्या में 80 प्रतिशत तक कमी आई है। काफी सारा जंगली इलाका किसानों को पशु चराने तथा खेती के लिए सौंप दिया गया है। वे जंगल जिनमें मूल मसाई लोग खेती किया करते थे तथा जो उनके संरक्षण में रहते थे, अब तेजी से काटे जा रहे हैं। केन्या के जंगलों के समक्ष इन चुनौतियों तथा चिंताओं के बावजूद भी मसाई मारा की यात्रा एक अविस्मरणीय अनुभव बन जाती है। जंगल में रात गुजारने के लिए अनेक बंदोबस्त हैं परंतु उनमें से अधिकतर काफी महंगे हैं। वहां लॉज तथा तम्बू भी मिल जाते हैं और वे भी विभिन्न तरह के। यहां पर्यटकों के लिए कई कैम्प लगे रहते हैं। ऐसे ही एक मारा बुश कैम्प में हर तम्बू में एक काऊबैल लगाई गई है ताकि किसी जानवर के करीब आने पर अलार्म बज जाए क्योंकि इस कैम्प के चारों ओर कोई बाड़ नहीं लगी है। इससे पहले कि आप यहां किसी रेस्तरां या कैम्प फायर तक जाने के लिए निकलें, अपने साथ भाले से लैस किसी स्थानीय मसाई लड़ाके को ले जाना न भूलें।







# जमीन पर रेंग कर चलने वाली पर्च मछली

**'मछली जल की रानी है, जीवन उसका पानी है,हाथ लगाओ डर जाएगी, बाहर निकालो मर जाएगी' मछलियों के बारे में भले ही आपने बचपन से ही ये बातें सुनी हों अर्थात यह कहा जाता रहा है कि बिना जल के मछली के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती लेकिन 'पर्च' नामक मछली की एक प्रजाति ऐसी भी है, जो न सिर्फ पानी से बाहर भी 12 घंटे तक जीवित रह सकती है बल्कि जमीन पर रेंग कर चल भी सकती है। अन्य प्रकार की मछलियों को पक्षी भले ही न छोड़ें पर पर्च मछली को पक्षी नहीं खाते।**

कारण है पर्च में पाए जाने वाले कांटे। आपको यह जानकर भी बड़ी हैरानी होगी कि इस मछली को सबसे पहले किसी जलस्रोत में नहीं बल्कि खजूर के एक पेड़ पर देखा गया था, यही वजह है कि इसे 'आरोही' मछली भी कहा जाता है। पूरे भारतीय प्रायद्वीप में पाई जाने वाली पर्च मछली ताजे पानी की मछली है जो हमेशा एक बेहतर घर की तलाश में रहती है। इसके शरीर में एक विशेष अंग होता है जिसके जरिए यह पानी के बाहर भी सांस ले पाती है। इसके गलफड़े अच्छी तरह विकसित नहीं होते। यही वजह है कि इसे सांस लेने के लिए बार-बार पानी की सतह पर आना पड़ता है। यदि पानी स्थिर हो जाए या फिर ज्यादा दूषित हो जाए तो यह पानी से बाहर आकर नए घर की तलाश शुरू कर देती है। पानी से बाहर यह करीब 12 घंटे तक जीवित रह सकती है, बशर्ते कि इसके गलफड़े तब तक गीले रहें। पानी से बाहर सांस लेने की अपनी अद्भुत क्षमता के कारण ही यह मछली वापस अपना रास्ता खोज लेती है।





# हवाओं का सबसे खतरनाक स्वरूप हरीकेन या टायफून

**किसी न्यूज चैनल पर या मूवी में जब हवाओं का एक स्पिन करता हुआ गोला तेजी से पेड़, कार, जानवरों सबको खाते हुए दिखता है तो लगता है जैसे प्रकृति गुस्से से लाल-पीली नहीं बल्कि काली और भूरी हो रही है। हवा और पानी के रौद्र रूप का ये भी एक उदाहरण है। ये वो तूफान हैं जो अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को तोड़-मरोड़ कर खत्म कर देते हैं। इन तूफानों के समय हवा की रफ्तार 150 मील प्रति घंटा और इससे कहीं ज्यादा तक हो सकती है। जानो इन खास तूफानी रूपों के बारे में और समझो इनके पीछे का विज्ञान।**

किसी चैनल पर या मूवी तुमने भी हवाओं का एक स्पिन करता हुआ गोला तेजी से पेड़, कार, जानवरों सबको खाते हुए देखा होगा। इन्हें तुमने कई बार डिस्कवरी चैनल पर या किसी हॉलीवुड मूवी में भी देखा होगा। जमीन के साथ-साथ ये तूफानी बादलों की सतह से भी जुड़े हुए मालूम होते हैं। टॉरनेडो के अलावा इसे सायक्लोन या ट्विस्टर भी कहा जाता है। ये सारी चीजों को ट्विस्ट करता हुआ जो उठता है। दूर से देखो तो ऐसा लगता है मानो बादल से किसी ने एक बड़े से कपड़े को जमीन पर खड़े किसी हाथ में में पकड़ा दिया हो और बादल और जमीन दोनों मिलकर उस कपड़े को निचोड़ रहे हों। वहीं सायक्लोन नाम का उपयोग मेटरोलॉजी यानी मौसम विज्ञान में ज्यादा बड़े तूफान के मामले में किया जाता है। हिंदी में ये चक्रवात या बवंडर कहलाते हैं। यूं टॉरनेडो नाम स्पेनिश शब्द 'ट्रोनाडा'' से बना है जिसका मतलब है 'थंडरस्ट्रॉम।'' टॉरनेडो अलग-अलग साइज के हो सकते हैं पर इनका आकार तुम्हारी कैमेस्ट्री लैब में मौजूद फनल के जैसा होता है। जमीन की तरफ से संकरा और आसमान की ओर खुला हुआ। ये धूल का बड़ा सा गुबार होते हैं। सायक्लोन उन जगहों पर ज्यादा पैदा होते हैं जो जगहें इक्वेटर से पास हैं और ध्रुवों की तरफ यानी इक्वेटर से दूर जगहों पर ये कम पाए जाते हैं।

हमारे देश में ये बंगाल की खाड़ी के पास वाले इलाकों में ज्यादा दिखाई देते हैं। वैसे अंटार्कटिका के अलावा ये लगभग हर कॉन्टिनेंट में मिलते हैं। इनकी सबसे ज्यादा संख्या पाई जाती है अमेरिका के 'टॉरनेडो ऐली'' रीजन में। वैसे उत्तरी अमेरिका में इनका होना बहुत आम है। इनके आने का पता लगाने के लिए 'पल्स डॉप्लर राडार'' की मदद ली जाती है और इन्हें नापने के लिए कई तरह की फ्यूजिटा या टॉरो जैसी स्केल्स का उपयोग किया जाता है।

सामान्यत: किसी एक तूफान से एक से ज्यादा टॉरनेडो भी पैदा हो सकते हैं। ऐसे में इन्हें टॉरनेडो फैमेली भी कहा जाता है। यही नहीं जिस जगह टॉरनेडो बन रहे हैं उस जगह के नेचर के हिसाब से इनका रंग भी अलग-अलग हो सकता है। जैसे पानी के ऊपर उठने वाले टॉरनेडो सफेद या नीले हो सकते हैं तो कभी मिट्टी पर उठने के कारण ये लाल रंग के भी हो सकते हैं।


है यह भी चक्रवात या सायक्लोन का ही एक रूप लेकिन इसका रिजल्ट भारी बारिश और बाढ़ वाले तूफान के रूप में दिखाई देता है। यानी ये पानी का खतरनाक रूप हैं। इन्हें भी तुमने कई हॉलीवुड मूवीज में देखा होगा। ये ट्रॉपिकल सायक्लोन कहलाते हैं जो कि मैक्सिको की खाड़ी, कैरेबियन सी, पूर्वी प्रशांत महासागर यानी ईस्टर्न पेसिफिक ओशियन तथा दक्षिणी अटलांटिक ओशियन जैसी जगहों पर जन्म लेते हैं। समुद्र की सतह पर मौजूद भाप से ये एनर्जी पाते हैं। इससे ही फिर भयानक बारिश वाले बादल आकार लेते हैं। इन्हें हरीकेन और टायफून के अलावा ट्रॉपिकल स्टॉर्म, ट्रॉपिकल डिप्रेशन आदि नामों से भी जाना जाता है। खास बात यह कि जमीन पर आने के बाद ये कमजोर पड़ जाते हैं क्योंकि उस समय ये अपने एनर्जी के सोर्स से यानी समुद्र की सतह से अलग होने लगते हैं। इनके बनते समय हवा पानी की सतह से ऊपर उठने की बजाय पानी के भीतर जाकर गोल, घुमावदार रूप ले लेती है।

इससे पानी पर एक खाली जगह बन जाती है जिसे 'आई'' यानी आंख कहा जाता है। दुनियाभर में ये तूफान आमतौर पर गरमी के मौसम के विदा लेते समय पैदा होते हैं जब समुद्र की सतह का तापमान सबसे ज्यादा होता है और भाप तेजी से बनती है। हालांकि, इसके अलावा भी अलग-अलग जगह इनका अलग सीजन हो सकता है। जमीन पर मौजूद डॉप्लर वेदर राडार के अलावा वेदर सैटेलाइट के जरिए भी इनके आने की सूचना मिल सकती है।

इनका टायफून नाम अरबी भाषा के 'तूफान'' शब्द से लिया गया है जिसे हिंदी और उर्दू में भी उपयोग में लाया जाता है। तूफान शब्द असल में ग्रीक मायथोलॉजी में तूफान के एक राक्षस 'टायफोन'' से भी जुड़ता है। वहीं हरीकेन शब्द स्पेनिश भाषा से आया है और तूफानों के देवता 'हुराकान'' को दर्शाता है। सबसे मजेदार बात यह है कि इन तूफानों की पहचान के लिए इनको बकायदा नाम दिए जाते हैं।



# राष्ट्रमंडल खेल 2026 : भाला फेंक में भारत का डबल पोडियम, नीरज चोपड़ा ने जीता रजत, यशवीर को कांस्य



एजेंसी

**ग्लासगो :** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि यशवीर सिंह ने अंतिम प्रयास में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस तरह भारत ने इस स्पर्धा में दो पदक जीतकर डबल पोडियम हासिल किया। टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा खराब मौसम के बावजूद अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब पहुंचे। उन्होंने दूसरे प्रयास में 85.83 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और दूसरे स्थान पर रहे। इससे पहले उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 85.69 मीटर था, जो उन्होंने जून में दोहा डायमंड लीग में किया था। पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे 24 वर्षीय यशवीर सिंह ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 85.41 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर कांस्य पदक जीत लिया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर था। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पाथिराजे ने दूसरे प्रयास में 89.75 मीटर का शानदार थ्रो कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ठंडे और तेज हवा वाले मौसम के बावजूद वह 90 मीटर के बेहद करीब पहुंचे। भारत के तीसरे खिलाड़ी रोहित यादव ने 81.56 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ सातवां स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में दक्षिण एशिया का दबदबा देखने को मिला और स्वर्ण, रजत तथा कांस्य तीनों पदक उपमहाद्वीप के खिलाड़ियों ने जीते। वहीं, पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के गत विजेता अरशद नदीम तीन प्रयासों के बाद 77.41 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ बाहर हो गए। विश्व चैंपियन केशॉर्न वालकॉट (त्रिनिदाद एवं टोबैगो) 82.55 मीटर के साथ छठे स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि नीरज चोपड़ा ने पिछले वर्ष सितंबर में लगी कमर की चोट से उबरने के बाद इस वर्ष वापसी की है। यह उनका दूसरा राष्ट्रमंडल खेल था। इससे पहले उन्होंने 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

### राष्ट्रमंडल खेल : पैरा स्पर्धाओं में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, 7 पदकों के साथ अभियान समाप्त

**ग्लासगो :** राष्ट्रमंडल खेल 2026 की पैरा स्पधाओं में भारत ने अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अभियान का समापन किया। भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने कुल सात पदक जीते, जिनमें तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। भारत को सबसे बड़ी सफलता पैरा एथलेटिक्स में मिली, जहां खिलाड़ियों ने छह पदक अपने नाम किए। इनमें तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। इसके साथ ही भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में 20 वर्षों बाद पैरा एथलेटिक्स में पदक जीतने का इंतजार भी खत्म किया। वहीं, पैरा पावरलिफ्टिंग में भारत ने एक कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय दल ने इस बार तीन स्पधाओं में ऐतिहासिक डबल पोडियम भी दर्ज किए। इनमें महिलाओं की शॉटपुट एफ57, पुरुषों की शॉटपुट एफ57 और पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पधाएं शामिल रहीं, जहां दो-दो भारतीय खिलाड़ी एक साथ पदक जीतने में सफल रहे। भारत के खिलाड़ियों ने इस अभियान के दौरान एक गेम्स रिकॉर्ड और एक एशियाई रिकॉर्ड भी अपने नाम किया, जो देश के लिए बड़ी उपलब्धि रही। भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों ने भी खिलाड़ियों की तैयारी में अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रमंडल खेलों से पहले पैरा पावरलिफ्टिंग टीम का प्रशिक्षण शिविर साई गांधीनगर में आयोजित किया गया था, जबकि पैरा एथलेटिक्स टीम ने साई बेंगलुरु में तैयारी की थी। राष्ट्रमंडल खेल 2026 की पैरा स्पधाओं में भारत का यह प्रदर्शन देश के पैरा खेलों के बढ़ते स्तर और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसकी मजबूत होती मौजूदगी का प्रमाण माना जा रहा है।

### तेजस्विन शंकर ने रचा इतिहास, डेकाथलॉन में जीता कांस्य

**ग्लासगो :** भारत के शीर्ष बहु-इवेंट एथलीट तेजस्विन शंकर ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की डेकाथलॉन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट एथलीट तेजस्विन ने अंतिम और निर्णायक 1500 मीटर दौड़ 4 मिनट 36.19 सेकंड में पूरी कर 704 अंक हासिल किए। इसके साथ उन्होंने कुल 7976 अंक जुटाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ तेजस्विन शंकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में दो अलग-अलग एथलेटिक्स स्पधाओं में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी भी बन गए।

## ताइपे ओपन के फाइनल में पहुंची तन्वी शर्मा

एजेंसी



**ताइपे :** भारत की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताइपे ओपन 2026 के महिला एकल फाइनल में जगह बना ली है। शनिवार को सेमीफाइनल में उन्होंने मेजबान चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त हुआंग यू-ह्सुन को सीधे गेमों में 21-17, 21-11 से हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। विश्व नंबर 34 तन्वी ने महज 33 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। क्वार्टर फाइनल की तुलना में इस बार उन्होंने कहीं अधिक प्रभावशाली खेल दिखाया और मेजबान खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। अब रविवार को फाइनल में उनका सामना वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से होगा। पिछले दो वर्षों में तन्वी ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में तेजी से अपनी पहचान बनाई है। वह 2024 बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही थीं। इसके अलावा उन्होंने 2024 बॉन इंटरनेशनल और 2025 डेनमार्क चैलेंज का खिताब जीता, जबकि 2025 ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 और गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 में उपविजेता रहीं। यह उनके करियर का चौथा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल और दूसरा सुपर 300 फाइनल होगा। वहीं पुरुष एकल में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। भारत के अंतिम उम्मीद किरण जॉर्ज को क्वार्टर फाइनल में जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोटो ने 21-12, 21-10 से हराकर बाहर कर दिया।

## डीपीएल 2026 : अनुज रावत का शतक बेकार, सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने चार विकेट से जीता पहला मुकाबला

एजेंसी



**नई दिल्ली :** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 का आगाज अरुण जेटली स्टेडियम में शुक्रवार रात रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ, जहां सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने अनुज रावत के शानदार शतक पर पानी फेरते हुए पुरानी दिल्ली 6 को चार विकेट से हरा दिया। मुकाबले से पहले मशहूर गायक सुखबीर सिंह और सुनंदा शर्मा के रंगारंग कार्यक्रम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुरानी दिल्ली 6 की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम पांच ओवर के भीतर 30 रन पर तीन विकेट गंवा बैठी। इसके बाद कप्तान अनुज रावत और देव लाकड़ा ने चौथे विकेट के लिए 132 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को संकट से उबारा। देव लाकड़ा ने 37 गेंदों में 53 रन की संयमित पारी खेली, जबकि अनुज रावत ने कप्तानी पारी खेलते हुए 59 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। 99 रन पर जीवनदान मिलने के बाद अगली ही गेंद पर उन्होंने इस सत्र का पहला शतक पूरा किया। उनकी बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने 20 ओवर में चार विकेट पर 202 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 203 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने आक्रामक शुरूआत की। कप्तान यश धुल और सिद्धार्थ जून ने पहले विकेट के लिए केवल 4.5 ओवर में 65 रन जोड़ दिए। जून 14 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जबकि युगल सैनी ने 16 गेंदों में 22 रन का योगदान दिया। यश धुल ने शानदार बल्लेबाजी जारी रखते हुए 45 गेंदों में 72 रन की कप्तानी पारी खेली। उनके आउट होने के बाद वंश बेदी ने 13 गेंदों में 28 रन बनाकर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। अंतिम ओवरों में मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया। केशव दाबस ने दबाव में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पेनल्टिमेट ओवर की आखिरी दो गेंदों पर लगातार दो चौके जड़कर समीकरण अंतिम ओवर में तीन रन का कर दिया। इसके बाद जसवीर सहरावत ने विजयी रन बनाकर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को चार विकेट से शानदार जीत दिला दी और टीम ने डीपीएल 2026 में विजयी शुरूआत की।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में सागर की यामिनी मौर्य का कमाल जूडो में रजत पदक जीतकर बढ़ाया देश का गौरव

एजेंसी



**सागर :** मध्य प्रदेश के सागर की जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की झोली में रजत पदक डाल दिया। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित प्रतियोगिता में महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल तक पहुंचने वाली यामिनी ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि खिताबी मुकाबले में उन्हें इंग्लैंड की एसेलिया टोपराक के हाथों करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा और वे स्वर्ण पदक से मामूली अंतर से चूक गईं। शुक्रवार देर रात खेले गए फाइनल मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरूआत से अंत तक कड़ा संघर्ष देखने को मिला। यामिनी ने गोल्ड मेडल के लिए पूरा दमखम लगाया, लेकिन इंग्लैंड की खिलाड़ी निर्णायक क्षणों में बढ़त बनाने में सफल रहीं। इसके साथ ही यामिनी ने रजत पदक अपने नाम कर भारत का गौरव बढ़ाया। बताया गया है कि प्रतियोगिता से पहले यामिनी को स्वर्ण पदक जीतने का पूरा विश्वास था। फाइनल समाप्त होने के बाद उन्होंने अपने परिजनों से फोन पर बातचीत की और गोल्ड मेडल नहीं जीत पाने की कसक भी साझा की। परिवार ने उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए रजत पदक जीतना भी बड़ी उपलब्धि है। परिजनों ने उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूरे उत्साह के साथ तैयारी जारी रखने का हौसला दिया। यामिनी मौर्य की सफलता लंबे संघर्ष और कठिन मेहनत का परिणाम है। साधारण परिवार से आने वाली यामिनी ने सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बीच जूडो की शुरूआत की। लगातार अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने भारतीय टीम में स्थान बनाया और अब कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यामिनी की उपलब्धि की सूचना मिलते ही सागर शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। पुरानी सदर स्थित उनके निवास पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लग गया। खेल प्रेमियों, स्थानीय खिलाड़ियों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे सागर, मध्य प्रदेश और देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### 11 व 12 अगस्त को होंगे प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के ट्रायल



**मुरादाबाद :** खेल विभाग एवं प्रदेशीय क्रीडा संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक-बालिका तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 अगस्त तक अयोध्या में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए मुरादाबाद जनपद व मुरादाबाद मंडल की टीम का चयन नेता जी सुभाषचंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम रामगंगा विहार मुरादाबाद में ट्रायल के माध्यम से होगा। इसके लिए 11 अगस्त को जिला स्तरीय जबकि मंडलीय ट्रायल 12 अगस्त को होंगे। प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल 50, 200 व 400 मीटर, बैक स्ट्रोक 50, 100 व 200 मीटर, ब्रेस्ट स्ट्रोक 50, 100 व 200 मीटर, बटरफ्लाई स्ट्रोक 50, 100 व 200 मीटर, व्यक्तिगत मेडले 200 मीटर, फ्री स्टाइल रिले चार गुणा 100 मीटर तथा मेडले रिले चार गुणा 100 मीटर स्पर्धाएं आयोजित होंगी। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने शनिवार बताया कि प्रत्येक बालक एवं बालिका अधिकतम पांच स्पधाओं में ही प्रतिभाग कर सकेंगे। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आधार कार्ड एवं जन्मतिथि प्रमाण-पत्र लाना होगा।

### स्कॉट एडवर्ड्स ने छोड़ी नीदरलैंड की कप्तानी, बास डी लीडे बने नए कप्तान



**नई दिल्ली :** नीदरलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने चार साल तक टीम की कमान संभालने के बाद कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। इस फैसले की पुष्टि रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन (केएनसीबी) ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो के जरिए की। अब हरफनमौला खिलाड़ी बास डी लीडे ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग-2 के शेष मुकाबलों में टीम की कप्तानी करेंगे। अपने साथियों को संबोधित करते हुए 29 वर्षीय एडवर्ड्स ने कहा कि यह फैसला उन्होंने मुख्य कोच रयान कुक और टीम प्रबंधन के साथ लंबे विचार-विमर्श के बाद लिया है। एडवर्ड्स ने कहा, माफ कीजिए कि मैं यह फैसला अचानक बता रहा हूं। मैं अब टीम की कप्तानी छोड़ रहा हूं। पिछले कुछ समय से मेरी और कोच रयान कुक के बीच इस बारे में चर्चा चल रही थी और कई लोगों से भी बात हुई। मुझे लगता है कि यही सही समय है। मेरा मानना है कि एक खिलाड़ी के रूप में मैं टीम को अभी बहुत कुछ दे सकता हूं और आगे भी यही मेरा लक्ष्य रहेगा। यह टीम बेहद खास है और मुझे विश्वास है कि हमारे सामने अपार संभावनाएं हैं। आने वाले समय को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। एडवर्ड्स ने जून 2022 में नीदरलैंड की कप्तानी संभाली थी। उनके नेतृत्व में टीम ने 56 एकदिवसीय और 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 2023 वनडे विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश पर ऐतिहासिक जीत शामिल रही। वहीं, 2022 टी20 विश्वकप में एडिलेड में दक्षिण अफ्रीका को हराकर नीदरलैंड ने बड़ा उलटफेर करते हुए प्रोटियाज टीम को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। नए कप्तान बास डी लीडे ने एडवर्ड्स के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, अगर मैं पूरी टीम की ओर से कहूं तो आपने हमें कई यादगार मुकाबलों में नेतृत्व दिया। इसके लिए आपका धन्यवाद। जब कभी हममें से कुछ खिलाड़ियों को खुद पर या टीम पर भरोसा नहीं होता था, तब भी आपने अपने नेतृत्व और स्पष्ट योजनाओं से हममें विश्वास जगाया। आपने मुझे एक खिलाड़ी के रूप में अपनी क्षमता पर पहले से कहीं अधिक भरोसा करना सिखाया। फिलहाल आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप लीग-2 की अंक तालिका में नीदरलैंड दूसरे स्थान पर है। इस प्रतियोगिता की शीर्ष चार टीमें 2027 वनडे विश्वकप के क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिए जगह बनाएंगी।

### मुरादाबाद के चाइनामैन गेंदबाज शिवांग कुमार का भारतीय क्रिकेट टीम में चयन

**मुरादाबाद :** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद महानगर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित चंदन नगर निवासी चाइनामैन गेंदबाज शिवांग कुमार का चयन भारतीय क्रिकेट टीम में बतौर नेट बॉलर हुआ है। शिवांग आगामी श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया के बल्लेबाजों को अपनी गेंदबाजी से अभ्यास कराएंगे। एमपीएस क्रिकेट एकेडमी के कोच मिर्जा दानिश आलम ने शनिवार को बताया कि भारतीय टीम अगले महीने श्रीलंका दौरे पर जाएगी। जहां दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। पहला टेस्ट 15 और दूसरा 23 अगस्त को होगा। शिवांग कुमार मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) से अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23, रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जैसे प्रमुख टूर्नामेंट खेल चुके हैं। इसके अलावा वह आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। गेंदबाज शिवांग ने बताया कि वह तीन अगस्त को मुंबई में बीसीसीआई को रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया के साथ जुड़ना उनके लिए गर्व की बात है। वह इस अवसर का पूरा लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। कोच मिर्जा दानिश आलम ने बताया कि शिवांग लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी के साथ उनकी मेहनत रंग ला रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही शिवांग टीम इंडिया की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते नजर आएंगे।

### हरियाणा की खेल नीति से उज्जवल हो रहा खिलाड़ियों का भविष्य : विपुल गोयल

**नई दिल्ली :** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा को पहले जवानों और किसानों के प्रदेश से जाना जाता था लेकिन अब खेल और खिलाड़ियों से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति से प्रदेश में खेलों के लिए एक अनुकूल इको सिस्टम बना है, जिससे खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल है। विपुल गोयल शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित स्पोर्टस फिटनेस एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर एक्सपो को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान खेल मंत्री गौरव गौतम भी मौजूद रहे। गोयल ने हरियाणा पैवेलियन का अवलोकन किया। पैवेलियन में मौजूद अधिकारियों, कोच और खिलाड़ियों से बातचीत की। उन्होंने हरियाणा पैवेलियन में लगाए गए स्पोर्टस स्टार की तस्वीरों और उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने हरियाणा पैवेलियन की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, युवा और कोच पहुंचे। खेल और खिलाड़ी हरियाणा की उपलब्धि हैं, ऐसे में हरियाणा से जुड़ी खेल नीति और खेल उपलब्धियों के बारे में लोगों ने जाना, यह बेहद सराहनीय है। मंत्री गोयल ने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से हरियाणा देश में महज 2 प्रतिशत है लेकिन मेडल लेकर आने में राज्य नंबर वन हैं। इसके पीछे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच और हरियाणा प्रदेश की खेल नीति का अहम योगदान है।

## एक नजर

### मौसम में सुधार के बाद बालटाल मार्ग से फिर शुरू हुई अमरनाथ यात्रा

**बालटाल** : खराब मौसम और आवश्यक मरम्मत कार्यों के कारण एक दिन के लिए स्थगित की गई वार्षिक अमरनाथ यात्रा शनिवार को बालटाल मार्ग से पुनः शुरू हो गई। मौसम में सुधार और मार्ग की मरम्मत पूरी होने के बाद श्रद्धालुओं को पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन की अनुमति दे दी गई। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह से बालटाल मार्ग पर तीर्थयात्रा सामान्य रूप से संचालित की जा रही है। श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पवित्र गुफा मंदिर की ओर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि मार्ग की स्थिति सुरक्षित होने के बाद यात्रा बहाल करने का निर्णय लिया गया। लगातार बारिश और प्रतिकूल मौसम के कारण शुक्रवार को बालटाल मार्ग से यात्रा एहतियातन स्थगित कर दी गई थी। बारिश के चलते मार्ग को मामूली क्षति पहुंची थी, जिसके बाद मरम्मत कार्य कराया गया। हालांकि, आवश्यक मरम्मत कार्य जारी रहने के कारण पहलगाम मार्ग से यात्रा फिलहाल स्थगित है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की वार्षिक अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू हुई थी। अब तक लगभग साढ़े चार लाख श्रद्धालु प्राकृतिक रूप से निर्मित हिम शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं।

### नेपाल के संकटग्रस्त क्षेत्रों से हटाया गया कर्फ्यू, निषेधाज्ञा जारी

**काठमांडू**: सुनसरी के देवानगंज और कप्तानगंज की घटनाओं के बाद तनावग्रस्त बने मधेश और पूर्वी तराई के जिलों में प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील देना शुरू कर दिया है। शनिवार को सुनसरी की 10 स्थानीय इकाइयों तथा धनुषा के जनकपुर क्षेत्र से कर्फ्यू हटा दिया गया और वहां निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। वहीं सिरहा के लहान में भी कर्फ्यू समाप्त कर दिया गया है, जबकि गोलबजार में कर्फ्यू यथावत रखा गया है। सुनसरी जिला प्रशासन ने शनिवार सुबह 8:30 बजे से इटहरी, रामधुनी, इनरुवा, दुहबी, भोक्राहा नरसिंह, कोशी, गढ़ी, देवानगंज, हरिनगर और बरजू के निर्धारित क्षेत्रों से कर्फ्यू हटाते हुए शाम 5 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की है। देवानगंज में 28 जुलाई को हुई हिंसक घटना के बाद इन क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था। मुख्य जिला अधिकारी ईश्वरीप्रसाद अर्याल के अनुसार, सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के बाद कर्फ्यू हटाया गया है। हालांकि किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, सभा, जुलूस, प्रदर्शन, बैठक और धरना आयोजित करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। धनुषा के जनकपुरधाम क्षेत्र में भी शनिवार सुबह 10 बजे से कर्फ्यू हटा लिया गया। मुख्य जिला अधिकारी प्रेमप्रसाद लुइंटेल ने बताया कि लक्ष्मीनिया, नगराइन, बेलौनी रोड, सिनुरजोडा, सोहनी, मणिमंडप, इस्कॉन जनकपुर और दूधमती पुल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अगले आदेश तक पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, सभा, जुलूस और प्रदर्शन करने पर रोक रहेगी। उधर, सिरहा के लहान क्षेत्र में भी शनिवार सुबह 10 बजे से कर्फ्यू समाप्त कर दिया गया है। मुख्य जिला अधिकारी सुरेन्द्र पौडेल के अनुसार, ताजा सुरक्षा स्थिति के विश्लेषण के बाद यह निर्णय लिया गया। हालांकि गोलबजार में हालात सामान्य होने के बावजूद फिलहाल कर्फ्यू जारी रखा गया है। प्रशासन ने बताया कि वहां की स्थिति की समीक्षा के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। सुनसरी के कप्तानगंज की घटना के बाद पूर्वी तराई के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन और तनाव बढ़ने पर प्रशासन ने कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लागू की थी। अब प्रशासन का कहना है कि स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। साथ ही आम जनता से शांति, कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए निषेधाज्ञा का पालन करने की अपील की गई है।

# प्रधानमंत्री को 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' की करेंगे शुरूआत

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव के दूत के रूप में तैयार करना है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस अभियान के साथ नशे के खिलाफ 100 सप्ताह तक चलने वाले देशव्यापी ह्यजन भागीदारी अभियान' की शुरूआत होगी। इसके तहत देशभर में



प्रत्येक रविवार को जागरूकता और जनसहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान खेल प्रतियोगिताएं, वॉकाथॉन, ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक, विचार-विमर्श, कला प्रतियोगिताएं और सामुदायिक सहभागिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस पहल के तहत शैक्षणिक संस्थानों, युवा संगठनों, नागरिक समाज के समूहों, उद्योग संगठनों और आध्यात्मिक संस्थाओं को एक साझा मंच पर लाकर नशे के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभर के 10 हजार से अधिक स्थानों से युवाओं की भागीदारी होगी। इसमें माई भारत के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक, युवा क्लब, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), उद्योग संगठनों के युवा प्रकोष्ठ तथा 125 से अधिक सहयोगी आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे।

## राष्ट्रपति मुर्मु 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह का करेंगी शुभारंभ

एजेंसी

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में सात अगस्त को 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगी। केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय के अनुसार मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इस समारोह का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत का उत्सव मनाना और देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में बुनकर समुदाय के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना है। भारत की विविध हथकरघा परंपराओं को समर्पित 4 विशेष डाक टिकट जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान दो महत्वपूर्ण पुस्तकों- "अर्थ, रूट, थ्रेड- आल डाइड हैंडलूम टेक्सटाइल ऑफ सेंट्रल इंडिया" और "हैंडलूम अवार्ड बुक 2025" का लोकार्पण किया जाएगा।

समारोह के दौरान वर्ष 2025 के लिए उत्कृष्ट कारीगरी और नवाचार के लिए कुल 22 पुरस्कार प्रदान



किए जाएंगे। इनमें 03 संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और 19 राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार शामिल हैं। आगंतुकों के लिए पुरस्कार विजेता हथकरघा उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही, पारंपरिक 'कानी बुनाई' और 'वॉल हैंगिंग बुनाई' का लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, कपड़ा राज्यमंत्री पवित्र मार्गेरिटा, कपड़ा सचिव नीलम शमी राव और विकास आयुक्त डॉ. एम. बीना समेत कई अधिकारी, जानी-मानी हस्तियां और देशभर से आए बुनकर उपस्थित रहेंगे।

## मुख्यमंत्री का बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण पांच जिलों के 12 से अधिक ब्लॉक प्रभावित

एजेंसी

**भुवनेश्वर** : ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आज राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 5 जिलों के 12 से अधिक ब्लॉकों में बाढ़ की स्थिति का आकलन किया। उनके साथ राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी और विशेष राहत आयुक्त भी मौजूद रहे। सर्वेक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि कई गांव अब भी जलमग्न हैं, हालांकि स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगले दो दिनों में बाढ़ का पानी उतर जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पानी उतरने के तीन दिनों के भीतर क्षति का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। रिपोर्ट के आधार पर कृषि, आवास और अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लिए तत्काल राहत पैकेज प्रदान किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वेक्षण के दौरान जाजपुर जिले के दशरथपुर, बरी और



बिंझारपुर, भद्रक जिले के धामनगर, भंडारिपोखरी और चांदबाली, बालेश्वर जिले के सोर, रेमुणा और बालेश्वर सदर, मयूरभंज जिले के बड़साही, उदला और कप्तिपदा के कुछ हिस्सों तथा केन्दुझर जिले के हाटडीही ब्लॉक के प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की स्थिति पर सरकार की लगातार नजर बनी हुई है और मंत्रियों व अधिकारियों के साथ समन्वय कर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पुरी जिले की स्थिति पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि 'जीरो कैजुअल्टी' के लक्ष्य को प्राथमिकता दी गई है। वर्तमान बाढ़ में लगभग 8 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 2.69 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। राहत एवं बचाव कार्यों में 17 ओड्राफ, 7 एनडीआरएफ और 129 अग्निशमन व आपातकालीन सेवा दल तैनात हैं। लगभग 700 आश्रय स्थलों और राहत शिविरों में प्रभावित लोगों के लिए रहने, भोजन, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। वरिष्ठ अधिकारी जमीनी स्तर पर राहत और पुनर्वास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

## असम बाढ़ राहत के लिए अदाणी समूह ने दिए 11 करोड़, 8 हजार परिवारों तक पहुंचेगी मदद

एजेंसी

**असम** : अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने असम के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए असम मुख्यमंत्री राहत कोष में 11 करोड़ का योगदान दिया है। इस योगदान की सराहना करते हुए असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, "मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि गौतम अदाणी जी ने असम बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के हमारे प्रयासों को और मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में ऑनलाइन माध्यम से 11 करोड़ का योगदान दिया है। अपनी कार्यशैली के अनुरूप, उन्होंने न केवल योगदान दिया हैबल्कि बिना किसी प्रचार के हजारों प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाने के लिए भी संसाधन जुटा रहे हैं।असम के लोगों के प्रति उनका स्नेह और संकट की इस घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का उनका स्वभाव वास्तव में




सराहनीय है। मुख्यमंत्री राहत कोष में समाज के विभिन्न वर्गों से लगातार योगदान प्राप्त हो रहा है। मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि प्रत्येक रुपये का उपयोग पूरी सावधानी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ प्रभावित लोगों के जीवन के पुनर्निर्माण में किया जाएगा।असम के लोगों के साथ मजबूती से खड़े रहने के लिए मैं अदाणी समूह का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि,"यह सहयोग राज्य के राहत कार्यों को और सशक्त बनाएगा और हजारों प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी सहयोग को आगे बढ़ाते हुए, अदाणी फाउंडेशन ने अदाणी स्मार्ट मीटर और गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेडके सहयोग सेऊपरी असम में बाढ़ राहत अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत शिवसागर जिले के नाज़िरा उप-मंडल तथा धीमाजी जिले के सिलापाथर में लगभग 8,000 परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। प्रत्येक राहत किट में आवश्यक खाद्य सामग्री, दवाइयां, स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई से जुड़ी सामग्री शामिल है, ताकि प्रभावित परिवार अपनी तत्काल जरूरतों को पूरा कर सकें और अपने जीवन के पुनर्निर्माण की दिशा में आगे बढ़ सकें।

## अमृतसर पुलिस ने 20 किलो हेरोइन के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**अमृतसर** : काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने सीमा पार से संचालित नशा तस्करी और संगठित अपराध नेटवर्क से जुड़े एक आरोपित को 20 किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान तरनतारन जिले के झबाल स्थित अमृतसर रोड निवासी ओम शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 20 किलोग्राम हेरोइन बरामद करने के साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही होंडा सिटी कार (पंजीकरण संख्या पीबी-46-एजे-6021) भी जब्त की है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच के आधार पर डीजीपी ने बताया कि आरोपित सीमा पार स्थित तस्करों से जुड़े एक विदेशी हैंडलर के निर्देश पर काम कर रहा था। उसके जिम्मे सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से पहुंचाई गई हेरोइन की खेप प्राप्त कर उसे पंजाब के विभिन्न हिस्सों में आगे सप्लाई करना था। ऑपरेशन के संबंध में उन्होंने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि विदेशी हैंडलर के सहयोगी जिला अमृतसर के अजनाला सीमावर्ती क्षेत्र में पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजी गई हेरोइन की खेप प्राप्त कर उसे ओम शर्मा तक पहुंचाते हैं। इसके बाद ओम शर्मा इस खेप को राज्य के अन्य तस्करों तक पहुंचाने का काम करता था। सूचना के अनुसार, ओम शर्मा हाल ही में हेरोइन की एक बड़ी खेप प्राप्त कर उसे आगे सप्लाई करने के लिए अमृतसर के फतेहगढ़ चूड़ियां रोड स्थित सोहियां कलां क्षेत्र में आने वाला था। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दाना मंडी के पास छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 किलोग्राम हेरोइन बरामद की।

## आईजीएनएफए से 111 भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थी पास आउट, उत्तराखंड को मिले पांच अधिकारी

एजेंसी

**देहरादून** : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के वर्ष 2024-26 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थियों का दीक्षांत समारोह शनिवार को वन अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत-गृह में आयोजित किया गया। समारोह में कुल 111 परिवीक्षार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर पास आउट किया। इनमें 21 महिला प्रशिक्षु और भूटान के दो विदेशी प्रशिक्षु भी शामिल हैं। समारोह में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नवदीक्षित




अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन और सतत विकास के लक्ष्यों को ध्यान में रखकर राष्ट्र सेवा करने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय वन सेवा अधिकारी देश की प्राकृतिक धरोहर की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अधिकारियों से नैतिकता, नेतृत्व क्षमता और आधुनिक तकनीक के समन्वय के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि एक सफल वन अधिकारी के लिए केवल प्रशासनिक दक्षता ही नहीं, बल्कि सेवा भावना और नैतिक मूल्यों का होना भी आवश्यक है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने जीवन में नैतिकता को सर्वोच्च स्थान दिया था। उन्होंने अधिकारियों से चुनौतियों का सामना करते हुए अधिकारों और जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने तथा केवल नेतृत्वकर्ता ही नहीं, बल्कि विचारों के प्रेरणास्रोत बनने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है और वन सेवा को और अधिक सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय वन सेवा के अधिकारी अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए निष्ठा, ईमानदारी और निर्भीकता के साथ राष्ट्र सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि बायोटेक्नोलॉजी, अनुसंधान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और आज डेटा आधारित तकनीकें समय की आवश्यकता बन चुकी हैं। हालांकि, किसी भी तकनीक से अधिक महत्वपूर्ण अधिकारी की निर्णय क्षमता, कार्यकुशलता और प्रदर्शन है।

## संक्षिप्त खबरें

### देश के पूर्वोत्तर व उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में इस हफ्ते भारी वर्षा के आसार




**नई दिल्ली**: देश के पूर्वोत्तर और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के अलग-अलग स्थानों पर इस सप्ताह भारी बारिश होने के आसार हैं। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में रविवार को हल्की बारिश होने का अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में रविवार सुबह से दोपहर के बीच कुछ जगहों पर मध्यम हवाओं के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। रात में भी यही सिलसिला जारी रह सकता है। राजधानी में इस दिन का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 32-34 डिग्री सेल्सियस और 25-27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। तीन एवं चार अगस्त को भी यही स्थिति बनी रहेगी। इस दिन का तापमान भी सामान्य रहने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक उत्तर-पश्चिम भारत के हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी राजस्थान और पंजाब में 2-5 अगस्त के बीच कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। मध्य भारत के पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं 4-7 अगस्त के दौरान भारी बारिश होने की संभावना है। पूर्वी भारत के अंडमान- निकोबार द्वीप समूह, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल , झारखंड, बिहार और ओडिशा में 2-7 अगस्त के दौरान कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 5-7 अगस्त के दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। पश्चिम भारत के कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात क्षेत्र, सौराष्ट्र और कच्छ में अगले 5-6 दिनों के दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश होने का अनुमान है। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के केरल, माहे, तटीय कर्नाटक और दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक में कुछ जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान गुजरात क्षेत्र में कुछ जगहों पर बहुत अधिक भारी बारिश (30 सेमी), मध्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे तथा दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में बहुत अधिक भारी बारिश (21 सेमी) दर्ज, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, तटीय कर्नाटक, मेघालय में बहुत भारी बारिश (12-20 सेमी), उत्तराखंड, पश्चिम मध्य प्रदेश, कोंकण, गोवा, झारखंड, लक्षद्वीप और नगालैंड में भारी बारिश (7-11 सेमी) दर्ज की गई है।

### सीएसएमटी-सावंतवाड़ी रोड के बीच नई दैनिक एक्सप्रेस ट्रेन को मंजूरी

**नई दिल्ली**: भारतीय रेलवे ने महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में रेल संपर्क मजबूत करने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) मुंबई और सावंतवाड़ी रोड के बीच नई दैनिक एक्सप्रेस ट्रेन चलाने को मंजूरी दी है। 510 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर शुरू होने वाली नई सेवा से पर्यटन, शिक्षा, रोजगार, व्यापार और अन्य कार्यों से यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को लाभ मिलेगा। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह ट्रेन 15087 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-सावंतवाड़ी रोड एक्सप्रेस तथा 15088 सावंतवाड़ी रोडझ्छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस के रूप में प्रतिदिन संचालित होगी। नई एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव दादर, ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, माणगांव, वीर, खेड़, चिपलून, सावरदा, अरावली रोड, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अदावली, वलिवडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, नंदगांव रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल और सावंतवाड़ी रोड स्टेशनों पर होगा। इससे मुंबई महानगर क्षेत्र का कोंकण के प्रमुख शहरों और जिलों से सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा। मंत्रालय ने कहा कि नई ट्रेन सेवा से दक्षिण कोंकण के समुद्र तटों, किलों, मंदिरों और ईको-टूरिज्म स्थलों तक पहुंच आसान होगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों, छोटे कारोबारियों और स्थानीय लोगों को भी यात्रा का एक अतिरिक्त एवं सुविधाजनक विकल्प मिलेगा। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह सेवा कोंकण क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देने, यात्रियों की आवाजाही को आसान बनाने और इस मार्ग पर बढ़ती रेल यात्रा की मांग को पूरा करने में मदद करेगी। भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा बढ़ाने, क्षेत्रीय रेल संपर्क का विस्तार करने और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए लगातार नए कदम उठा रहा है।

### युवाओं से माफी मांगने की बजाय खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश कर रहे हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस



**नई दिल्ली**: कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस मामले में देश से माफी मांगने की बजाय खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अपने विरोधियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों पर अमर्यादित टिप्पणी करते हैं और झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को एनटीए में हुए पेपर लीक, छात्रों के विरोध प्रदर्शनों पर हुई कार्रवाई, राममंदिर ट्रस्ट से जुड़े विवाद और नोटबंदी जैसे फैसलों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

### यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल टेक्नोलॉजी देने पर ट्रंप का इनकार

**वॉशिंगटन**: अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका ने यूक्रेन को अत्याधुनिक पैट्रियट मिसाइल टेक्नोलॉजी देने या उसके निर्माण का लाइसेंस देने पर कोई अंतिम सहमति नहीं दी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की संवेदनशील सैन्य तकनीक का हस्तांतरण ॠशायद कभी नहीं होगा। तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू के मुताबिक मैरीलैंड स्थित कैंप डेविड में कैबिनेट बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप से पूछा गया कि क्या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को पैट्रियट मिसाइल निर्माण का लाइसेंस मिलने से पहले कोई अतिरिक्त शर्तें पूरी करनी होंगी। इस पर ट्रंप ने कहा, ॠये हथियार बेहद उन्नत हैं। हमें इस बात को लेकर बहुत सावधान रहना होगा कि इन्हें कोई और न बनाए। हमने अभी तक इसकी मंजूरी नहीं दी है। इस पर बातचीत चल रही है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि ऐसी टेक्नोलॉजी दी जाएगी। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कभी होगा। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में जेलेंस्की ने वॉशिंगटन डीसी में ट्रंप से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि ट्रंप यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के निर्माण का लाइसेंस देने पर सहमत हो गए हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902